
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश



### मौनी अमावस्या पर प्रयागराज के संगम तट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# करीब 4 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज में श्रद्धालु स्नान करते हुए

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में संगम तट पर मौनी अमावस्या के मौके पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। मेला प्रशासन के अनुसार शाम चार बजे तक तीन करोड़ 82 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके थे। रात 12 बजे के बाद से स्नान शुरू हो गया था। संगम के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं को स्नान करने की व्यवस्था की गई थी। गृह सचिव मोहित गुप्ता मेले की निगरानी की। स्नान करने वालों का आकड़ा पांच करोड़ के पार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौनी अमावस्या के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए नई ऊर्जा, उत्साह और संकल्प की कामना की। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालु आधी रात से ही घने कोहरे के बावजूद गंगा और संगम घाटों पर आने लगे थे, और सुबह के शुरुआती ▶▶ शेष पेज 6 पर

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से पैदल जाने का कहा था

## साधुओं से धक्का-मुक्की पालकी खींच ले गए, कैंप में धरने पर बैठे शंकराचार्य



### पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी पुलिस ने रोक दी। पुलिस ने उनसे पैदल संगम जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्य नहीं माने और पालकी लेकर आगे बढ़ने लगे। इस पर शिष्यों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि पुलिस ने एक साधु को चौकी में पीटा। इससे शंकराचार्य ▶▶ शेष पेज 6 पर


MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### जीडीपी दर 7 फीसदी रहने का अनुमान



**नई दिल्ली।** दुनिया में चल रही उथल-पुथल और बाजार की अनिश्चितताओं के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी चमक बिखेर रही है। रेटिंग एजेंसी केयरएज की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी 7% की शानदार दर से बढ़ सकती है। केयरएज रेटिंग्स के चीफ रेटिंग ऑफिसर, सचिन गुप्ता ने बताया, भारत की घरेलू बुनियाद काफी मजबूत है। बैंकिंग सेक्टर पिछले एक दशक में अपने सबसे शानदार दौर में है।

#### भाजपा के नए अध्यक्ष के लिए नामांकन आज



**नई दिल्ली।** सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए लगभग सभी मुख्यमंत्री, राज्य इकाई प्रमुख और अन्य वरिष्ठ नेता पार्टी मुख्यालय में जुटेंगे, जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को पार्टी का 12वां राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन प्राप्त है। सोमवार को नामांकन दाखिल किए जाएंगे।

### मप्र में नए साल में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी: विदेश दौरे से पहले सीएम ने तबादलों पर लगाई मुहर

## 26 आईएएस अफसरों के तबादले, 7 को अतिरिक्त प्रभार दिया

# दिलीप यादव एमडी पर्यटन विकास निगम शिवशेखर शुक्ला एसीएस गृह बनाए गए

*जिन अफसरों के तबादले किए गए हैं, इसमें प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव, सचिव और उपसचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। 16 दिन पहले तक दिलीप यादव इंदौर नगर निगम आयुक्त थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने विदेश दौरे से पहले 26 आईएएस अफसरों के तबादले पर मुहर लगा दी। इसके तत्काल बाद जीएडी कार्मिक ने तबादले की सूची जारी कर दी। वे मंगलवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी के तत्काल बाद दावोस के लिए रवाना हो जाएंगे। तबादले में अतिरिक्त मुख्य सचिव से लेकर प्रमुख सचिव और सचिव स्तर तक के अधिकारी शामिल है। इस सूची को लेकर पिछले कुछ दिनों से प्रशासिनक हलके में कयास लगाए जा रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अभी फिलहाल दिल्ली में मौजूद है। जीएडी कार्मिक से जारी सूची के अनुसार अपर मुख्य सचिव (एसीएस) शिवशेखर शुक्ला का भार कुछ कम किया गया है। उनसे पर्यटन विभाग की जवाबदारी वापस लेकर इलैया राजा टी को पूरी तरह से सौंप दिया गया। शुक्ला के पास गृह विभाग के साथ ही ▶▶ शेष पेज 6 पर

### उमराव से खनिज विभाग वापस लिया उनके पास पशुपालन विभाग रहेगा



दिलीप यादव



शिवशेखर शुक्ला



इलैया राजा टी



तरुण राठी

### आलोक कुमार सिंह हुए और पॉवरफुल

मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव आलोक कुमार सिंह को अब सचिव मुख्यमंत्री के साथ ही सचिव खनिज साधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। अनय द्विवेदी को इंदौर में आयुक्त वाणिज्यिक कर बनाया गया है। वे अभी तक जबलपुर में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में पदस्थ थे। पिछड़ा ▶▶ शेष पेज 6 पर

***शोभित जैन को प्रमुख सचिव आयुष विभाग और राजेश ओगरे को लंबे समय बाद फिर से मंत्रालय में पोस्टिंग मिली***

### मुख्यमंत्री ने किया वरिष्ठ सचिवों पर विश्वास

अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिवों के अतिरिक्त प्रभार को देखते हुए और इस स्तर के अधिकारियों की कमी के के कारण मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ सचिवों पर विश्वास किया है। प्रमुख सचिव से नीचे स्तर के कई सचिवों को पहली बार मिला स्वतंत्र रूप से विभागों का प्रभार दिया गया है। इसमें प्रमुख सचिव शोभित जैन सहित सचिव स्वतंत्र कुमार, इलैया राजा, जॉन किंग्सले, आलोक सिंह ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### शोभित जैन मंत्रालय पहुंचे

लंबे समय से मंत्रालय से वनवास काट रहे प्रमुख सचिव शोभित जैन की फिर से वापसी हो गई है। जैन को दुग्ध संघ में एमडी रहने के दौरान हुए विवाद के चलते मंत्रालय में पदस्थ नहीं किया गया था। वे सालों तक फील्ड में ही अलग-अलग ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### तरुण को स्वास्थ्य से हटाया, धनराजू को प्रभार

राज्य शासन ने स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी को हटा दिया। उनकी जगह पर धनराज राजू एस को स्वास्थ्य आयुक्त बनाया गया है। इसके साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग के उप सचिव मलिका निगम नागर को भी बदल दिया गया है। श्रीमती नागर को राजस्व विभाग में उप सचिव बनाया गया है। आईएएस श्रीमन शुक्ला को सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा सदस्य सचिव राज्य खाद्य आयुक्त आयोग तथा रजिस्ट्रार उपभोक्ता विवाद ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जबलपुर-बरेला मार्ग पर दिल दहला देने वाली घटना

**जबलपुर में हिट एंड रनः** रविवार दोपहर 2 बजे तेज रफ्तार कार का कहर, ड्राइवर कार लेकर भागा

## सड़क किनारे खाना खा रहे मजदूरों को कार ने रौंदा, 5 की मौत, 10 लोग घायल



दुर्घटना के बाद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया

> जबलपुर–बरेला मार्ग पर दिल दहला देने वाली दुर्घटना, पहले दो फिर देर रात तीन और महिलाओं ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर-बरेला मार्ग पर रविवार दोपहर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। सड़क किनारे भोजनावकाश के दौरान बैठे मजदूरों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया था। हादसे में पहले दो महिला श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन अन्य महिलाओं ने देर रात नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना में अब भी 10 श्रमिक ▶▶ शेष पेज 6 पर



घायलों को उपचार के लिए ले जाते हुए

#### राहगीरों ने दिखाई मानवता

दुर्घटना के बाद राहगीर और स्थानीय लोग तुरंत घायलों की मदद के लिए दौड़े। कुछ देर में घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे जबलपुर-बरेला-मंडला मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दमोह के क्रिकेट मैदान में सात फेरे

## क्रिकेट टूर्नामेंट में दो बेटियों की शादी, साक्षी बने दर्शक



बेटी के जन्म पर हर साल एक बच्ची की शादी का संकल्प

**दमोह।** जिले की हटा विधानसभा के कुम्हारी में रविवार को 'विवाह कप' क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के दौरान दो बेटियों का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अनोखी पहल के आयोजक रवि चौहान हैं। इसमें पूर्व वित्त मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया के साथ हटा विधायक उमा देवी खटीक भी शामिल हुईं। हजारों की संख्या में दर्शक क्रिकेट मैच का आनंद लेने के साथ-साथ विवाह की रस्मों के साक्षी बने। कुम्हारी निवासी रवि ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दूसरी मंजिल से गिरा नहीं फेंका गया था जतिन

## मासूम बेटे की बलि देने वाली 'जालिम मां' को उम्रकैद हुई



ज्योति राठौर

प्रेम संबंध उजागर होने के डर से फेंका था छत से

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पांच साल के बच्चे की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायालय ने मां ज्योति राठौर को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। प्रेम संबंध उजागर होने के डर से बच्चे को छत से फेंका गया। सबूतों के अभाव में प्रेमी को दोषमुक्त किया गया। बच्चे ने अपनी मां को प्रेमी के साथ देख लिया था। पुलिस ने इस घटना का खुलासा महज 15 दिन में कर दिया। शुरुआती जांच में यह मामला सामान्य दुर्घटना लग रही थी। घटना ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अंबाह में रात किन्नर के घर डकैती

## 8 हथियारबंद बदमाश बंधक बनाकर ले गए लाखों का सोना व नकदी



15 तोला सोने के जेवर, 5 किलो चांदी के जेवर और 3 लाख रुपए नकद लूटे

**मुरैना।** अंबाह में रहने वाली किन्नर राबिया के घर पर शनिवार रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच 8 हथियारबंद बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया। राबिया और उसके दो साथी किन्नर घर पर मौजूद थे। बदमाशों ने छत के रास्ते घर में घुसकर पहले किन्नरों को हथियार के बल पर डराकर बांध दिया। इसके बाद फनर से घर के सभी ताले काट दिए और जेवरात और नकदी लूट कर ले गए। इस दौरान उन्होंने किन्नरों के शरीर की तलाशी भी ली ▶▶ शेष पेज 6 पर


### सोहागपुर में रात को सड़क हादसा

## खड़ी ट्रॉली से टकराई ई-स्कूटर तीन किशोरों की गई जान

> तीनों रात को कोचिंग से पढ़कर घर लौट रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम/सोहागपुर

सोहागपुर के समीप पिपरिया रोड पर शनिवार रात सड़क दुर्घटना में तीन किशोर बालकों की मृत्यु हो गई। अंधेरे में खड़ी धान भरी ट्रॉली से ई-स्कूटर के टकराने से घटना हुई है। तीनों मृत बालकों की उम्र 15 वर्ष के लगभग बताई गई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का



माहौल है। सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्घटना शनिवार रात लगभग 8:30 बजे की है। जब सोहागपुर से अपने ग्राम आमदेही ▶▶ शेष पेज 6 पर

### फ्लाइट की लखनऊ में करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

### इंडिगो फ्लाइट में मौत के मुंह से बचे 238 यात्री

## फ्लाइट में बम है- टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर आतंकी मैसेज?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार सुबह इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट 6ई-6650 दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही थी। विमान में 238 यात्री सवार। बताया जा रहा है कि विमान के टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर फ्लाइट में बम है हाथ से लिखा मैसेज मिला। अभी तक जांच में कोई बम या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन





सुरक्षा एजेंसियां गहन तलाशी ले रही हैं। फ्लाइट दिल्ली से उड़ान भर चुकी थी और बीच रास्ते में थी। विमान को आइसोलेशन बे (अलग क्षेत्र) में खड़ा किया गया। सीआईएसएफ, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा टीमों ने विमान को घेर लिया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, उनकी जांच की गई और सामान की तलाशी ली गई। एसीपी रजनीश वर्मा (लखनऊ पुलिस) ने कन्फर्म किया कि धमकी फ्लाइट के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर (टिश्यू नैपकिन) पर हाथ से लिखे नोट के रूप में मिली। एक यात्री ने इसे देखा और क्रू मेंबर को सूचित किया, जिसके बाद पायलट ने एक्शन लिया। फिलहाल सबूत होक्स की ओर इशारा कर रहे हैं - टिश्यू पेपर पर लिखा मैसेज आमतौर पर प्रैंक या गलतफहमी का मामला होता है।

### भोपाल के भेल दशहरा मैदान में ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा का महासम्मेलन

### कथावाचकों के बयानों का जिक्र किया

## पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने 'अभद्रता' की सारी हदें पार कर दी कहा: कथावाचकों को जूते की माला पहनाकर नंगा घुमाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के महासम्मेलन में छतरपुर के चंदला से पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने कथावाचकों पर विवादित बयान दिया है।

प्रजापति ने कहा कि मैं चाहता हूं कि हमको फांसी दी जाए, संतोष वर्मा को आईएएस पद से हटा दिया जाए, लेकिन पहले उनको (कथावाचकों को) जूतों की माला पहनाकर नंगा घुमाया जाए, जो व्यास पीठ से ऐसा बोलते हैं। आरडी प्रजापति ने 2013 का विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर जीता था। 2018 में पार्टी ने उनका टिकट काटकर उनके बेटे राजेश प्रजापति को दे दिया। राजेश प्रजापति 2018 से ▶▶ शेष पेज 6 पर

> कुछ कथावाचक और धर्मगुरु लोगों की भीड़ जुटाकर महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती



आरडी प्रजापति

### पूर्व विधायक बोले

#### कथावाचक लगातार महिलाओं का अपमान कर रहे हैं

संयुक्त मोर्चा के महासम्मेलन में प्रजापति ने मंच से कहा कि देश में कुछ कथावाचक और धर्मगुरु लोगों की भीड़ जुटाकर महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री और अनिरुद्धाचार्य का नाम लेते हुए कहा कि महिलाओं को 'खाली प्लॉट' जैसी उपमाओं से जोड़ना या 20-25 साल की लड़कियों को लेकर अभद्र टिप्पणियां करना किसी भी धर्म या शास्त्र में स्वीकार्य नहीं हो सकता। यदि कोई महिला विधवा हो जाए तो क्या उसका सिंदूर और ▶▶ शेष पेज 6 पर

# श्री सुरेन्द्र पटवा जी के जन्मदिन पर विषेश

संलग्न-ऋषभ जैन



























# ब्लड प्रेशर के 'इंडियन पैरामीटर्स': बीपी की नॉर्मल रेंज 80/120 नहीं, अब होगी 100/140

## जांच के पैरामीटर्स में होगा बदलाव, आईसीएमआर के साथ मिलकर एम्स भोपाल कर रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शरीर में खून की मात्रा जांचने के लिए हीमोग्लोबिन टेस्ट किया जाता है। 13 से 16 प्वॉइंट को स्वस्थ की श्रेणी माना जाता है। इसी तरह ब्लड प्रेशर के लिए भी 80/120 स्टेंडर्ड मानक तय हैं। लेकिन अब यह पैरामीटर्स बदल सकते हैं। हो सकता है कि 10 से कम हीमोग्लोबिन भी स्वस्थ माना जाए या बीपी के लिए 100/140 भी नॉमर्ल रेंज हो जाए। एम्स भोपाल आईसीएमआर के साथ मिलकर सेहत की जांच के लिए इंडियन पैरामीटर्स तैयार कर रहा है। खासकर बच्चों के ब्लड टेस्ट के पैरामीटर्स को नए सिरे से तैयार किया जाएगा।

दरअसल, वर्तमान में ब्लड टेस्ट की नॉर्मल रेंज स्टेंडर्ड पैरामीटर्स पर तैयार किए हैं, जो विदेशी परिस्थितियों के आधार पर तैयार किए गए हैं। भारत की परिस्थितियां विदेशों से बहुत अलग है, ऐसे में कई बार नॉमर्ल रेंज होने के बावजूद भी मरीज को परेशानी बनी रहती है। ऐसे में आईसीएमआर हेल्थ के इंडियन पैरामीटर्स तय कर रहा है।

*अभी विदेशी परिस्थितियों के आधार पर है नॉर्मल रेंज स्टेंडर्ड पैरामीटर्स*

*करीब एक हजार बच्चों की जांच की जाएगी देश भर में पांच जोन तैयार किए गए*

### रिपोर्ट आने के बाद तैयार किए जाएंगे नए पैरामीटर्स



*इस प्रोग्राम इंचार्ज डॉ. वैशाली वॉल्के ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए देश भर में पांच जोन तैयार किए गए है। सेंट्रल जोन में एम्स भोपाल काम कर रहा है। इसके लिए करीब एक हजार बच्चों की जांच की जाएगी। इसमें स्वस्थ्य बच्चों के साथ वो बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें कोई परेशानी है। इसके पूरे देश में 10 सेंटर तैयार किए गए हैं। पूरे देश से रिपोर्ट आने के बाद ही नए पैरामीटर्स तैयार किए जाएंगे।*

### कम्पलीट ब्लड पिक्चर, एलएफटी, टीएफटी टेस्ट शामिल

इस प्रोजेक्ट में बच्चों के पैथोलॉजिकल टेस्ट जैसे कम्पलीट ब्लड पिक्चर (सीबीसी), लिपिड प्रोफाइल, ईएसआर के अलावा एलएफटी, टीएफटी जैसे बायोकेमेस्ट्री टेस्ट किए जाएंगे। इसमें अलग अलग उम्र के बच्चों के ग्रुप के साथ शहरी और ग्रामीण दोनों परिवेश के बच्चे होंगे।

## पिता के नेत्रदान और देहदान से नांबियार परिवार ने पेश की मानवता की मिसाल

*दृष्टिबाधित व्यक्तियों को दृष्टि, चिकित्सा शिक्षा में मिलेगा लाभ*



रमेश एवं राजेश नांबियार पिता की देहदान प्रक्रिया करते हुए।

एम्स भोपाल के कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के अंतर्गत भोपाल निवासी 89 वर्षीय दिवंगत पीकेएम नांबियार का नेत्रदान एवं देहदान किया गया। यह पुण्य कार्य उनके पुत्र रमेश नांबियार एवं राजेश नांबियार द्वारा सम्पन्न कराया गया। एम्स भोपाल की नेत्र बैंक एवं नेत्र विज्ञान विभाग की टीम ने संपूर्ण प्रक्रिया का समन्वय किया। इस नेत्रदान से दृष्टिबाधित व्यक्तियों को दृष्टि मिलेगी तथा देहदान से चिकित्सा शिक्षा एवं वैज्ञानिक अनुसंधान को सहायता मिलेगी। इस अवसर पर एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. माधवानन्द कर ने दाता परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेत्रदान एवं देहदान जैसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## खबर संक्षेप

### नौ माह में टिकट चेकिंग में 101.16 करोड़ वसूले

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में भोपाल मंडल सहित तीनों मंडलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में पमरे में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसंबर 2025 तक कुल 14 लाख 65 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 101 करोड़ 16 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है, जो इसी अवधि में पिछले वर्ष वसूले गए जुर्माने (कुल 87 करोड़ 36 लाख रुपए) की तुलना में 15.80 प्रतिशत अधिक है।

### निगम अमले ने शहर में लिए पानी के 241 सैंपल

**भोपाल।** रविवार को नगर निगम अमले ने झुग्गी बस्तियों सहित शहर के 241 स्थानों से जल के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे। इन नमूनों में गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबिडिटी और बैक्टीरिया की जांच की जा रही है। निगम अमले ने 23 स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज सुधारने की कार्रवाई की। 53 स्थानों पर सीवेज चेंबरों की सफाई कराई। सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त 5 शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस दौरान जल कार्य विभाग के अमले ने बीडीए कॉलोनी, टीला जमालपुरा स्थित उच्च स्तरीय पानी की टंकी की सफाई भी कराई, जिससे जल आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 1866 स्थानों सहित पूरे शहर से 4887 जल नमूनों की जांच कराई जा चुकी है।

## राजधानी के तीन प्रमुख स्थानों में एक्यूआई वेरी पुअर कैटेगरी में दर्ज

# पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में हवा सबसे प्रदूषित, एयर क्वालिटी इंडेक्स 221 पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की हवा अब भी कई स्थानों पर ज्यादा ही खराब है। रविवार को सबसे जहरीली हवा पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में रही है। यहां सबसे खराब एक्यूआई 221 पर दर्ज हुआ, जो पुअर कैटेगरी का है। हवाओं में धूल, धुएं और प्रदूषण को देखते हुए रविवार को सैलानी जंगली इलाकों की ओर बढ़ गए। शहर के पिकनिक स्पॉट्स पर भीड़ भी अधिक रही। इसमें सबसे अधिक सैलानी बोट क्लब पर पहुंचे। देर शाम तक शाहपुरा, बोट क्लब, मनुआभान के अलावा केरवा, कलियासोत के जंगल भी दोपहर बाद तक गुलजार रहे। सैलानियों का कहना है कि शहर में पॉल्यूशन होने से जंगल और शहर के बाहर की हवा ज्यादा मुफीद लगती है। इस लिए पिकनिक के लिहाज से केरवा-कलियासोत तक पहुंचते हैं। यहां शाम से पहले की लौटना पड़ता है, इसलिए यहां बोट क्लब या दूसरे स्पॉट्स पर भी घूमना हो जाता है।

*ताजी हवा के लिए जंगलों का रुख कर रहे सैलानी*

*टीटी नगर में एक्यूआई 126 मॉडरेट लेबल पर रहा*



फाइल फोटो।

### छुट्टी के दिन भी हवा प्रदूषित

रविवार को अपेक्षाकृत वाहनों की कम आवाजाही के बावजूद मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल के ऑनलाइन एक्यूआई मॉनीटरिंग आंकड़ों के अनुसार पर्यावरण परिसर में एक्यूआई 221 और पीएम 10 की मात्रा 205 तक रही। यह पुअर लेबल पर रहा है। टीटी नगर में एक्यूआई 126 जो मॉडरेट लेबल पर है। यहां पीएम 10 की मात्रा 136 रही, जबकि कलेक्टोरेट इलाके में एक्यूआई 102 रहा, जो मॉडरेट स्तर का है। यहां हवा में पीएम 10 का हिस्सा 102 मिलीग्राम प्रति मीटर क्यूब रहा है। यहां भी मॉडरेट लेबल की प्रदूषित हवा दर्ज हुई है।

## बादलों का असरः 5 डिग्री तक गिरा दिन का पारा, रात में इतनी ही बढ़त

राजधानी सहित पश्चिमी मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में रविवार को दिन में बादलों का असर रहा। इससे दिन के तापमान में 5 डिग्री तक कमी आई, जबकि रात का पारा 4 डिग्री तक बढ़ गया। वहीं, पूर्वी मप्र में बादलों का असर कम रहने से दिन और रात के तापमान में बढ़त रही। पूरे प्रदेश में अभी दिन और रात का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री तक अधिक बना हुआ है। दिन का औसत पारा 27 और रात का 10 डिग्री तक रहा है। भोपाल में दिनभर में बादल छाए रहे। इससे दिन का तापमान 27 डिग्री पर थमा रहा, जबकि रात के तापमान में 3.6 डिग्री की बढ़त के साथ पारा 11 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार, सोमवार और मंगलवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार, अभी प्रदेश में हवाएं बदल रही हैं। राजस्थान पर इन्ड्यूस्ड सिस्टम के असर से प्रदेश में बादल छाए हैं। तापमान में भी बदलाव हो रहा है, जो दो दिन जारी रहेगा। रविवार को शहडोल और कटनी जिलों में शीतलहर का असर रहा।



### इन्ड्यूस्ड सिस्टम से बादल छाए, तापमान में घट-बढ़

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी दक्षिण पश्चिमी राजस्थान और आसपास के एक इन्ड्यूस्ड साइक्लोनिक सकुर्लेशन है, जो अब मध्य राजस्थान तक सक्रिय हो गया है। एक ऊपरी हवा का चक्रवात उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास सक्रिय है। इससे प्रदेश में हल्के बादल छाए हैं। हवाएं भी बदल रही हैं, जिससे तापमान में घट-बढ़ जारी है। यह क्रम दो दिन और रह सकता है।

### आज अनूपपुर, शहडोल, कटनी में शीतलहर और मध्यम कोहरा

अनूपपुर, शहडोल, कटनी में शीतलहर रहेगी। वहीं, ग्वालियर, दतिया, भिंड, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कुछ जगह मध्यम से हल्का कोहरा रहेगा।

### अगले सप्ताह बढ़ेगी सर्दी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार, अभी राजस्थान पर इन्ड्यूस्ड सिस्टम के साथ ही 19 और 21 जनवरी को लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ आने से हवाएं फिर बदलकर उत्तरी होंगी। इससे अगले सप्ताह एक बार फिर सर्दी में तेजी से बढ़त होगी। इस बीच प्रदेश में कुछ जगह बादल और बारिश भी हो सकती है।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए तैयार विमानतल

# राजा भोज एयरपोर्ट पर पहुंची दुबई की इंटरनेशनल फ्लाइट



दुबई से भोपाल आई नॉन शेड्यूल इंटरनेशनल फ्लाइट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भोपाल का राजा भोज एयरपोर्ट इंटरनेशनल उड़ानों के लिए तैयार हो गया है, जिसके चलते है आए दिन यहां पर नॉन शेड्यूल इंटरनेशनल उड़ानें आ रही है।

रविवार को भी दुबई की एक नॉन शेड्यूल फ्लाइट ने राजा भोज एयरपोर्ट से आवाजाही की। भोपाल एयरपोर्ट से दुबई के लिए एक नॉन-शेड्यूल्ड इंटरनेशनल फ्लाइट चली। एएआई ने कस्टम और इमिग्रेशन सर्विस को आसानी से चलाया, जिससे पता चलता है कि भोपाल एयरपोर्ट शेड्यूल्ड इंटरनेशनल ऑपरेशन के लिए पूरी तरह तैयार है। मालूम हो कि इसके पूर्व भी एयरपोर्ट पर नॉनशेड्यूल इंटरनेशनल उड़ानें आ चुकी है।

## विवि के कुलसचिव ने जारी किया आदेश

# बीयू के कई विभागों से नस्तियां गायब कुलसचिव करा सकते हैं एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। बताया गया है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न कक्षों और विभागों में कुछ नस्तियां कुलसचिव कार्यालय तक नहीं पहुंची हैं। इनमें से अधिकांश नस्तियां पुरानी बताई गई हैं।

नस्तियों के कुलसचिव कार्यालय तक नहीं पहुंचने पर अब विवि के कुलसिचव इन नस्तियों को ढूंढने के लिए एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। बीयू के कुलसचिव डॉ. एसबी सिंह ने 17 जनवरी को इस आशय का आदेश भी जारी कर विवि के सभी विभागाध्यक्षों और कक्ष अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अगले 03 कार्य दिवसों में संलग्न प्रारूप के अनुसार नस्तियों की जानकारी कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएं, ताकि नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई अथवा प्राथमिकी (एफआईआर) कराई जा सके।

आदेश में कहा गया है कि तय समयसीमा में जानकारी प्रदान न करने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क के दोनों तरफ जमे 500 से ज्यादा फुटपाथ दुकानदारों और ठेले वालों को हटाया, 8 घंटे चली अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई

# भोपाल टॉकीज से सिंधी कॉलोनी चौराहे तक लगने वाला संडे बाजार हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने रविवार को भोपाल टॉकीज से सिंधी कॉलोनी तक अतिक्रमण को आठ घंटे चली कार्रवाई के दौरान साफ कर दिया। भोपाल टॉकीज से सिंधी कॉलोनी चौराहे तक लगने वाला साप्ताहिक बाजार रविवार को नहीं लगा। सुबह 9 बजे से शुरु हुई कार्रवाई शाम पांच बजे तक चली।

बता दें कि दो दिन पहले शहर में बढ़ते अतिक्रमण और अवैध निर्माणों पर सांसद आलोक शर्मा की नाराजगी झेलने से बाद नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया है। शनिवार को न्यू मार्केट व आसपास अतिक्रमण विरोधी बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 ट्रक सामान जब्त किया गया था। रविवार को चार ट्रक सामान जब्त किया गया।

*अतिक्रमण पर सांसद आलोक शर्मा ने जताई थी नाराजगी*

*नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन शुरू किया*

*नगर निगम के अमले ने 4 ट्रक सामान किया जब्त*



अतिक्रमण हटाता नगर निगम का अमला।

### 8 घंटे चली कार्रवाई

सुबह ही निगम का अमला भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गया था। सबसे पहले निगम ने एनाउंसमेंट करा दुकानदारों को अपना सामान खुद हटाने को कहा। लेकिन जब वह नहीं हटे तो निगम अमले ने कार्रवाई शुरू की। सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक कार्रवाई कर निगम ने सड़क के दोनों तरफ जमें 500 से ज्यादा फुटपाथ दुकानदारों और ठेले वालों को हटाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि पुराने शहर के इलाकों जैसे चौक बाजार, इतवारा, बुधवारा और आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। इसके लिए पहले ही संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर लिया गया है।



अतिक्रमण हटाने के बाद चौड़ी सड़क का दृश्य।

### सड़क से अतिक्रमण हटाया है

भोपाल टॉकीज से सिंधी कॉलोनी तक सड़क पर लगी फुटपाथी दुकानों सहित अन्य अतिक्रमण को हटाया गया है। सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक कार्रवाई की गई। इस दौरान चार ट्रक सामान जब्त किया गया।

**महेश गौहर, अतिक्रमण प्रभारी, नगर निगम**

श्रद्धालु माता महाकाली और महालक्ष्मी की करेंगे उपासना

# गुप्त नवरात्र आज से: सिद्ध योग सहित नौ दिन ही रहेंगे विशेष संयोग समापन तिथि 27 जनवरी को भी रहेगा सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माघ माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि सोमवार से गुप्त नवरात्र शुरू हो रहे हैं। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि गुप्त नवरात्रि की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में होगी। वहीं समापन तिथि 27 जनवरी को भी सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग रहेगा। इन नौ दिनों में शुभ और मांगलिक कार्य किए जा सकेंगे, जो अब तक शुक्र अस्त होने के कारण रुके हुए थे। इन दिनों किए गए कार्य फलदायी रहेंगे। घटस्थापना का शुभ समय सुबह 7:14 से 10:46 बजे तक रहेगा। वहीं अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:11 से 12:53 बजे तक रहेगा।


फाइल फोटो।

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि गुप्त नवरात्रि मुख्य रूप से यह देवी मां शक्ति को प्रसन्न करने के लिए मनाया जाता है, यदि आपकी कुछ समस्याएं हैं, तो आप किसी विशेष समस्या के लिए विशेष मंत्रों का जप करके उन समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। वर्ष में चार बार नवरात्रि आती हैं। जिस प्रकार नवरात्रि में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है, ठीक उसी प्रकार गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की साधना की जाती है। गुप्त नवरात्रि के दौरान साधक मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी माता, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, मां बगलामुखी, मां मातंगी और मां कमला देवी की पूजा करते हैं। गुप्त नवरात्रि विशेषकर तांत्रिक क्रियाएं, शक्ति साधना, महाकाल आदि से जुड़े लोगों के लिए विशेष महत्व रखती है। इस दौरान देवी भगवती के साधक बेहद कड़े नियम के साथ व्रत और साधना करते हैं। इस दौरान लोग लंबी साधना कर दुर्लभ शक्तियों की प्राप्ति करने का प्रयास करते हैं।

### ऐसे करें पूजा-आराधना

पंडित श्री दुबे ने बताया कि लकड़ी की चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर चावलों का अष्ट कमल बनाए। उस पर श्रीफल रखें। अपनी इष्ट के अनुसार देवी माता की प्रतिमा या चित्र विराजमान करें। देवी माता का सोलह प्रकार के उपचारों से पूजन करके माता के नाम की ज्योत जलाए। इसके बाद आरती एवं पुष्पांजलि समर्पित करें तथा 'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते...' मंत्र का उच्चारण करें।

### नवरात्रि में ग्रह-नक्षत्रों का विशेष संयोग

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि 19 जनवरी को प्रतिपदा तिथि पर उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वज्र योग और मकर राशि में चंद्रमा की साक्षी में गुप्त नवरात्रि का आरंभ होगा। मध्याह्न काल में सर्वार्थसिद्धि योग बनने से साधना, आराधना और शुभ कार्यों की शुरूआत अत्यंत फलदायी मानी गई है। इस बार नवरात्रि में दो सर्वार्थसिद्धि योग और चार रवि योग का संयोग बन रहा है, जो साधकों के लिए विशेष शुभ है।

**ब्रह्म मुहूर्त सुबह 05 बजकर 27 मिनट से होगा शुरू**

- सूर्योदय - सुबह 07 बजकर 14 मिनट पर
- सूर्यास्त - शाम 05 बजकर 49 मिनट पर
- चन्द्रोदय- सुबह 07 बजकर 40 मिनट पर
- चंद्रास्त- शाम 06 बजकर 20 मिनट पर
- **ब्रह्म मुहूर्त** - सुबह 05 बजकर 27 मिनट से 06 बजकर 21 मिनट तक
- **विजय मुहूर्त** - दोपहर 02 बजकर 18 मिनट से 03 बजे तक
- **गोधूलि मुहूर्त** - शाम 05 बजकर 47 मिनट से 06 बजकर 14 मिनट तक
- **निशिता मुहूर्त** - रात्रि 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 59 मिनट तक।

## खबर संक्षेप

### बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित हुए डॉ. रोहित



**भोपाल।** 43वें इंडियन डेंटल संगठन प्रदेश डेंटल कांफ्रेस 2026 आयोजित की गई। तीन दिवसीय कांफ्रेंस में आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दंत रोग के उपचार पर चर्चा कर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट और सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड 2025 से डॉ. रोहित श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। इसके अलावा भोपाल ब्रांच को डॉ. राजेश धीरवानी बेस्ट साइंटिफिक एक्टिविटी अवार्ड 2025 एवं आईडीए एमपी स्टेट ओरल हाइजीन डे एक्टिविटी अवार्ड 2025 से नवाजा गया। कांफ्रेंस में डॉ सुब्रा नेंडी, डॉ अशोक डोबले, डॉ पल्लव पाटनी, डॉ राजीव श्रीवास्तव, डॉ सुमित जैन, डॉ आदित्य मंगल, डॉ दीपक माकेजानी, डॉ सुरेंद्र अग्रवाल, डॉ मनीष वर्मा शामिल हुए।

### निषादवंशीय समाज की पत्रिका का होगा प्रकाशन

**भोपाल।** निषादवंशीय माझी, कीर, कहार, केवट, ढीमर, भोई, मल्लाह, मझवार, रायकवार, बाथम जन कल्याण समिति भोपाल (रजि.) द्वारा समाज के विवाह योग्य युवक-युवती की बहुरंगी वैवाहिक पत्रिका 2026 का प्रकाशन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि इसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पंजीकृत 450 विवाह योग्य युवाओं की जानकारी का समावेश किया गया है। सभी पंजीकृत युवाओं को पत्रिका निःशुल्क वितरित की जावेगी। इसका वितरण कार्य 1 फरवरी से शुरू किया जाएगा।

### प्रियांशी को स्कॉलरशिप का दिया चेक




**भोपाल।** नववर्ष के आगमन के साथ ही बिसारिया फाउंडेशन के द्वारा चित्रगुप्त समाज भोपाल के माध्यम से समाज की जरुरतमंद प्रतिभावान कन्या प्रियांशी श्रीवास्तव पुत्री दीपक श्रीवास्तव को उनकी आगे की शिक्षा (बीसीए) निरंतर जारी रखने हेतु सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय को वार्षिक शिक्षण शुल्क (स्कालरशिप) का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर चित्रगुप्त समाज के राजेश नारायण श्रीवास्तव ने बिसारिया फाउंडेशन के संस्थापक स्व. डॉ. आरके बिसारिया का स्मरण करते हुए फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. रीना कानूनगो द्वारा चेक, प्रमाण पत्र एवं चित्रगुप्त समाज भोपाल द्वारा दिया गया प्रशस्ति पत्र प्रियांशी श्रीवास्तव को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ प्रदान किया।

गुफा मंदिर, झरनेश्वर मंदिर, लक्ष्मीनारायण समेत सभी मंदिरों पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# मौनी अमावस्या पर भक्तों ने किया स्नान-दान मौन की साधना, मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार को सुबह शहर के शीतलदास की बगिया, खटलापुरा और काली मंदिर आदि घाटों पर भी श्रद्धालुओं का स्नान के लिए पहुंचे। इसके अलावा बड़ी संख्या में राजधानीवासी नर्मदा नदी में स्नान करने नर्मदापुरम पहुंचे। तो वहीं राजधानी के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मौनी अमावस्या पर गुफा मंदिर, झरनेश्वर मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर समेत अन्य देव स्थलों पर विविध पूजा-अनुष्ठान के कार्यक्रम हुए। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मौनी अमावस्या को धर्मशास्त्रों के अनुसार सूर्योदय होने के साथ गंगा-स्नान को पवित्र माना गया है। इस दिन मौन धारण करने से आध्यात्मिक विकास होता है। इसी कारण यह अमावस्या मौनी अमावस्या कहलाती है।

### विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया ब्रह्मा बाबा का 57वां स्मृति दिवस

## विश्व शांति के लिए ब्रह्माकुमारीज के सैकड़ों भाई बहनों ने की प्रार्थना



ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस में प्रार्थना करते श्रद्धालु।

**भोपाल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर रविवार को सुबह से ही संगठित योग तपस्या भट्टी मेडिटेशन का प्रोग्राम ब्लेसिंग हाउस मेडिटेशन सेंटर में शुरू रहा। भोपाल स्थित ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस सेवाकेन्द्र में ब्रह्म मुहूर्त से ही योग साधना का दौर शुरू हो गया। श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्माकुमार ब्रह्माकुमारी भाई बहने विशेष मौन धारण कर प्रातः काल से ही भगवान शिव से प्रार्थना की स्मरण किया। सेवाकेन्द्र के मेडिटेशन हाल में साइलेन्स के वातावरण मे बैठकर सभी ने विश्व शांति के लिए प्रार्थना की।

### पितृ शांति के लिए घर पर लोगों ने किया गीता पाठ

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मौनी अमावस्या पर तीन कर्म होते हैं। इसी के तहत रविवार को लोगों ने अपने पितरों का तर्पण किया। इस दौरान सबसे पहले तर्पण, पिंडदान और ब्राह्मण भोजन कराया गया। तो वहीं लोगों ने पितृ शांति के लिए अमावस्या पर घर में गीता पाठ किया। इसके बाद ब्राह्मण को भोजन करवाकर दक्षिणा के साथ वस्त्र दान किए।

### काली मंदिर में दिनभर रही श्रद्धालुओं की भीड़

राजधानी के काली मंदिर में दिन भर देवी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां बैठे जरूरतमंद को लोगों ने भोजन व कंबल आदि का दान किया।

### भोपाल मध्य उपजोन से सैकड़ों साधक-समयदानी शांतिकुंज शताब्दी समारोह में होंगे शामिल



**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के शांतिकुंज, हरिद्वार में 19 से 24 जनवरी तक आयोजित हो रहे शताब्दी समारोह में मध्य उपजोन सीहोर, रायसेन, विदिशा, नर्मदापुरम एवं हरदा जिलों से सैकड़ों समयदानी, साधक, कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। भोपाल महिला प्रकोष्ठ द्वारा गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा एवं माता भगवती देवी के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन कार्यक्रम स्थल वैरागी दीप, हरिद्वार में किया जाएगा।

## वन्य-जीव संरक्षण में देश के लिए रोड मॉडल है मध्यप्रदेश

*एप्को में हुई भोपाल में कम जानी-पहचानी प्रजातियों पर चौथी नेशनल कॉन्फ्रेंस*

*बीयू के प्रो. विपिन व्यास ने बताया कि पारिस्थितिकी तंत्र को समझे बिना नदी संरक्षण संभव नहीं है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित एप्को (पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन) में भोपाल में लेसर नोन स्पीशीज पर आधारित चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को सम्मेलन में नदी संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भूमिका पर चर्चा हुई। पहले सत्र में नदियों के स्वास्थ्य और संरक्षण पर विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि नदियां केवल जल का माध्यम नहीं हैं, बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र हैं। विपिन व्यास, प्रोफेसर, बायोसाइंस, एचओडी, जूलॉजी और एप्लाइड एक्वाकल्चर, बरकतउल्ला विवि ने बताया कि नदी घाटी का दर्पण है और पारिस्थितिकी तंत्र को समझे बिना नदी संरक्षण संभव नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि नर्मदा में मछलियों की 93 प्रजातियां पाई जाती हैं। तरुण नायर, लीड - प्रोग्राम मकर, वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट, मुंबई ने चंबल नदी में खनन के कारण हो रहे नुकसान और घड़ियालों पर इसके प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण गलत समय में तेज बारिश होने से घड़ियाल के अंडे डूब सकते हैं। बांधों से नदी प्रवाह में आने वाली बाधाओं और इससे पारिस्थितिकी तंत्र पर पडऩे वाले प्रभाव पर भी चिंता व्यक्त की गई।

### किसने क्या कहा

शारदा कोसानकर, प्रधान वैज्ञानिक एवं एसोसिएट प्रोफेसर (एसीएसआईआर) सीएसआईआर - नीरी ने चिंताजनक तथ्य साझा करते हुए बताया कि देश की 70 प्रतिशत नदियों का स्वास्थ्य मरणासन्न स्थिति में है। छत्तीसगढ़ में कोयला खदानों के पास की नदियों पर किए गए उनके अध्ययन से पता चला कि निरंतर कोयला खनन का कचरा नदियों में जमा हो रहा है, जिससे प्रवाह प्रभावित हो रहा है। सेज यूनिवर्सिटी, भोपाल की एचओडी एक्वाकल्चर श्रीपर्णा सक्सेना ने महाशीर मछली के संरक्षण पर महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि दुनिया में महाशीर की 47 प्रजातियां हैं, जिनमें से 15 भारत में पाई जाती हैं। नर्मदा में टोर टोर डीप बॉडीड प्रजाति पाई जाती है। महाशीर का अस्तित्व सीधे तौर पर वन क्षेत्र से जुड़ा है - अच्छा जंगल, अच्छा पानी और अच्छा पानी का मतलब महाशीर की उपस्थिति।

## मप्र चित्रांश समाज के मिलन समारोह में दिया जा रहा भाईचारा बढ़ाने का संदेश


चित्रांश समाज का मिलन समारोह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र चित्रांश समाज द्वारा चित्रांश मिलन समारोह का आयोजन रविवार को एक रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न फन गेम्स सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही पुराने फिल्मी नगमों के सिंगल और ड्यूल परफॉर्मेंस भी दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य कायस्थ परिवारों का आपसी संपर्क एवं मेलजोल, विवाह संबंधों के लिए सहयोग एवं संपर्क, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल गतिविधियां, जन्मदिन एवं विवाह की वर्षगांठ कार्यक्रम, रोजगार करियर के संबंध में मार्गदर्शन, प्रतिभाशाली चित्रांश सम्मान को लेकर आयोजित किया गया।

समाज के प्रवक्ता दीप श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाली 16 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के डॉ. एके श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, रीना सक्सेना, पीसी अस्थाना, राजीव सक्सेना सहित बड़ी संख्या में चित्रांश बंधु मौजूद थे।

### मंत्री विश्वास सारंग से पद्मश्री अगुस इंद्रा उदायना ने की मुलाकात

बाली इंडोनेशिया और मध्यप्रदेश के बीच यूथ एक्सचेंज पर चर्चा

## आपसी समझ, सांस्कृतिक संवाद और वैश्विक दृष्टिकोण को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से रविवार को पद्मश्री से सम्मानित अगुस इंद्रा उदायना ने सौजन्य भेंट की। इंडोनेशिया और मध्यप्रदेश के मध्य युवा विकास, सांस्कृतिक सहयोग तथा द्विपक्षीय खेल गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के दौरान अगुस इंद्रा उदायना ने इंडोनेशिया (विशेष रूप से बाली) और मध्यप्रदेश के बीच यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सुझाव दिया


मंत्री विश्वास सारंग से पद्मश्री अगुस इंद्रा उदायना ने की मुलाकात

कि इसके माध्यम से दोनों देशों के युवाओं को कला, आयुर्वेद, संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली एवं शैक्षणिक अनुभवों से परिचित होने का अवसर मिल सकता है। इससे आपसी समझ, सांस्कृतिक संवाद और वैश्विक दृष्टिकोण को मजबूती मिलेगी। सारंग ने प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सांस्कृतिक सेतु निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हो सकती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस विषय पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से विस्तृत विचार-विमर्श एवं आवश्यक प्रक्रिया की जाएगी, जिससे संभावनाओं को व्यवहारिक रूप दिया जा सके। इस प्रकार के संवाद दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे।

### देश भर से आए विभिन्न समाजों के युवक-युवतियों ने दिया खुलकर की भावी जीवनसाथी की चर्चा

विभिन्न समाजों का सम्मेलन आयोजित

## जीनगर समाज के परिचय सम्मेलन में 125 युवक-युवतियों ने दिया परिचय



जीनगर समाज का सम्मेलन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीनगर समाज परिचय सम्मेलन सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को द्वितीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं सांसद आलोक शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सम्मेलन में देशभर से आए 125 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। इस मौके पर समाज की वेबसाइट का उद्घाटन किया गया।

### आदिवासी सेवा मंडल का परिचय सम्मेलन संपन्न

## जीवनसाथी की खूबियां बताते हुए दिया परिचय

**भोपाल।** आदिवासी सेवा मंडल का परिचय सम्मेलन रविवार को एमपी नगर स्थित आदिवासी सेवा मंडल के कार्यालय में संपन्न हुआ। आदिवासी सेवा मंडल की महिला वींग की प्रदेशाध्यक्ष चंद्रा सर्वटे ने बताया कि मंडल द्वारा आदिवासी युवक युवती परिचय सम्मेलन का यह 21वां वर्ष था।



आदिवासी सेवा मंडल का सम्मेलन।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस विधायक ओंकार सिंह मकराम, हीरालाल अलावा, कुंवर सिंह टेकाम, पूर्व डीजीपी अनुराधा शंकर ने स्मृति सम्मान राजा अजय शाह, उर्मिला सिंह, ओंकार सिंह ठाकुर, डॉ बीएल सिंह से विभिन्न समाज सेवीयों को सम्मानित किया। परिचय सम्मेलन के दौरान आदिवासी संस्कृति से जुड़ी हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। परिचय सम्मेलन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से करीब 250 से ज्यादा युवक और युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया और अपने होने वाले जीवनसाथी में क्या खूबियां हो इस पर खुलकर चर्चा की।

## बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 16 रिश्ते हुए तय, 260 से अधिक युवक-युवतियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** दि बुद्धिस्ट समाज विकास समिति, भोपाल के तत्वावधान में 26वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन नर्मदिय भवन, तुलसी नगर भोपाल में सिद्धार्थ पाटिल द्वारा आयोजित किया गया था। परिचय सम्मेलन में विशेष अतिथि के रुप में मंत्री विश्वास सारंग ने बौद्ध पत्रिका का विमोचन किया और संबोधित किया। इस अवसर पर विशाल अहिरवार और शिखा कुशवाहा का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 142 युवतियां और लड़के 122 का बायोडाटा आया। 16 रिश्ते आपस में तय किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के लोग मौजूद थे।


दि बुद्धिस्ट समाज का परिचय सम्मेलन।

मध्य प्रदेश में अनुपूरक बजट के लिए विभागों से फाइनेंस के मांगे प्रस्ताव

# नए वाहन, फर्नीचर खरीदी के प्रस्ताव नहीं दे सकेंगे विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

■ बीसीओ के जरिए प्रस्ताव के साथ भेजना होगा

वित्त विभाग के सभी विभागों से तीसरे अनुपूरक बजट के लिए आईएफएमआईएस के जरिए ऑनलाइन प्रस्ताव मांगे हैं। वाहन खरीदी, फर्नीचर, कार्यालय उपकरण के खरीदी के प्रस्ताव नहीं भेज सकेंगे।

ऐसे नवीन मद के प्रस्ताव भी वित्त विभाग नहीं लेगा, जिनमें राज्य के वित्तीय संसाधनों से अतिरिक्त मांग की जा रही है। वित्त विभाग ने सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिव को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि तृतीय अनुपूरक बजट के प्रस्ताव प्रशासकीय विभाग के समक्ष अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही ई ऑफिस के माध्यम से ऑनलाइन वित्त विभाग को 23 जनवरी तक जानकारी देनी होगी। केवल ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे। अनूपूरक अनुमान से संबंधित जानकारी विभाग के सभी बीसीओ के जरिए प्रस्ताव के साथ भेजना होगा।

जिन मदों के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्राप्त होनी है। इसके अलावा राज्य के लोन और अनुदान के बारे में भी जानकारी देनी होगी उसका भी उल्लेख अवशयक रूप से किया जाएगा। यदि कोई व्यय के लिए राशि मांगी जाती है तो उसमें स्वीकृति बजट के बचत से समायोजित होगी। उसके संबंध में अनुदान संख्या साहित पूरा विवरण देना होगा।

**अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश जारी**

**प्रदेश के वित्त विभाग को 23 जनवरी तक जानकारी देनी होगी**



फाइल फोटो।

### मैराथन बैठक - 31 विभाग के 10 दिन के भीतर प्रस्ताव पर होगी चर्चा

मध्य प्रदेश में बजट पेश करने के लिए सरकार तैयारी में जुट गई है। 16 फरवरी से मध्य प्रदेश का बजट सत्र शुरू हो जाएगा। इससे पहले बजट संबंधी विषयों पर अधिकारियों की मैराथन बैठक होगी। 19 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक लगातार बैठकों का दौर जारी रहेगा। इसमें 10 दिन के भीतर 31 विभाग के बजट संबंधी विषयों पर अधिकारी चर्चा करेंगे। इसके बाद वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से चर्चा करने के बाद विधानसभा में सरकार बजट पेश करेगी। आगामी बजट सत्र 16 फरवरी से लेकर 6 मार्च तक चलेगा। 19 दिनों मैं 12 बैठकें होगी।

### इन प्रस्ताव पर होगी चर्चा

ऐसे प्रस्ताव जो राज्य की आकस्मिता निधि से अग्रिम स्वीकृति वित्त विभाग ने दी हो। भारत सरकार और एजेंसी से वित्तीय सहायता केंद्र से स्वीकृति मदों से विमुक्त नहीं हो सके। अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था प्रशासकीय विभाग की अन्य प्रचलित योजनाओं में उपलब्ध राशि से कटौती कर बचत राशि से नहीं कर पाएंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हुआ नगर-नगर में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन

# सकल हिन्दू समाज के सम्मेलन में सशक्त और संगठित भारत के लिए हुआ आह्वान

*सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को भोपाल महानगर के विभिन्न नगर, खंड एवं बस्तियों में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

इन सम्मेलनों में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। तात्या टोपे जिले की आशीर्वाद बस्ती स्थित बंजारी दशहरा मैदान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, मातृशक्ति, युवा एवं बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे। सम्मेलन का शुभारंभ हवन एवं भारत माता की आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी सौरभ शर्मा ने संघ द्वारा प्रतिपादित पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठित हिन्दू समाज ही सशक्त हिन्दुस्तान की नींव है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे समाज को जागृत करने के कार्य में सहभागी बनें और सनातन धर्म के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें।



विराट हिन्दू सम्मेलन दृश्य-1



विराट हिन्दू सम्मेलन दृश्य-2

### संस्कृति का संरक्षण परिवार से ही प्रारंभ

इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडे ने पंच परिवर्तन के अंतर्गत समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों को हिन्दू परिवारों द्वारा आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति का संरक्षण परिवार से ही प्रारंभ होता है। वरिष्ठ समाजसेवी आभा पांडे ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर विचार रखे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद आचार्य ने अधर्म से दूर रहकर धर्म की सेवा का संदेश देते हुए समाज को नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम में छह वर्षीय बालिका मान्य सिंह द्वारा सुमधुर स्वर में हनुमान चालीसा पाठ ने सभी को भावविभोर कर दिया। सुप्रसिद्ध भजन गायिका शंभवी एवं शेविका ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित

इसी क्रम में माधव नगर के दानिशकुंज तथा मंदाकिनी बस्ती में भी विशाल हिन्दू सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ। मुक्तेश्वर धाम हरिद्वार के श्री महामंडलेश्वर अनुपानंदजी महाराज एवं ज्योति वर्मा ने धर्म रक्षा एवं धर्म जागरण पर विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता पंडित दीपक राजोरिया ने संघ की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा का सरल एवं प्रेरक शब्दों में दर्शन कराया। वहीं, जहांगीराबाद के वसुंधरा बस्ती में प्रमुख वक्ता भोपाल विभाग प्रचार प्रमुख विनय यादव ने आह्वान किया कि हम अपनी महान परंपराओं को अपनाते हुए आगे बढ़ें।

### गौतम नगर बस्ती में सामाजिक एकता का दिया संदेश

गौतम नगर बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन के माध्यम से धर्म, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संतोष बाहेती, डॉ. साधना बलवटे, पंडित बलराम पुरोहित एवं विलास बालकृष्ण गोले ने आयोजन की भावना, पंच परिवर्तन, हिंदुत्व, सनातन धर्म तथा संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, सुप्रसिद्ध नाटक लेखिका साधना ने संस्कार एवं संस्कृति पर प्रेरक संदेश दिया। आचार्य गोस्वामी एवं संघ के क्षेत्र गौ संयोजक विलास ने हिंदू संस्कृति एवं समाज की एकता पर प्रकाश डाला।

### गौ एवं ध्वज पूजन का आयोजन

भोजपुर जिले के फंदा खंड के रातीबड़ मंडल में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथियों ने पूर्व गौ पूजन व ध्वज पूजन किया। भागवताचार्य एवं प्रसिद्ध कथावाचक रंगीलाल शर्मा ने समाज से संगठित और सशक्त होने का आह्वान किया। साकेत नगर की एम्स पिपल्या बस्ती में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में सामाजिक एकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सुनील नायर ने आरएसएस की समाज में सकारात्मक भूमिका पर प्रेरक संदेश दिया। सीमा सिंह जादौन ने पांच परिवर्तन विषय पर महिलाओं की भूमिका पर संदेश दिया इसके पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ हुआ भारत माता की आरती की गई।

### श्रीमती भारद्वाज ने दिया पंच परिवर्तन पर उद्बोधन



संबोधन देतीं श्रीमती भारद्वाज

स्वदेशी जागरण मंचन की मध्य भारत प्रान्त प्रमुख सीमा भारद्वाज ने अमराई पार्क सूर्यनारायण मंदिर में आयोजित महोत्सव में पंच परिवर्तन पर उद्बोधन दिया। श्रीमती भारद्वाज ने पंच परिवर्तन के अंतर्गत समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों को हिन्दू परिवारों द्वारा आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी से ही परिवर्तन संभव है। हर हिन्दू को आज स्वदेशी अपनाने की जरूरत है।

## ओबीसी-एससी-एसटी के महासम्मेलन में लगे जय बिरसा, जय ज्योति, जय भीम के नारे



सम्मेलन में जुटी लोगों की भीड़।

### संतोष वर्मा पर कार्रवाई दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग की आवाज दबाने जैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में सामाजिक न्याय, आरक्षण और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर रविवार को भेल दशहरा मैदान में ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में महासम्मेलन और प्रदर्शन आयोजित किया गया। महासम्मेलन में जयस, भीम आर्मी, अपाक्स, अजाक्स समेत 21 सामाजिक संगठनों के साथ प्रदेशभर से कर्मचारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

महासम्मेलन का मुख्य मुद्दा आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के समर्थन का रहा। आंदोलनकारियों ने संतोष वर्मा पर की गई कार्रवाई को तुरंत वापस लेने की मांग की। अपाक्स के संरक्षक भुवनेश पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संतोष वर्मा पर कार्रवाई दबाव में और एकतरफा तरीके से की गई है। संतोष वर्मा पर कार्रवाई करना दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग की आवाज दबाने का प्रयास है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। महासम्मेलन का शुभारंभ संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर बाबा साहेब एवं बिरसामुंडा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रस्तावना भाषण अजाक्स के प्रांतीय कार्यवाही अध्यक्ष एसएल सूर्यवंशी ने रखा जिसमें उन्होंने अजाक्स द्वारा किए गए संवैधानिक कार्यों तथा पदोन्नति में आरक्षण जैसे विषय को रेखांकित किया। सूर्यवंशी ने प्रांताध्यक्ष आदिवासी आईएएस संतोष वर्मा पर शासन द्वारा प्रस्तावित की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई को शीघ्र शून्य घोषित किए जाने की मांग भी की।

#### 10 की करो विदाई, 90 प्रतिशत भाई-भाई

जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज के वरिष्ठ आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। यह दोहरी नीति नहीं चलेगी। इसलिए हम कहते हैं कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। लोकश मुजाल्दा ने कहा कि 10 प्रतिशत की करो विदाई 90 प्रतिशत भाई-भाई, संतोष वर्मा को शीघ्र अच्छे विभाग का दायित्व सौंपा जाए और उनके विरुद्ध षडयंत्र करने वाले लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का प्रकरण पंजीबद्ध कार्रवाई की जाए।

#### संतोष वर्मा पर कार्रवाई को किया जाए शून्य

संयुक्त संघर्ष मोर्चा के मीडिया प्रभारी विजय शंकर श्रवण ने बताया कि मप्र का 88 प्रतिशत समाज जो एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक कहलाता है। उसे अपने अधिकार क्यों प्राप्त नहीं हो रहे हैं। उनके साथ अन्याय अत्याचार उपेक्षा क्यों हो रही है और उनके रोकथाम पर सरकारे मौन क्यों है। अजाक्स के अध्यक्ष संतोष वर्मा के विरुद्ध की गई कार्रवाई को शून्य घोषित किया जाना समय की पुकार होगी।

#### आरक्षण और अधिकारों को लेकर सरकार पर आरोप

महासम्मेलन को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रदेश में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को शिक्षा, रोजगार और प्रशासनिक नियुक्तियों में लगातार उपेक्षा झेलनी पड़ रही है। हजारों पद वर्षों से खाली हैं, पदोन्नति में आरक्षण लागू नहीं हो पा रहा है।

#### एक व्यक्ति एक रोटी का सिद्धांत हर क्षेत्र में लागू होः वर्मा



संतोष वर्मा।

महासम्मेलन में शामिल हुए आईएएस संतोष वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस महासम्मेलन का उद्देश्य आरक्षित समाज के बीच लोकतांत्रिक संवाद स्थापित करना है। हमारे लोक तांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। अमेरिका में संविधान में आरक्षण का प्रावधान न होते हुए भी कोर्ट के निर्णय के आधार पर वहां काले लोगों को 50 प्रतिशत का रिजर्वेशन दिया गया। एक व्यक्ति एक रोटी का सिद्धांत हर क्षेत्र में लागू होना चाहिए।

## सियासतनामा





### राज्यसभा के लिए पचौरी, रावत और मिश्रा मुख्य दावेदार

राज्यसभा के पिछले चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से आए ज्योतिरादित्य सिंधिया को उम्मीदवार बनाया था, इस बार भी कांग्रेस से आए दो नेता भाजपा से प्रमुख दावेदार हैं। एक हैं सुरेश पचौरी और दूसरे रामनिवास रावत। पचौरी ने हाल ही में भाजपा के नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से भी सौजन्य भेंट की थी। रावत लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए थे। प्रदेश सरकार में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था, लेकिन विधानसभा का उप चुनाव हारने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। भाजपा के अन्य दावेदारों में नरोत्तम मिश्रा, लाल सिंह आर्य, अरविंद भदौरिया व विनोट गोटिया के नाम शामिल हैं। नरोत्तम केंद्रीय मंत्री अमित शाह की पसंद हैं और विधानसभा चुनाव हारने के बाद से खाली हैं। वे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के भी दावेदार थे लेकिन अवसर नहीं मिला।

### फिर खंडेलवाल ने ही छेड़ी जल्दी नियुक्तियों की तान

प्रदेश में भाजपा की मोहन सरकार के दो साल से ज्यादा का समय पूरा हो चुका है लेकिन अब तक निगम-मंडलों, आयोगों आदि में राजनीतिक नियुक्तियां नहीं की जा सकीं। प्रदेश भाजपा का मुखिया बनने के कुछ समय बाद हेमंत खंडेलवाल ने कहा था कि निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियां जल्दी की जाएंगी। अब रतलाम में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि निगम-मंडलों, आयोगों के साथ निकायों में एल्डरमैनों की जल्दी नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सूची तैयार है, जल्दी जारी की जाएगी। प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां ही लंबित नहीं हैं, प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरदबल की चर्चा भी लंबे समय से है।

### गोमांस की तस्करी पर भी किसी की जवाबदारी तय नहीं

राजधानी भोपाल में 26 टन गोमांस मिलने से प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। सवाल यह है कि जब मप्र में गोहत्या पर प्रतिबंध है तो प्रदेश में गोमांस की तस्करी कैसे हो रही है? कफ सिरप मामले में किसी मंत्री ने जवाबदारी नहीं ली थी। दूषित पानी से मौतों के मामले में भी कोई आगे नहीं आया और अब गोमांस मामले में किसी की जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही। स्लॉटर हाउस को मात्र 4 लाख रुपए सालाना किराए पर लाइवस्टॉक फूड प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था। इस मामले में 9 कर्मचारियों को निलंबित किया गया, स्लाटर हाउस को सील कर कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया। जांच के आदेश हुए लेकिन अन्य मामलों की तरह महापौर सहित किसी जनप्रतिनिधि ने इसकी जवाबदारी नहीं ली। इस मसले पर खुलासा हुआ है कि पूर्व महापौर आलोक शर्मा और कृष्णा गौर स्लॉटर हाउस खुलने के पक्ष में नहीं थे। लेकिन वर्तमान महापौर मालती राय की रुचि के कारण स्लॉटर हाउस प्रारंभ हुआ था।

### दिग्विजय ने साध दिए एक तीर से कई निशाने

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह कोई बयान दें और उसे सीधा-सपाट मान लिया जाए, यह कैसे संभव है? इसीलिए जब उन्होंने कहा कि इस बार वे राज्यसभा की सीट छोड़ रहे हैं, तो इसके भी मायने निकाले जाने लगे। माना जा रहा है कि दिग्विजय ने इस बयान के जरिए एक तीर से कई निशाने साध दिए हैं। पहला यही कि उन्हें संकेत मिल गया है कि कांग्रेस आलाकमान इस बार उन्हें राज्यसभा नहीं भेजेगा, तो उन्होंने पहले ये ही घोषणा कर दी कि वे राज्यसभा नहीं जाएंगे। इसे खुद को पीड़ित दिखा कर दिग्विजय की केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव की रणनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। दिग्विजय ने लोकसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा कर रखी थी लेकिन नेतृत्व के निर्देश पर उन्होंने लगातार दो बार चुनाव लड़ना पड़ा। इस लिहाज से उनकी घोषणा के कोई मायने नहीं हैं। वैसे भी अप्रैल में उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है। वे सीट छोड़ नहीं रहे हैं। इसलिए इस बयान का क्या औचित्य?

### फूल सिंह का बयान कांग्रेस के लिए सेल्फ गोल जैसा

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक से पहले जो काम वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने किया था, वही कारनामा पार्टी विधायक फूल सिंह बरैया ने राहुल गांधी के इंदौर दौरे से पहले कर दिया। बरैया के बयान से राहुल का इंदौर दौरा फीका पड़ गया। फूल सिंह ने अपने बयान से कांग्रेस की राह में जो कांटे बिछाए हैं, पार्टी उससे उबरती नहीं दिख रही। बरैया का यह बयान भी कांग्रेस के लिए सेल्फ गोल माना जा रहा है। बरैया ने अपने विवादित बयान में कहा कि अजा-जजा वर्ग की लड़कियां सुंदर नहीं होतीं फिर भी उनके साथ रेप होता है। उन्होंने कहा कि ग्रंथों में लिखा है कि यदि इस वर्ग की महिलाओं के साथ कोई सहवास करता है, तो उसे तीर्थ के बराबर पुण्य मिलता है। बयान से कांग्रेस इस कदर घिरी है कि जवाब नहीं सूझ रहा।

दिनेश निगम 'त्यागी'

पुरजोर विरोध के बाद बयान से पलटे विधायक बरैया

# मैंने बिहार के प्रोफेसर की 'किताब' में पढ़ा, मैं उस बयान से सहमत नहीं

कांग्रेस पार्टी ने भी उनके बयान से बनाई दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



फूल सिंह बरैया।

दतिया जिले की भांडेर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया एक विवादित बयान को लेकर राजनीतिक और सामाजिक विवादों में घिर गए हैं। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार को लेकर दी गई उनकी तथाकथित थ्योरी पर चौतरफा निंदा हो रही है। कांग्रेस ने भी उनके बयान से दूरी बना ली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने फूल सिंह बरैया से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं, बढ़ते विरोध के बाद खुद बरैया अपने बयान से पलट गए हैं। बरैया ने एक वीडियो जारी कर कहा कि जिस बयान को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगाए जा रहे हैं, वह मेरा मौलिक बयान नहीं है। वह बयान बिहार में दर्शनशास्त्र के एचओडी रहे हरिमोहन झा द्वारा लिखा गया है। मैंने उसे एक संदर्भ में कोड किया है। मैं उस बयान से भी सहमत नहीं हूं। मैं स्वयं ऐसा नहीं मानता, लेकिन संदर्भ के तौर पर उसे उद्धृत किया गया था। इधर, नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने इस बयान को निशाचरों की भाषा करार दिया। प्रतिमा बागरी ने एससी-एसटी-ओबीसी महिलाओं को धर्म से जोड़कर दुष्कर्म को कथित रूप से पुण्य बताने की थ्योरी को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह न धर्म है, न पुण्य यह सीधा-सीधा पाप है।

## गौमांस तस्करी पर सियासी घमासान, कांग्रेस की मौनी अमावस्या पर सामूहिक प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्लॉटर हाउस और कथित गौमांस तस्करी के मामले ने अब शहर की राजनीति में तीखा मोड़ ले लिया है। अमानवीय कृत्यों के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर कांग्रेस ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाते हुए सामूहिक प्रार्थना और प्रदर्शन के जरिए शासन-प्रशासन पर दबाव बनाया। रविवार को कांग्रेस महासचिव अमित शर्मा के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी चौराहा स्थित झरना मंदिर में बजरंगबली हनुमान के चरणों में सामूहिक प्रार्थना की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि कथित गौमांस तस्करी और गौमाता की हत्या के खिलाफ नैतिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रतिरोध है। जारी बयान में नगर की महापौर, एमआईसी में शामिल सदस्यों, संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए।

### गौहत्या मामलाः पीएम को पत्र हस्तक्षेप की मांग

**भोपाल।** सेवा संकल्प युवा संगठन ने भोपाल में 26 टन गौमांस से जुड़े मामले ने अब सामाजिक संगठन भी उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सेवा संकल्प युवा संगठन ने इस पूरे घटनाक्रम को गो हत्याकांड बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन का आरोप है कि एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो स्वतंत्र जांच कमेटी बनी और न ही ठोस कार्रवाई हुई।

रुकने से लेकर भोजन और इलाज फ्री, देखने पहुंचे सीएम डॉ. यादव

# पूर्व मंत्री भार्गव ने सरकारी बंगले को बनाया 'मरीज घर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निवास पहुंचे। जहां उनके द्वारा संचालित सेवा कार्य और वैदिका फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी ली। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मरीजों का हाल चाल भी जाना।

बता दें कि पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने अपने सरकारी बंगले को 'मरीज घर' बना दिया है। जहां उनकी फाउंडेशन दूसरे जिलों से आने वाले मरीज और उनके परिजनों के रुकने की और इलाज की मदद की जाती है। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए एक प्ले गेम एरिया भी बनाया है। यही नहीं, सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी वह करते हैं।

बच्चों के लिए प्ले गेम एरिया भी बनाया गया



सेवा कार्य की जानकारी लेते सीएम।



**अब तक 30 हजार से मरीजों ने उठाया लाभ**

पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव यहां न सिर्फ मरीजों की सेहत का ख्याल रखते हैं, बल्कि स्वाद की चिंता भी करते हैं। यही वजह है कि इलाजरत लोगों और परिजनों को यहां की रसोई में मटर पनीर और मलाई कोफ्ता जैसे स्वादिष्ट व्यंजन मिलते हैं। इतना ही नहीं, स्वास्थ्य को देखते हुए दलिया और खिचड़ी जैसे पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां ठहरने से लेकर नाश्ता और दोनों समय का भोजन पूरी तरह मुफ्त है। उनका यह मिशन 2004 से लगातार जारी है, जिसका अब तक करीब 30 हजार गरीब मरीज लाभ उठा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### एमवे इंडिया का घाटा बढ़ा 74.25 करोड़ रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रत्यक्ष बिक्री कंपनी एमवे इंडिया के दस्तावेजों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में उसका कुल घाटा बढ़कर 74.25 करोड़ रुपए हो गया और परिचालन राजस्व 10.56 प्रतिशत घटकर 1,148.16 करोड़ रुपए रह गया। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 9.2 प्रतिशत घटकर 1,174.85 करोड़ रुपए रही।

### एडलवाइस लाइफ को दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद



**नई दिल्ली।** एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस को अगले 2-3 वर्षों में दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एमडी और सीईओ सुमित राय ने कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 तक घाटे से उबर जाएगी। हम लगभग 14 साल पुराने संगठन हैं। शुरुआती साल, विशेष रूप से 2011 और 2016 के बीच समग्र जीवन बीमा उद्योग के लिए धीमी वृद्धि का दौर था।

### ठंड में बढ़ी तेल की मांग कीमतों में उछाल



**नई दिल्ली।** विदेशों में बाजार मजबूत रहने, रुपये के दाम में आई गिरावट तथा जाड़े के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे। सूरजमुखी, मूंगफली जैसे तिलहन के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे ही बने हुए हैं।

### डांगोटे रिफाइनरी का विस्तार करेगी ईआईएल



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने नाइजीरिया में डांगोटे रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परिसर के विस्तार के लिए 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का अनुबंध हासिल किया है। इसके तहत ईआईएल परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) और ईपीसीएम सलाहकार के रूप में काम करेगी।

### स्वदेशी जागरण मंच ने सिगरेट की तस्करी बढ़ने पर दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** स्वदेशी जागरण मंच ने चेतावनी दी कि विदेशी सिगरेटों की बढ़ती तस्करी सरकारी राजस्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य, दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्वनी महाजन ने बताया कि हानिकारक वस्तुओं पर उच्च करों का ऐतिहासिक नतीजा कालाबाजारी बढ़ने के रूप में सामने आया है।

### टाटा ट्रस्ट की प्रस्तावित बोर्ड बैठक रद्द

**नई दिल्ली।** सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) की एक प्रस्तावित बोर्ड बैठक कोरम (गणपूर्ति) की कमी के कारण रद्द कर दी गई। इस बैठक में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा के बेटे नेविल टाटा को ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया जाना था। नेविल टाटा को आरएसटीटी के बोर्ड में शामिल करने की कोशिश दो महीने पहले भी असफल हो चुकी है। करीब 180 अरब डॉलर से अधिक के टाटा समूह की प्रवर्तक होल्डिंग कंपनी टाटा संस में एसआरटीटी की 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस घटनाक्रम की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा, 'सभी ट्रस्टी बैठक में शामिल नहीं हो सके, जो नए ट्रस्टी की नियुक्ति के लिए एक अनिवार्य शर्त है।'

# भारत का नया रिकॉर्ड, 24 % की जबरदस्त ग्रोथ के साथ 63 लाख गाड़ियां विदेश भेजीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल भारत से कुल निर्यात 24.1 प्रतिशत बढ़कर 63,25,211 इकाई हो गया, जबकि 2024 में यह 50,98,474 इकाई था।

इस दौरान यात्री वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 8,63,233 इकाई रहा, जो 2024 में 7,43,979 इकाई था। उपयोगिता वाहनों का निर्यात पिछले साल सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4,27,219 इकाई रहा। इस दौरान यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया। सियाम ने कहा कि पश्चिम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका सहित अधिकांश बाजारों में मांग स्थिर रही है।

## यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया

### मारुति निर्यात में सबसे आगे

मारुति सुजुकी 2025 में 3.95 लाख इकाइयों का निर्यात करके इस क्षेत्र में सबसे आगे रही। दुपहिया वाहनों का निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 49,39,706 इकाई रहा, जो 2024 में 39,77,162 इकाई था। इस दौरान मोटरसाइकिल का निर्यात 27 प्रतिशत और स्कूटर का निर्यात आठ प्रतिशत बढ़ा। इसी तरह तिपहिया वाहनों का निर्यात 43 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 27 प्रतिशत बढ़ा।



### लग्जरी कारों पर भारी शुल्क, तर्कसंगत फैसले का वक्त

*पुणे। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि आयातित 'लग्जरी' कारों पर सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाने से प्रीमियम खंड में मांग बढ़ेगी, जिससे सरकार का कुल कर राजस्व बढ़ेगा। आगामी आम बजट की अपेक्षाओं के बारे में पूछने पर अय्यर ने बताया कि इसके अलावा एक अधिक स्थिर व्यापक आर्थिक नीति और रुपए में जारी गिरावट को रोकने के लिए बेहतर राजकोषीय प्रबंधन से लग्जरी कार निर्माताओं को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों को बढ़ती लागत के कारण कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जिसका असर मांग पर पड़ा है।उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों के तहत पिछले साल दरों को तर्कसंगत बनाया गया, जो एक बेहद सकारात्मक कदम था और अब सीमा शुल्क के लिए भी ऐसा ही होना चाहिए। इस समय 40 हजार अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाले आयातित यात्री वाहनों पर 70 प्रतिशत का बुनियादी सीमा शुल्क लगता है, और 40 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत वाले वाहनों पर 110 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगाया जाता है।*

## आज से दावोस में डब्ल्यूईएफ की बैठक, राष्ट्रपति ट्रंप होंगे शामिल

# वैश्विक दिग्गजों के बीच भारत की दमदार दस्तक, दुनिया भर के नामी 'संवाद की भावना' विषय पर करेंगे चर्चा

एजेंसी ⏭ दावोस

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारत एक दमदार प्रतिनिधित्व के लिए तैयार है। सोमवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर के दिग्गज एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में ''संवाद की भावना'' विषय पर चर्चा करेंगे।

सरकार, व्यापार, शिक्षा, बहुपक्षीय निकायों, नागरिक समाज और श्रम संघों के 3,000 से अधिक वैश्विक नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सबसे बड़े आकर्षण होंगे। ट्रंप अपने मंत्रिमंडल के पांच सदस्यों के साथ आ रहे हैं। भारत से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा कम से कम चार केंद्रीय मंत्रियों - अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू के साथ ही छह मुख्यमंत्रियों और देश के 100 से अधिक शीर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के शामिल होने की उम्मीद है।



### राष्ट्रपति ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ होंगे शामिल

वैश्विक नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ वहां पहुंच सकते हैं। इस वैश्विक शिखर सम्मेलन में लगभग 130 देशों के करीब 3,000 नेता शामिल होंगे, जिनमें 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष भी होंगे। भारतीय नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान कई समूह चर्चाओं में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 'क्या भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है' विषय पर एक चर्चा भी शामिल है। इसके अलावा वे द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।




### छह राज्यों के सीएम करेंगे शिरकत

*बैठक में शामिल होने वाले मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन शामिल हैं। जहां रेड्डी कांग्रेस पार्टी से हैं, सोरेन कांग्रेस की सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा से और नायडू भाजपा की सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी से हैं, वहीं अन्य तीन मुख्यमंत्री भाजपा से हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार (कांग्रेस) के भी वहां रहने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रियों में नायडू तेदेपा से हैं, जबकि अन्य चार भाजपा से हैं। इसके अलावा, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष रमेशभाई संघवी (भाजपा) और उत्तर प्रदेश का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दुनिया भर के अमीर और शक्तिशाली लोगों के इस वार्षिक जमावड़े के लिए दावोस की यात्रा करेंगे।*

### अंबानी, बजाज, भरतिया और सुदर्शन वेणु लेंगे हिस्सा

*पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन इरानी भी 'अलायंस फॉर ग्लोबल गुडः जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी' की संस्थापक और चेयरपर्सन के रूप में वहां मौजूद रहेंगी, जिसकी स्थापना कुछ साल पहले दावोस में ही हुई थी। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन, बजाज समूह के संजीव बजाज, जुबिलेंट भरतिया समूह के हरि एस भरतिया और टीवीएस मोटर के सुदर्शन वेणु भी शामिल होंगे। बैठक में एक्सिस बैंक के अमिताभ चौधरी, गोदरेज इंडस्ट्रीज के नादिर गोदरेज, जेएसडब्ल्यू समूह के सज्जन जिंदल, जेरोधा के निखिल कामथ, भारती समूह के सुनील भारती मित्तल, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी, इंफोसिस के सीईओ सलिल एस पारेख, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, एस्सार के सीईओ प्रशांत रुइया, पेटीएम के विजय शेखर शर्मा और रिन्यू के सीईओ सुमंत सिन्हा भी शामिल होंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी भी वहां मौजूद रहेंगे।*

## बिकवाली का सिलसिला जारी

# एफपीआई ने शेयरों से निकाले 22,530 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




■ मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका

अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,530 करोड़ रुपए से अधिक निकाले हैं।

यह निकासी 2025 में दर्ज की गई 1.66 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली के बाद हुई। ऐसा मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका तथा बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुआ। एफपीआई के लगातार बिकवाली के दबाव ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस माह में 16 जनवरी के बीच भारतीय इक्विटी से 22,530 करोड़ रुपए निकाले। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी के लिए वैश्विक और घरेलू कारकों को जिम्मेदार ठहराया है।

### पूंजी निकलकर जा रही दूसरे बाजारों की ओर

सेंट्रिसिटी वेल्थटेक के इक्विटी प्रमुख और संस्थापक पार्टनर सचिन जसूजा ने कहा, 'बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और मजबूत डॉलर ने विकसित बाजारों में जोखिम समायोजित प्रतिफल में सुधार किया है। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रधान प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़ते हुए अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर की मजबूती ने अमेरिकी संपत्तियों को तुलनात्मक रूप से अधिक आकर्षक बना दिया है।

# लगातार घाटे के बाद उभरा डिसकॉम, दर्ज किया 2,701 करोड़ का लाभ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने कई वर्षों तक लगातार घाटा उठाने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से 2,701 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राज्य बिजली बोर्डों के पुनर्गठन और निगमीकरण के बाद से ही वितरण कंपनियां घाटे में चल रही थीं। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में इन कंपनियों को 25,553 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2013-14 में 67,962 करोड़ रुपए का भारी घाटा हुआ था।

■ भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा दे सके और 'विकसित भारत' की यात्रा में अपना योगदान दे

वित्त वर्ष 2024-25 के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा बिजली वितरण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का परिणाम है। मंत्री ने कहा, 'भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति को गति दे रहा है और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।'' उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है ताकि बिजली क्षेत्र भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा दे सके और 'विकसित भारत' की यात्रा में अपना योगदान दे सके।

# टाटा मोटर्स ने की इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन की मांग

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने आगामी आम बजट में शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए विशेष प्रोत्साहन और 'पीएम ई-ड्राइव' योजना के तहत वाणिज्यिक परिवहन वाली इलेक्ट्रिक कारों को सहायता देने की मांग की है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ शैलेश चंद्रा ने कहा कि जीएसटी सुधारों, रेपो दर में कटौती और कर व्यवस्था में बदलाव जैसे सरकारी हस्तक्षेपों ने यात्री वाहन उद्योग में मांग को फिर से बढ़ा दिया है, लेकिन शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन अब भी बिक्री के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं यात्री वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को फिर से गति देने के लिए सरकार की सराहना करता हूं।

# एसबीआई और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

छुट्टियों के कारण छोटे रहे बीते सप्ताह के दौरान देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 75,855.43 करोड़ रुपए बढ़ गया। शेयर बाजार में सुस्त रुझान के बावजूद भारतीय स्टेट बैंक और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त हुई। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 5.89 अंक गिरा, जबकि एनएसई निफ्टी 11.05 अंक ऊपर गया।

इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इंफोसिस लाभ में रहे। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत एयरटेल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो के मूल्यांकन में कुल 75,549.89 करोड़ रुपए की गिरावट आई।




### इंफोसिस के मूल्यांकन में वृद्धि

दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और इंफोसिस का कुल मूल्यांकन 75,855.43 करोड़ रुपये बढ़ा।इस दौरान एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 39,045.51 करोड़ रुपए बढ़कर 9,62,107.27 करोड़ रुपए हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 31,014.59 करोड़ रुपए बढ़कर 7,01,889.59 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 23,952.48 करोड़ रुपए घटकर 19,72,493.21 करोड़ रुपए और लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 23,501.8 करोड़ रुपए घटकर 5,30,410.23 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

## वुड मैकेंजी की वैश्विक सूची में अदाणी सोलर



**नई दिल्ली।** वुड मैकेंजी की 2025 की पहली छमाही की 'वैश्विक सौर मॉड्यूल विनिर्माण सूची' में अदाणी सोलर शामिल है। अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) की सौर फोटोवोल्टिक विनिर्माण इकाई अदाणी सोलर को वैश्विक ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन परामर्शदाता ने 'श्रेणी ए' वर्गीकरण दिया गया है।

# बजट से पहले निवेशकों की मांग इक्विटी कर का बोझ हो कम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार प्रतिभागियों ने 2026-27 के आम बजट से पहले सरकार से पूंजी बाजार कराधान को आसान बनाने का आग्रह किया है, जिसमें दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर उच्च छूट सीमा की मांग शामिल है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को लेनदेन करों में और वृद्धि करने से बचना चाहिए। आम बजट एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाएगा। बाजार के हितधारकों ने खुदरा और दीर्घकालिक निवेशकों को अधिक राहत देने के लिए इक्विटी निवेश से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर मुक्त छूट सीमा को बढ़ाने की मांग की है।

## व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर निवेशकों की रहेगी नजर

# वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल काफी हद तक कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की आवाजाही पर निर्भर करेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और व्यापार वार्ताओं से जुड़ी किसी भी खबर पर कड़ी नजर रखेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'प्रतिभागी शुरुआत में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे दिग्गजों के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके बाद ध्यान विभिन्न क्षेत्रों की कई बड़ी और मझोली कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर टिक जाएगा।

■ व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर भी निवेशकों की रहेगी नजर




उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक मोर्चे पर जीडीपी वृद्धि दर, बेरोजगारी के दावों और पीएमआई आंकड़ों सहित अमेरिकी व्यापक आर्थिक आंकड़े जोखिम की भावना और मुद्रा की चाल को प्रभावित करेंगे। भू-राजनीतिक घटनाक्रम और व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

### भारतीय बाजार नए सप्ताह में सतर्क

*ऑनलाइन कारोबारी मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, 'भारतीय बाजार नए सप्ताह में सतर्क लेकिन शेयर विशिष्ट रुख के साथ प्रवेश कर रहे हैं। बैंकिंग शेयर सुर्खियों में रह सकते हैं, क्योंकि बाजार आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गजों के साथ ही कई निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाताओं के तिमाही परिणामों का आकलन करेंगे।' इस सप्ताह बीएचईएल, एलटीआईमाइंडट्री, पीएनबी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, बैंक ऑफ इंडिया, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), डीएलएफ, बीपीसीएल और अदाणी ग्रीन एनर्जी सहित कई प्रमुख कंपनियों के नतीजे आएंगे।*

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन कोड 462003**

web site: www.mppwd.gov.in email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

निविदा क्रमांक 119 से 126/2025-26 भोपाल, दिनांक 12/01/2026

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB _475268_1 | भोपाल | डिपोजीट कार्य | गांधी तिराहा राजभवन के पास, पीएचक्यू चौराहा, सम्बन चौराहा भोपाल में 33 केवीए/11 केवी/एलटी लाइन की शिफ्टिंग कराने का कार्य। | द्वितीय | 15.017 |
| 2 | 2026_PWDRB _475271_1 | भोपाल | डिपोजीट कार्य | हमीदिया अस्पताल एव जीएमसी भोपाल में मोनोब्लॉक पंप/सबमर्सिबल पंप/प्रेशर मंप के वार्षिक रखरखाव का कार्य। एक वर्ष के लिये। | प्रथम | 10.306 |
| 3 | 2026_PWDRB _475273_1 | भोपाल | डिपोजीट कार्य | न्यू हमीदिया अस्पताल भोपाल के पंप हाऊस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में लगे सभी मोटर्स के VFD पैनल एवं न्यूमेटिक पंप की मरम्मत एवं वार्षिक रखरखाव का कार्य। एक वर्ष के लिये। | प्रथम | 12.728 |
| 4 | 2026_PWDRB _475274_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विधुत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अन्तर्गत उपसंभाग क्र एस 1 के अधीन अनुभाग श्यामला हिल्स के विभिन्न गैर आवासीय भवनों में RR/SR/Deposit/MOW/OW विद्युतीकरण चर्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 25.274 |
| 5 | 2026_PWDRB _475275_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विधुत कार्य | (वि./या) संभाग क्र. 1. भोपाल के अन्तर्गत उपसंभाग क्र एम1 के अधीन अनुभाग लोक भवन में सचिवालय जवाहर खंड के विभिन्न गैर आवासीय भवनों में RR/SR/Deposit/MOW/OW विद्युतीकरण वर्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 27.491 |
| 6 | 2026_PWDRB _475278_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विधुत कार्य | (वि./या) संभाग क्र. 1, भोपाल के अन्तर्गत उपसंभाग क्र. एम1 के अधीन अनुभाग लोक भवन में कान्हा गेस्ट हाऊस एवं क्षिप्रा गेस्ट हाऊस के विभिन्न गैर आवासीय भवनों में RR/SR/Deposit/MOW/OW विद्युतीकरण वर्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 28.073 |
| 7 | 2026_PWDRB _475280_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विधुत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अन्तर्गत उपलंभाग क्र. एम1 के अधीन अनुभाग लोक भवन में ऑडिटोरियम, सबस्टोशन के विभिन्न गैर आवासीय भवनों में RR/SR/Deposit/MOW/OW विधुतीकरण वर्षिक मरम्मत्त का कार्य। | प्रथम | 28.706 |
| 8 | 2026_PWDRB _475283_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विधुत कार्य | (वि./था) संभाग क्र. 1. भोपाल के अन्तर्गत उपसंभाग कर्मशाला के अधीन अनुभाग चार इमली, कोटरा एवं 1100 क्वार्टरों में विद्युत रखरखाव कार्य हेतु कुशल/अर्धकुशल व्यक्तियों को उपलब्ध कराने का कार्य। | प्रथम | 27.165 |

उपरोक्त बेवसाईट से आनें लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 28/01/2026 साय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेगा। विस्तृत्त एन आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेंगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. (वि.यां.) संभाग क्र.1, भोपाल**

जी - 24528/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# जनहित को राजनीति से ऊपर रखें राज्य सरकारें

भारत का संघीय लोकतंत्र केंद्र और राज्यों के सहयोग पर आधारित है। संविधान की मूल भावना यह है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर जनता के हित में काम करें और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, लेकिन बीते कुछ वर्षों में यह सहयोग कई बार राजनीतिक टकराव में बदलता दिखाई देता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य में केंद्र सरकार की योजनाएं लागू नहीं की जा रहीं, जिससे लोग उनके लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। यह आरोप केवल बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु और पंजाब जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों पर भी केंद्र की योजनाओं की अनदेखी के आरोप लगते रहे हैं। इससे पहले दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार और केंद्र के बीच भी नीतियों को लेकर लगातार खींचतान देखने को मिली थी। केंद्र सरकार की योजनाएं देश के सभी नागरिकों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन या किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का उद्देश्य यह है कि सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक सरकारी मदद पहुंचे। इन योजनाओं के लिए धन पूरे देश के करदाताओं से आता है। ऐसे में यदि कोई राज्य सरकार राजनीतिक कारणों से इन्हें लागू नहीं करती या आधे-अधूरे मन से लागू करती है, तो यह सीधे-सीधे जनता के अधिकारों पर चोट है। गैर-भाजपा शासित राज्यों का तर्क अक्सर यह होता है कि केंद्र योजनाओं के नाम पर राज्यों पर अपनी नीतियां थोपना चाहता है, या फिर वह राज्यों को पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं देता। कुछ राज्यों का यह भी कहना है कि उनके पास पहले से बेहतर या समानांतर योजनाएं मौजूद हैं, इसलिए वे केंद्र की योजनाओं को लागू करना जरूरी नहीं समझते। यह तर्क कुछ हद तक समझ में आता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इन राजनीतिक और प्रशासनिक मतभेदों की कीमत आम जनता को चुकानी चाहिए? हकीकत यह है कि जब केंद्र और राज्य सरकारें आमने-सामने खड़ी हो जाती हैं, तो सबसे ज्यादा नुकसान गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और बच्चे उठाते हैं। यदि किसी राज्य में स्वास्थ्य योजना लागू नहीं होती, तो उसका खामियाजा बीमार और असहाय व्यक्ति को भुगतना पड़ता है। अगर आवास या पोषण से जुड़ी योजनाएं रोकी जाती हैं, तो उसका असर सीधे जीवन स्तर पर पड़ता है। आम नागरिक के लिए यह मायने नहीं रखता कि योजना केंद्र की है या राज्य की, उसके लिए अहम यह है कि मदद समय पर मिले। प्रधानमंत्री द्वारा बंगाल में ममता सरकार पर किया गया हमला इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। राज्य सरकारों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में सत्ता अस्थायी होती है, लेकिन जनता की जरूरतें स्थायी। जनभावना से राजनीति को दूर रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि किसी योजना में खामियां हैं, तो उसे बेहतर बनाने के लिए केंद्र से संवाद किया जाना चाहिए, न कि उसे पूरी तरह ठुकरा दिया जाए। राज्य चाहें तो योजनाओं में स्थानीय जरूरतों के अनुसार बदलाव करें, उनका नाम बदलें या उन्हें अपनी योजनाओं के साथ जोड़ें, लेकिन लाभ लोगों तक पहुंचना चाहिए। कुल मिलाकर लोकतंत्र की सफलता इसी में है कि केंद्र और राज्य मिलकर काम करें। राजनीति अगर जनहित पर भारी पड़ेगी, तो उसका नुकसान पूरे देश को उठाना पड़ेगा।



**महाराजा महादजी सिंधिया पर विशेष**

आशीष प्रताप सिंह राठौड़

> पानीपत की भूमि पर मराठों की पराजय के बावजूद जिस चेतना का जन्म हुआ, वही आगे चलकर उत्तर भारत में हिंदवी स्वराज के पुनर्स्थापन का आधार बनी। इस चेतना के सबसे बड़े संवाहक और पुनर्निर्माता थे-महादजी सिंधिया। पानीपत शौर्य दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि युद्ध केवल तलवारों से नहीं लड़े जाते, बल्कि धैर्य, दूरदृष्टि और नेतृत्व से भी लड़े जाते हैं। यह दिवस महाराजा महादजी सिंधिया जैसे महान राष्ट्रनायक को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने पराजय को अंतिम सत्य मानने से इंकार किया और इतिहास की धारा को मोड़ दिया।

# राष्ट्ररक्षा और हिंदवी स्वराज के नायक

इतिहास की वे तिथियां जो चेतना बन जाती हैं भारत के इतिहास में कुछ तिथियां केवल अतीत की घटनाओं का स्मरण मात्र नहीं होतीं, बल्कि वे राष्ट्र की सामूहिक चेतना, आत्मसम्मान और भविष्य की दृष्टि को दिशा देने वाले प्रतीक बन जाती हैं। ऐसी ही एक तिथि है पानीपत शौर्य दिवस। यह दिवस केवल एक युद्ध की स्मृति नहीं है, बल्कि वह अवसर है जब हम पराजय के भीतर छिपे अदम्य साहस, आत्मबल, पुनरुत्थान और राष्ट्रनिष्ठा को पहचानते हैं। 14 जनवरी 1761, तृतीय पानीपत युद्ध की तिथि, को सामान्यतः मराठा पराजय के रूप में देखा जाता है। किंतु यदि हम इतिहास को केवल विजय-पराजय के तराजू पर तौलें, तो हम उसके गहरे संदेशों से वंचित रह जाते हैं। मुगल साम्राज्य पतन की ओर अग्रसर था। केंद्रीय सत्ता कमजोर हो चुकी थी और उसका लाभ उठाकर अनेक विदेशी और आंतरिक शक्तियां भारत की भूमि पर प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास कर रही थीं। एक ओर अफगान आक्रांता अहमद शाह अब्दाली बार-बार भारत पर आक्रमण कर रहा था, तो दूसरी ओर अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी व्यापार के बहाने राजनीतिक सत्ता की जड़ें जमाने में लगी थी। ऐसे समय में यदि कोई स्वदेशी शक्ति भारत की एकता और अस्मिता की रक्षा के लिए खड़ी थी, तो वह थी मराठा शक्ति। छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित हिंदवी स्वराज की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए पेशवा बाजीराव और उनके उत्तराधिकारियों ने मराठा साम्राज्य को भारत की सबसे शक्तिशाली स्वदेशी सत्ता बना दिया। मराठों का उद्देश्य केवल क्षेत्रीय विस्तार नहीं था, बल्कि विदेशी आक्रांताओं से भारत की रक्षा और स्वदेशी शासन व्यवस्था की स्थापना था।

इसी उद्देश्य से मराठा सेना उत्तर भारत पहुंची। परंतु 14 जनवरी 1761 को पानीपत के मैदान में हुआ तृतीय युद्ध मराठों के लिए अत्यंत भीषण सिद्ध हुआ। लाखों सैनिकों की मृत्यु हुई, अनेक वरिष्ठ सेनानायक वीरगति को प्राप्त हुए और मराठा शक्ति को गहरा आघात लगा। यह पराजय केवल सैन्य नहीं थी, बल्कि मानसिक और संगठनात्मक भी थी। किंतु इतिहास की विडंबना यही है कि कभी-कभी सबसे बड़े पुनर्निर्माता सबसे बड़ी पराजयों की कोख से जन्म लेते हैं। पानीपत के बाद वही भूमिका निभाई महाराजा महादजी सिंधिया ने। महादजी सिंधिया का जन्म 3 दिसंबर 1730 को मराठा साम्राज्य के प्रतिष्ठित सेनानायक रणोजी शिंदे के घर हुआ। सिंधिया राजवंश मराठा साम्राज्य के उन स्तंभों में से एक था, जिसने सैन्य, राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से साम्राज्य को सुदृढ़ किया। बाल्यकाल से ही महादजी को युद्धकला, घुड़सवारी, तलवारबाजी, रणनीति और प्रशासन का गहन प्रशिक्षण मिला। वे केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक चिंतनशील नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित हो रहे थे। उनमें असाधारण स्मरण शक्ति, राजनीतिक सूझबूझ और संकट में निर्णय लेने की क्षमता थी। 1758 में जब वे अहमद शाह अब्दाली के विरुद्ध युद्ध अभियानों में शामिल हुए, तब पहली बार उनकी वीरता और नेतृत्व क्षमता व्यापक रूप से सामने आई। किंतु उनका वास्तविक परीक्षा-पल आया-1761 का पानीपत युद्ध। पानीपत के युद्ध में महाराजा महादजी सिंधिया अपेक्षाकृत युवा थे, किंतु वे मराठा सेना के अग्रिम मोर्चे पर थे। उन्होंने युद्ध के दौरान अद्वितीय साहस और



युद्धकौशल का परिचय दिया। किंतु युद्ध की भयावहता ऐसी थी कि वे स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में गहरी चोट आई, जिससे वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। वे जीवन और मृत्यु के बीच झूलते रहे। युद्ध में अधिकांश मराठा सेनानायक वीरगति को प्राप्त हुए। मराठा नेतृत्व लगभग समाप्त-सा हो गया। ऐसे समय में महाराज महादजी सिंधिया का जीवित बचना इतिहास का निर्णायक क्षण सिद्ध हुआ। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यदि वे उस युद्ध में जीवित न रहते, तो उत्तर भारत में मराठा शक्ति का पुनरुत्थान संभव ही नहीं होता।

पानीपत के बाद मराठा साम्राज्य गहरे संकट में था। सैनिकों की संख्या कम हो चुकी थी, संसाधन नष्ट हो चुके थे और आत्मविश्वास डगमगा गया था। किंतु महाराज महादजी सिंधिया ने हार को स्वीकार करने के बजाए उसे रणनीतिक पुनर्निर्माण का आधार बनाया। उन्होंने यह समझ लिया था कि अब केवल पारंपरिक युद्ध शैली से काम नहीं चलेगा। भारत की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में आधुनिक सैन्य संगठन, अनुशासन और कूटनीति की आवश्यकता थी। महादजी सिंधिया का सबसे बड़ा योगदान मराठा सेना का आधुनिकीकरण था। उन्होंने फ्रांसीसी सैन्य अधिकारियों की सहायता से सेना को प्रशिक्षित किया। यह उस समय एक क्रांतिकारी कदम था, क्योंकि अधिकांश भारतीय शासक अभी भी परंपरागत युद्ध प्रणालियों पर निर्भर थे। महादजी सिंधिया ने ग्वालियर को अपनी शक्ति का केंद्र बनाया। ग्वालियर किले को उन्होंने सैन्य और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत सुदृढ़ किया। यह किला मराठा साम्राज्य की उत्तरी राजनीति का केंद्र बन गया। ग्वालियर से उन्होंने उत्तर भारत की राजनीति को नियंत्रित किया और मराठा प्रभाव को पुनर्स्थापित किया।

पानीपत के केवल दस वर्षों के भीतर, 1771 में, महादजी सिंधिया ने वह कर दिखाया जो असंभव प्रतीत हो रहा था। मराठा सेना ने दिल्ली पर पुनः अधिकार किया और मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय को सिंहासन पर पुनः बैठाया। यह घटना केवल राजनीतिक नहीं थी, बल्कि हिंदवी स्वराज की पुनर्स्थापना का प्रतीक थी। महादजी सिंधिया केवल तलवार के नहीं, बल्कि कूटनीति के भी महानायक थे। वे अंग्रेजों की बढ़ती शक्ति को भली-भांति समझते थे। उन्होंने अनावश्यक युद्ध से बचते हुए संतुलन की नीति अपनाई। 1782 की सालबाई संधि ने मराठों और अंग्रेजों के बीच अस्थायी शांति स्थापित की। इस संधि का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि महादजी सिंधिया को उत्तर भारत में मराठा शक्ति को सुदृढ़ करने का समय मिला। महाराज महादजी सिंधिया धार्मिक रूप से सहिष्णु शासक थे। उन्होंने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों का सम्मान किया। मुगल सम्राट की रक्षा करना और दिल्ली में व्यवस्था बनाए रखना इसका स्पष्ट प्रमाण है। उनका शासन स्थिरता, न्याय और संतुलन पर आधारित था। 12 फरवरी 1794 को महादजी सिंधिया का निधन हुआ। अंग्रेजों ने इसी कमजोरी का लाभ उठाकर धीरे-धीरे भारत पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया। पानीपत शौर्य दिवस हमें यह सिखाता है कि पराजय अंतिम सत्य नहीं होती। महादजी सिंधिया ने सिद्ध किया कि हार से भी इतिहास बदला जा सकता है, यदि नेतृत्व में साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्रभक्ति हो। वे केवल एक सेनानायक नहीं, बल्कि हिंदवी स्वराज के पुनर्निर्माता थे। उनका जीवन भारतीय इतिहास में साहस, त्याग और पुनरुत्थान का अमर प्रतीक है। पानीपत शौर्य दिवस पर महाराजा महादजी सिंधिया का स्मरण हमें यह प्रेरणा देता है कि राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा के लिए किया गया कोई भी संघर्ष व्यर्थ नहीं जाता।

(लेखक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और माधौ महाराज स्मृति फाउंडेशन के संयोजक हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## वक्त का दरिया

राकेश अचल



# शायद... धर्माचरण से बदल जाए राजनीति में किस्मत?

1990 मे पहली बार विधायक बने डॉ. नरोत्तम मिश्रा को विधानसभा से बाहर रहते हुए दो साल पूरे हो गए हैं। उन्हे पुनः विधानसभा में प्रवेश के लिए अभी तीन साल और प्रतीक्षा करना पड़ेगी। 2028 में मप्र विधानसभा के लिए जब चुनाव होंगे उस समय डॉ. मिश्रा को पार्टी टिकट देगी या नहीं ये कहना मुश्किल है। इसलिए डॉ. मिश्रा आजकल अपनी घरेलू राजनीति पर ध्यान दे रहे हैं। आपको याद होगा कि अजेय माने जाने वाले डॉ. नरोत्तम मिश्रा पिछला विधानसभा चुनाव दतिया से हार गए थे। तबसे अब तक पार्टी ने उनका पुनर्वास नहीं किया है। मप्र भाजपा अध्यक्ष के लिए भी उनका नाम जोर से चला किंतु लॉटरी खुली हेमंत खंडेलवाल के नाम की। अब डॉ. मिश्रा के सामने अपने भविष्य के साथ ही अपने बेटे सुकर्ण के राजनीतिक भविष्य का भी सवाल है।

नरोत्तम मिश्रा भविष्य में खुद चुनाव लड़ें या अपने बेटे को चुनाव लड़ाएं लेकिन उन्हें जाना दतिया ही पड़ेगा। दतिया ने उन्हे नहीं बल्कि उनके दंभ को ठुकराया था। उनके आतंक को ठुकराया था। मुझे लगता है कि पिछले दो साल में जिस तरह दतिया का विकास ठिठका है उसे देखते हुए जनता उन्हें दोबारा मौका दे सकती है। लेकिन अब जब अगला चुनाव होगा तब तक क्या कुछ बदल चुका होगा, कहना कठिन है। खबरें बताती हैं कि राजनीति में अप्रासंगिक होने से बचने के लिए डॉ. नरोत्तम मिश्रा धर्माचरण का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने अपने गृहनगर डबरा में नवग्रह मंदिर बनवाया है। इस मंदिर के जरिए वे जनता के साथ ही अपनी पार्टी मे भी जगह बनाना चाहते हैं। इस समय वे अपने पुत्र के साथ फुल टाइम धर्माचरण कर रहे हैं। वे पीतांबर धारण कर रहे हैं तो उनका बेटा भगवा धारण किए नजर आ रहा है। भाजपा में शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री काल में संकटमोचक की छवि बनाने वाले डॉ. मिश्रा यदि चुनाव न हारते तो उन्हे अर्श से फर्श पर न आना पड़ता। उन्होंने विधायक और मंत्री रहते हुए यश, वैभव जितना कमाया उतना मप्र के किसी और भाजपा विधायक के हिस्से में नहीं आया फिर भी वे भाजपा के गोपाल भार्गव नहीं बन सके। मुमकिन है कि नरोत्तम को अपनी गलती का अहसास हो गया हो, इसीलिए उन्होंने धर्म की राह पकड़ी है।



*मुमकिन है कि नरोत्तम को अपनी गलती का अहसास हो गया हो, इसीलिए उन्होंने धर्म की राह पकड़ी है।*

उल्लेखनीय है कि भाजपा में ब्राह्मण नेतृत्व के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं। डॉ. मिश्र से पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के भांजे अनूप मिश्रा को बेपटरी किया जा चुका है जबकि वे एक विधायक और मंत्री के तौर पर डॉ. नरोत्तम मिश्र से इक्कीस बैठते हैं। उन्हे चुनावों में पराजय का सामना भी करना पड़ा और पार्टी नेतृत्व की उपेक्षा का भी। वे भी नरोत्तम मिश्रा की तरह धार्मिक हैं। उन्होने भी ग्वालियर में लक्ष्मी मंदिर की स्थापना के अलावा कुछ भगवान परशुराम के मंदिर बनवाए। भाजपा में डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अनूप मिश्रा की ही तरह बुंदेलखंड में सर्वाधिक जमीनी नेता गोपाल भार्गव भी भाजपा की अंदरूनी राजनीति के शिकार हो चुके हैं। अजब संयोग है कि एक समय में इन तीनों के नाम भावी मुख्यमंत्री के तौर पर सुर्खियों में आए किंतु किस्मत और पार्टी नेतृत्व ने इन तीनों का साथ नहीं दिया। आने वाले दिनों में भी ब्राम्हण नेतृत्व के लिए अवसर सीमित बचे हैं। मजे की बात ये है कि ग्वालियर की राजनीति में एक समय अन्ना, गन्ना और मुन्ना के रूप में चर्चित अनूप मिश्रा, डॉ. नरोत्तम मिश्रा और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर धीर-गंभीर होते हुए भी लगातार क्षीण हो रहे हैं। तीनों अपने वजूद और विरासत को लेकर चिंतित हैं। तीनों के सामने उत्तराधिकारियों को राजनीति में स्थापित करने की चुनौती है। अब देखना है कि फिलहाल क्या नवगृह मंदिर डॉ. नरोत्तम मिश्र के ग्रह और दशा बदलने में सहायक होता है या नहीं? पार्टी के बड़े नेताओं से उनकी मुलाकातें तो चल ही रही हैं, पर उनका राजनीतिक रंग कैसा होता है, यह वक्त ही बताएगा?

(लेखक ग्वालियर के वरिष्ठ पत्रकार हैं, यह उनके अपने विचार हैं।)

# यमदूतों को देख डर जाता है व्यक्ति




संकलित

**दर्शन**

गरुड़ पुराण में मृत्यु के बाद के रहस्य, आत्मा की यात्रा, पाप-पुण्य, स्वर्ग और नरक के बारे में विस्तार से बताया गया है। संसार का ये नियम अटल है कि जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु भी तय है। जन्म और मृत्यु दो वो छोर हैं, जिनकी प्रक्रियाएं एक दूसरे से बहुत अलग हैं। गरुड़ पुराण के अनुसार, मृत्यु के समय व्यक्ति के शरीर में जो हलचल होती है वो उसके कर्मों और उसकी मानसिक स्थिति पर निर्भर करती है। गरुड़ पुराण में आंखों के पलटने के पीछे कुछ प्रमुख वजहें बताई गई हैं, जिस व्यक्ति को जीवनकाल में सांसारिक सुखों, धन-संपत्ति और परिवार का अधिक मोह रहता है, उसके लिए प्राण त्यागना बहुत कष्टकारी होता है। गरुड़ पुराण कहता है मृत्यु के पास आने पर भी ऐसा व्यक्ति संसार नहीं छोड़ना चाहता। उसमें जीने की इच्छा रहती है। यही इच्छा उसे शरीर से बांधकर रखती है, इसलिए जब शरीर से प्राण खींचे जाते हैं, तो आंखें ऊपर की ओर उलट जाती हैं। वहीं शास्त्रों में बताया गया है कि जब यमदूत आत्मा को लेने आते हैं, तो उनका स्वरूप देखकर मरणासन्न व्यक्ति डर जाता है। वो कुछ कहना चाहता है, लेकिन उसकी आवाज गले में अटक जाती है। डर में उसकी पुतलियां फैल जाती हैं और आंखें उलट जाती है. यमदूत जब बल से आत्मा को शरीर से निकालते हैं, तो भी ऐसी अवस्था हो जाती है, वहीं जब प्राण मस्तक या आखों से निकलते हैं, तो भी आंखें पलट जाती हैं।

# अपनी बुराई सुनकर परेशान न हों



संकलित

**प्रेरणा**

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

## सटाका




## आज की पाती


### सड़क पर मवेशी

राजधानी रायपुर में आवारा कुत्तों के साथ ही अब मवेशी लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। रायपुर में जिस ओर भी जाएं, सड़क पर मवेशी नजर आते हैं। नगर निगम का अमला कुछ दिन कार्रवाई करता है और शांत हो जाता है। ऐसे में सड़क पर चलने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है। आए दिन सड़क हादसे की वजह सड़क पर मवेशी बनते हैं।

*-शाहिन बेगम, रायपुर*

## करंट अफेयर


# गैलेक्सीआई 'मिशन दृष्टि' के लिए तैयार



अंतरिक्ष क्षेत्र का स्टार्टअप गैलेक्सीआई अपनी तरह के पहले उपग्रह को प्रक्षेपित करने की तैयारी में है जो 'ऑप्टिकल' और 'रडार सेंसर' से प्राप्त आंकड़ों को एकीकृत कर पृथ्वी की तस्वीरें तैयार करेगा। इन तस्वीरों का उपयोग रक्षा से लेकर कृषि तक कई क्षेत्रों में किया जा सकेगा। स्टार्टअप की इस वर्ष की पहली तिमाही में 'मिशन दृष्टि' नामक बहु-संवेदी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को प्रक्षेपित करने और 2030 तक इसे 10 उपग्रहों के एक समूह में विस्तारित करने की योजना है। गैलेक्सीआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुयश सिंह ने कहा, मिशन दृष्टि वैश्विक स्तर पर पहला ऐसा उपग्रह है, जिसमें एक ही प्लेटफॉर्म पर रडार सेंसिंग और ऑप्टिकल इमेजिंग को एकीकृत किया गया है। इसके साथ ही यह भारत का निजी तौर पर विकसित सबसे बड़ा उपग्रह भी है। सिंह ने बताया कि गैलेक्सीआई अगले कुछ वर्षों में दो और उपग्रह तैनात करने की योजना बना रहा है और दशक के अंत तक छह-सात अतिरिक्त उपग्रह जोड़कर कुल संख्या 2030 तक 10 करने का लक्ष्य है। इससे बड़े पैमाने पर लगभग तुरंत डेटा उपलब्ध कराया जा सकेगा। जहां मल्टी-स्पेक्ट्रल ऑप्टिकल कैमरा पृथ्वी की तस्वीरें लेता है।

## ऑफ बीट

# 'काजीरंगा कॉरिडोर' से वन्यजीवों की होगी सुरक्षा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को जिस 'काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर' परियोजना की आधारशिला रखेंगे, उसका उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीवों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और 'इकोटूरिज्म' को बढ़ावा देना है। 'इकोटूरिज्म' से तात्पर्य प्राकृतिक क्षेत्रों में ऐसे पर्यटन से है जिससे स्थानीय वन्य जीवन एवं पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके और उन्हें लाभ पहुंचे। मोदी ने कहा कि 6,957 करोड़ रुपये की यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर दुर्घटनाओं को कम करने में भी मदद करेगी। एक अधिकारी ने बताया कि परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-37 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग-715) के कालियाबोर-नुमालीगढ़ खंड को चार लेन का किया जाएगा और लगभग 34 .45 किलोमीटर का 'एलिवेटेड कॉरिडोर' बनाया जाएगा। इसके तहत जखलाबांधा और बोकाखाट में बाईपास भी बनाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस परियोजना को उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और भारतीय वन्यजीव संस्थान की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि परियोजना का उद्देश्य मध्य एवं अपर असम के बीच संपर्क बेहतर करना और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की समृद्ध जैव विविधता का संरक्षण सुनिश्चित करना है।

## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर एक्शन



डबल इंजन सरकार बनते ही पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही मतुआ और नामशूद्र जैसे शरणार्थियों को पूरी सुरक्षा देकर उनकी बस्तियों में विकास को गति दी जाएगी, ये मोदी की गारंटी है।

**- नरेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री**

### नाकाम व्यवस्था दोषी



माघमेला क्षेत्र में इस साल फिर से साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य है। प्रश्न ये है कि ऐसी घटनाएं भाजपा की सरकार में ही क्यों हो रही हैं। इस अवस्था के लिए भाजपा का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना



वाराणसी में अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को हटाने की खबर से समाज के एक बड़े वर्ग में काफी रोष व आक्रोश व्याप्त है। इस अति-दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### जनता पर विश्वास



हमें पूरा विश्वास है कि तमिलनाडु की जनता आरएसएस-भाजपा की कट्टरता, सांप्रदायिकता और भेदभावपूर्ण राजनीति के बजाय समानता, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और सुशासन को चुनेगी। कांग्रेस जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

फिंगर प्रिंट न मिलें इसलिए हाथ में दस्ताने पहनता है गिरोह, पूर्व में भी कर चुका बड़ी वारदात

# कटारा हिल्स में नकाबपोश गिरोह सक्रिय, हाथ में दस्ताने और मंकी कैप पहनकर कर रहा वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कटारा हिल्स के रहवासियों में दहशत का माहौल है।

■ गिरोह सूने मकानों से चोरी के

दरअसल, यहां एक गिरोह लंबे समय से रुक रुककर वारदात को अंजाम दे रहा है। गिरोह ने 15-16 जनवरी की दरमियानी रात बीडीए के स्वामी विवेकानंद परिसर में धावा बोल दिया। गिरोह ने नर्सिंग ऑफिसर, हॉस्टल अधीक्षक, सहित गुजरात में नौकरी करने वाले परिवार के सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का माल बटोर लिया। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं, जिसमें पांच संदिग्ध नजर आए हैं। सभी मुंह पर नकाब और हाथ में दस्ताने पहने हुए हैं। इलाके में एक साथ हुई तीन घरों में वारदात के बाद पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है।

## फ्लैट से भी लाखों की चोरी

इसी कॉलोनी के धर्मेंद्र से पंकज की मुलाकात हुई तो धर्मेंद्र ने बताया कि उनके परिचित विश्वजीत सिंह के फ्लैट 104 स्वामी विवेकानन्द में भी चोरी हो गई है। धर्मेंद ने बताया, विश्वजीत गांधी नगर में नौकरी करते हैं उनके बच्चे एवं उनकी पत्नी यहां फ्लैट में रहते हैं। उनकी पत्नी और बच्चे अभी गांधी नगर गए हुए हैं। बदमाश उनके घर से अलमारी का लॉकर तोड़कर 25 हजार नगदी और सोने की चेन, हार चुराकर ले गए हैं।

### हॉस्टल वार्डन के घर से भी चोरी

कॉलोनी में रहने वाले प्रमोद कामले ने बताया कि जबलपुर निवासी संध्या हॉस्टल में वार्डन है। उनका बी-7 स्वामी विवेकानंद परिसर में मकान है। उनके घर भी बदमाशों ने 15-16 जनवरी की रात वारदात को अंजाम दिया और सामान चुराकर ले गए। संध्या के भोपाल पहुंचने पर पता चल सकेगा कि उनके घर से क्या क्या चोरी हुआ है।

### नर्सिंग ऑफिसर के घर का ताला तोड़ा

पंकज धाकड़ (29) मकान नंबर-ए/133 स्वामी विवेकानन्द परिसर कटारा हिल्स में रहते हैं और एम्स में नर्सिंग ऑफिसर हैं। मूलतः राजस्थान के रहने वाले पंकज की पत्नी और बेटी गत 12 जनवरी को राजस्थान गए हैं। पंकज घर पर अकेले थे। 15 जनवरी की रात करीब पौने 8 बजे वह घर के मुख्य गेट पर बाहर से ताला लगाकर चले गए।

चोरी के ई रिक्शे कबाड़खाने में बेचने घूम रहा था नाबालिग

# नशे के लिए ई-रिक्शे चोरी करता था नाबालिग, दो रिक्शे किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवारा पुलिस ने दो ई-रिक्शा चोरी करने वाले नाबालिग को हिरासत में लिया है। नाबालिग ने पुलिस को बताया वह नशे का आदी है। आरोपी ने ई- रिक्शा की बेट्री बेच दी थी, रिक्शा को भी वह कबाड़े में बेचने की फिराक में था, उससे पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया। दोनों ई-रिक्शा की कीमत चार लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, बीते शुक्रवार को अनिकेत लोधी पिता भगवान सिह लोधी (24) गोविन्दपुरा ने पुलिस को बताया कि उनका ई-रिक्शा चोरी हो गया।



बरामद ई रिक्शों के साथ पुलिसकर्मी ।

## खबर संक्षेप



### सड़कों पर बह रहे पानी व कीचड़ से लोग परेशान

**मंडीदीप।** सतलापुर वार्ड 15 में मां मानसा मंदिर से खेड़ापति मंदिर तक कई दिनों से नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे कीचड़ हो रही है। स्कूली बच्चे, कामकाजी महिलाएं और आए दिन दो पहिया वाहन फिसलने से घायल हो चुके हैं। वार्ड के रहवासी निलेश साहू ने बताया कि वार्ड चुनाव के बाद पार्षद वार्ड को देखने तक नहीं आए। नियमित सफाई न होना भी समस्या है। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि अगर जल्द निराकरण नहीं किया जाता है तो मजबूरन नगर पालिका में विरोध प्रदर्शन करने विवश होना पड़ेगा।

### त्रिलोचन सिंह बिट्टू का जन्मदिन मनाया

**औबेदुल्लागंज।** रविवार को वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोचन सिंह



बिट्टू का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर के कई वरिष्ठ लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी। उनके जन्मदिन पर त्रिलोचन बिट्टू ने गुरुद्वारे जाकर अरदास की और उनकी पत्नी पूर्व नपा अध्यक्ष हरप्रीत कौर बिट्टू ने जन्मदिन की बधाई दी। नीरज चावला, वचन लोधी, बंटी जोशी, शांतनु पांडे, मनजीत सिंह, लखविंदर सिंह आदि ने बधाई दी।

पुलिस कार जब्त आरोपी चालक पर कार्रवाई कर रही

# शौर्य स्मारक के पास बाइक सवार युवक को कार ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए | कार शासकीय विभाग में अटैच है

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित सौर्य स्मारक के पास ठंडी सड़क पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजाइर कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। आमने सामने की इस टक्कर में बाइक के परखच्चे उड़ गए, वहीं बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस कार जब्त आरोपी चालक पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार कार शासकीय विभाग में अटैच है।

पुलिस के अनुसार सतीश मेहरा (45) नाथू बरखेड़ा में रहते थे और प्राइवेट गाड़ी चलाते थे। रविवार को एमपी नगर आ रहे थे। उन्होंने बाइक ठंडी सड़क ली और आगे बढ़ रहे थे। इसी बीच शौर्य स्मारक के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला पहिया टूट गया। गंभीर चोट होने के कारण सतीश मेहरा को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक।

### खाली सड़क पर थी दोनों की

पुलिस ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा दोपहर करीब एक बजे के आसपास हुआ। रविवार होने के कारण सड़क पर ट्रैफिक कम था। कार वाला ढलान की तरफ जा रहा था, जबकि बाइक सवार सतीश मेहरा ढलान चढ़ने के बाद समतल रोड पर आए थे। दोनों की रफ्तार अधिक थी। लिहाजा टक्कर होते ही बाइक का अगला पहिया टूट गया और कार भी सामने से क्षतिग्रस्त हुई है।

ठंड से बुजुर्ग की मौत होने का अनुमान

## घर से लापता हुए 76 साल के बुजुर्ग की खेत में मिली लाश

**भोपाल।** परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पुरा छिंदवाड़ा में गत 16-17 जनवरी की दरमियानी रात घर से लापता हुए 76 साल के बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी लाश घर से करीब चार सौ मीटर की दूरी पर शिवलाल मीणा के खेत पर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। डॉक्टर ने बुजुर्ग की मौत ठंड से होने की बात कही है। हालांकि पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार विजय राम मीणा (76) गांव पुरा छिंदवाड़ा थाना परवलिया सड़क में रहते थे। वे किसान थे, लेकिन सड़क हादसे में लंबे समय पूर्व उनका एक हाथ कट गया था। हाथ कटने के बाद वह दुखी रहने लगे और उनका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था। मानसिक संतुलन बिगड़ने वह बाइक लिफ्ट मांगकर निकल जाते थे और भीख मांगते थे, जबकि परिवार सक्षम है। उनके पांच बेटे हैं। गत 16-17 जनवरी की रात करीब एक बजे वह घर से बिना बताए कंबल लेकर निकल गए। इसके बाद घर नहीं लौटे। तलाश करने के बाद भी जब उनका कुछ पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर परिजन ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस और परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। एक दिन बाद 18 जनवरी को उनके नाती राजू मीणा ने गांव में रहने वाले शिवलाल मीणा के खेत में गेहूं की फसल के बीच कंबल पड़ा देखा। वह खेत में अंदर गया तो खेत के बीचो बीच उनकी लाश पड़ी नजर आई। परिजन ने घटना की शिकायत पुलिस को दी।

वीडियो वायरल होने के बाद राजस्थान पुलिस ने लिया एक्शन

# भोपाल के युवक को राजस्थान पुलिस ने सकुशल छुड़ाया, प्रेमिका के कहने पर पहुंचा था राजस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र से लापता हुए युवक को राजस्थान पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। दरअसल, राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम पुलोरो में रहने वाली उसकी प्रेमिका ने उसे कॉल कर बुला लिया था।

**बीयर की बोतल में आपत्तिजनक तरल पिलाया**

वहां उसके परिजन ने युवक के साथ मारपीट की और उसे बीयर की बोतल में आपत्तिजनक तरल पदार्थ पिला दिया। मारपीट और तरल पदार्थ पिलाने का वीडियो आरोपियों ने युवक के परिजन को भेज दिया था। परिजन ने कोलार पुलिस से मदद मांगी। कोलार पुलिस ने राजस्थान पुलिस को घटना की जानकारी दी और राजस्थान पुलिस ने युवक को आरोपियों के चंगुल से सकुशल छुड़वा लिया। जानकारी के अनुसार 18 साल का सोनू कोलार थाना क्षेत्र में रहता है और प्रेम-प्रसंग झालावाड़ जिले के ग्राम पुलोरो निवासी एक युवती से चल रहा था। युवती करीब 15 दिन पहले भोपाल आई थी और सोनू के साथ रहने लगी।

युवती के परिजन ने उसे समझा बुझाकर बुला लिया और युवती गांव लौट गई। तीन दिन पहले युवती ने परिजन के कहने सोनू को गांव बुलाया। सोनू उससे मिलने गांव पहुंचा तो युवती के परिजन ने उसे बंधक बना लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की।

### परिजन ने मांगी कोलार पुलिस से मदद

युवक से मारपीट और बीयर की बोतल में तरल पदार्थ पिलाने का वीडियो आरोपियों द्वारा परिजन के नंबर पर भेज दिया गया था। परिजन वीडियो लेकर कोलार थाने पहुंचे। कोलार पुलिस ने परिजन से पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि वह राजस्थान स्थित झालावाड़ जिले के पुलोरो गांव गया हुआ। पुलिस ने स्थानीय पुलिस को वीडियो भेजा और घटना की जानकारी दी। राजस्थान की स्थानीय पुलिस ने युवक को सकुशल दस्तयाब कर लिया है। परिजन उसे लेने राजस्थान निकल गए है।

**घटना राजस्थान की है, पर मदद मांगी तो लिया एक्शन**

*कोलार थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि पूरा घटनाक्रम राजस्थान का है। हमारे पास न तो कोई गुमशुदगी दर्ज है और न ही कोई अपराध दर्ज है। परिजन ने घटना की जानकारी दी थी। युवक सुरक्षित लौट आए, इसलिए हमारे द्वारा राजस्थान राजगढ़ पुलिस को मौके पर भेजा गया है और राजस्थान पुलिस को पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।*

### नववर्ष मिलन समारोह में मिले आरक्षक



*भोपाल। राजधानी और आसपास के जिलों में पदस्थ आरक्षकों ने रविवार दोपहर कोलार में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया। सभी आरक्षक वर्ष 2012 के बैच के हैं और पूर्व में राजधानी में रह चुके हैं। कुछ आरक्षक आसपास के जिलों में पदस्थ हैं।*

ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान

# नशामुक्ति रैली निकाल कर किया पौधरोपण



रैली में शामिल लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय व्याख्यान का आयोजन शासकीय वीर सावरकर महाविद्यालय में मप्र जन अभियान परिषद ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे एवं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने किया। ब्लाक समन्वयक निशा बहेकार ने बताया कि परिषद ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान गांवों में चला रही है। इस अभियान अंतर्गत ग्राम दिवस, ग्राम चौपाल, परिवार संपर्क, समरसता, पर्यावरण संरक्षण,जल प्रबंधन आदि पर सामुदायिक रूप से कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह ने ग्रामों में सामुदायिक सदभाव एवं न्याय के लिए सहयोग करने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति रैली, पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर अध्यक्ष सुनील सेरिया, सेक्टर गौहरगंज अध्यक्ष हरनाम, परामर्शदाता प्रेम नारायण सोनी, राहुल नागर, भूपेंद्र नागर, दाहोद समिति अध्यक्ष सज्जन नागर, जनपद सदस्य, समिति अध्यक्ष एवं सचिव सदस्य, एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

मुख्य चौराहे, गौहरगंज रोड समेत अन्य सड़कों पर रेंग रहे वाहन

# सड़क पर वाहनों को खड़ा कर खरीदारी, लग रहा ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ता जा रहा है। मुख्य चौराहे, गौहरगंज रोड समेत अन्य सड़कों पर बीच रास्ते में वाहनों को खड़ा करने का सिलसिला जारी है, जिससे दिन भर ट्रैफिक जाम के हालात बने रहते हैं। रविवार को भी यही स्थिति देखने को मिली, जब सड़क पर लोडिंग वाहन, बाइक, कार खड़ी कर लोग नाश्ता और सामान खरीदने चले गए। इस कारण जाम लग गया। अतिक्रमण एवं पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण भी यातायात प्रभावित हो रहा है। इस कारण नोंकझोंक की स्थिति बनती है।

स्कूल वाहनों के चालकों को परेशानी हो रही है। ट्रैफिक पुलिस सक्रिय नहीं होने से लगातार जाम लगने के कारण वाहन चालक परेशान हो रहे हैं।



जाम में फंसी स्कूल बस।



इस तरह रास्ते में खड़े करते हैं वाहन।

**यातायात को सुचारु बना रहे हैं**

नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। समय-समय पर अतिक्रमण के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाती है। नगर परिषद यातायात व्यवस्था बनाने के लिए प्रयत्नशील है।


**किरण रहंगडाले,** सीएमओ, नगर पंचायत औबेदुल्लागंज

वाहनों पर कूदने से कांच भी टूटे

# महावीर कॉलोनी में बंदरों का खौफ, घरों का सामान कर रहे तितर-बितर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वार्ड नंबर 2 महावीर कॉलोनी, दिग्विजय कॉलोनी, विजयनगर आदि में बंदरों की दहशत है। यह छतों पर



चढ़कर धमाचौकड़ी मचाते हैं फिर छत से कूदकर टीन पर कूदते हैं। घरों का सामान तितर-बितर कर देते हैं। महावीर कॉलोनी में मिश्रा एवं मस्तान यादव की गाड़ियों पर बंदर छत से कूदे, जिससे गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। संजय सिंह चौहान, विकास श्रीवास्तव, मनीष गोशिंदे, सर्वेश गौर, अशोक सेठी, जीवनलाल साहू, नवल मालवीय, बृजमोहन यादव, मौनी नागर, पंकज शर्मा, शैलेंद्र दुबे, जीतू नंदवंशी, मिक्की सहगल, सुरेंद्र थानेदार आदि ने बताया कि महावीर कॉलोनी वार्डवासी कुत्तों, सुअरों भी परेशान है। लोगों ने मांग की है कि वन विभाग को शीघ्र बंदरों को पकड़ना चाहिए।

पुलिस का मुखबिर तंत्र फेल

# सटोरिए हुए हाईटेक, फोन से प्रतिदिन लिया जा रहा लाखों रुपए का सट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में पुराने सटोरिए फिर सक्रिय हैं। यह अब ग्राहकों को पर्ची नहीं, फोन का इस्तेमाल कर लगाने वाले अंकों का फोटो खींच दांव लगवा रहे हैं। अधिकांश जगहों पर



ऑनलाइन सट्टा बड़े स्तर पर चल रहा है, नपा क्षेत्र में करीब एक दर्जन सटोरिए मोबाइल पर खाईबाजी कर रहे हैं। कई क्षेत्र में सट्टे के कई खाईबाज अब महिला आईपीएल में भी लाखों का गेम खिला रहे हैं, जिसके अलग-अलग कोड वर्ड है। वहीं मंडीदीप पुलिस का खुफिया तंत्र फेल है। मंडीदीप थाने के अनुसार 2023 की अपेक्षा 2025 में 25 प्रतिशत सट्टे का अपराध का ग्राफ बढ़ा है। मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने बताया कि मंडीदीप पुलिस का मुखबिर तंत्र मजबूत है। हमें जहां से भी सूचना मिलती है, हम सटोरियों को पकड़ते हैं। रही बात ऑनलाइन सट्टे की, तो उस पर भी हमारी नजर है।

## खाटू श्याम मंदिर में देर रात तक चलता रहा भक्ति मय गीतों का सिलसिला

दो दिन चलने वाले 7वें वार्षिक महोत्सव का समापन

# आलौकिक श्रृंगार और छप्पन प्रकार के व्यंजनों से लगाया खाटू श्याम को भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जय श्री श्याम के जयकारों के साथ रविवार को श्री खाटू श्याम मंदिर से राज राजेश्वर मंडीदीप नरेश के 7वें वार्षिक महोत्सव का आलौकिक श्रृंगार, मेवा और ड्राय फ्रूट, फूलों से श्रृंगार किया गया वही छप्पन भोग लगाया गया । यह दो दिवसीय पावन आयोजन 17 और 18 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया।

जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रविवार को देर रात तक चले भक्ति संगीत से भक्तों ने शमा बांध लिया। महोत्सव की शुरुआत शनिवार सुबह भव्य निशान यात्रा से हुई। यह यात्रा सुबह 11 बजे खेड़ापति माता मंदिर (बीएसएनएल कार्यालय के पास) से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से गुजरते हुए इंडस रियल्टी स्थित आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। निशान यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और जयकारों के साथ बाबा श्याम की भक्ति में डूबे रहे। शाम को उत्सव का रंग और भी भक्तिमय हो गया, जब शाम 7 बजे से श्री श्याम मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने हाथों में मेहंदी सजाई और बाबा के भजन गाए।



खाटू श्याम की झांकी का दृश्य।



श्याम बाबा की आरती गाते भक्त।

### अग्रवाल की पुण्यतिथि पर किया स्मरण

वही आयोजन करता संजय अग्रवाल के पिता वेदप्रकाश अग्रवाल की पुण्यतिथि में परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें याद किया और उनको भी भोग लगाए। आयोजन समिति के सदस्य संजय अग्रवाल और ज्ञान चौहान ने बताया कि महोत्सव का दूसरा दिन (रविवार, 18 जनवरी) और भी विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें बाबा श्याम का अभिषेक और दिव्य श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए गए। उन्होंने बताया कि शाम 7 बजे भजन संध्या का भव्य आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अम्ब्रीश कुमार (मुंबई), सचिन गुप्ता (अयोध्या) और राजू मेहरा (कलकत्ता) अपनी मधुर आवाज में बाबा श्याम के भजन प्रस्तुत किया।

# अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा ने मृत्यु भोज बंद करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

वरिष्ठ पत्रकार अनिल यादव के बड़े भाई सुनील यादव का 14 जनवरी को हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया था। उनकी पुण्य स्मृति में 26 जनवरी को श्रद्धांजलि सभा की जा रही है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक खेड़ापति माता मंदिर प्रांगण, सतलापुर में होगा। वहीं, अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने सर्वसम्मति से मृत्यु भोज की परंपरा को बंद करने का संकल्प लिया है।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इससे शोक-संतप्त परिवारों पर सामाजिक एवं आर्थिक दबाव समाप्त होगा तथा संसाधनों का उपयोग समाज सेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता में किया जा सकेगा। इस अवसर पर खेड़ापति माता मंदिर के आचार्य पं. राजेंद्र शर्मा, यादव समाज नगर अध्यक्ष विजय यादव, नगर युवा अध्यक्ष गंभीर यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष नंदू यादव, महामंत्री जगदीश यादव, सचिन, शेखर, जयपाल, गुलाब, रामनरेश, जेपी, भारत, माखन, राजू, राम इकबाल यादव उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद महासभा के सदस्य।

# उरुभंगम, नेत्रपाट और मोहे पिया में झलकी दार्शनिक चेतना और मानवीय संवेदनाएं

लोकछंदा के कलाकारों ने नृत्य-नाट्य को किया पेश

9 दिवसीय 'महाभारत समागम' में तीन नाट्य प्रस्तुतियां



भारत भवन में आयोजित महाभारत समागम में पेश नृत्य नाट्य में प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के भारत भवन में रविवार को आयोजित 9 दिवसीय 'महाभारत समागम' के तीसरे दिन मंचित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर 'उरुभंगम', 'नेत्रपाट' और 'मोहे पिया' जैसी सशक्त नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियों ने महाभारत की दार्शनिक और मानवीय चेतना को जीवंत रूप में सामने रखा।

निर्देशक मैत्रेयी पहाड़ी द्वारा निर्देशित नृत्य-नाट्य 'नेत्रपाट' ने अंधता को शारीरिक अक्षमता नहीं, बल्कि मानव चेतना द्वारा चुनी गई अवस्था के रूप में प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति उस निर्णायक क्षण को उजागर करती है, जब मनुष्य सत्य को देखने की क्षमता होते हुए भी उससे मुंह मोड़ लेता है। नई दिल्ली स्थित लोकछंदा के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस नृत्य-नाट्य में यह संदेश उभरकर आया कि महाभारत युद्ध का मूल कारण चेतन अंधता थी। मैत्रेयी पहाड़ी ने कहा कि यह प्रस्तुति केवल नृत्य-नाट्य नहीं, बल्कि महाभारत की दार्शनिक चेतना का समकालीन पुनर्पाठ है।

## छऊ नृत्य शैली में प्रभावशाली 'उरुभंगम'

पद्मश्री सम्मानित राजतेंदु रथ के निर्देशन में राजतेंदु कला निकेतन, सरायकेला द्वारा प्रस्तुत 'उरुभंगम' ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। महाकवि भास द्वारा रचित इस नाट्य कृति को छऊ नृत्य शैली में पूर्वरंग के अंतर्गत मंचित किया गया। यह एकांकी नाट्य महाभारत युद्ध के अंतिम दिन की घटनाओं पर केंद्रित है, जिसमें भीम और दुर्योधन के बीच युद्ध, नियमों का उल्लंघन और पराजय के बाद दुर्योधन की वेदना को करुणा के साथ प्रस्तुत किया गया।



उरुभंगम में भीम और दुर्योधन के बीच युद्ध को प्रस्तुत करते कलाकार।



भारत भवन में नृत्य नाटकों को देखने के लिए आई दर्शकों की भीड़।

## मानवीय संवेदना से भरपूर रहा मोहे पिया

मोहे पिया'मुंबई के रंगपीठ थिएटर द्वारा प्रस्तुत संस्कृत आधारित एकांकी नाटक 'मोहे पिया' निर्देशक वामन केंद्रे के मार्गदर्शन में मंचित हुआ। यह नाटक महाकवि भास की रचना 'मध्यम व्यायोग' पर आधारित है, जिसमें भीम, हिडिंबा और घटोत्कच के प्रसंग को अत्यंत संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया।



नृत्य-नाट्य मोहे पिया में भीम और हिडिंबा का प्रसंग दिखाया गया।

### नागपुर का जर्मन शेफर्ड दूसरे और गाजियाबाद का पॉमेरेनियन रहा तीसरे स्थान पर

# नागपुर के डाबरमैन ने ऑल इंडिया ऑल ब्रीड डॉग शो का जीता खिताब



प्रतियोगिता में नागपुर का डाबरमैन विजेता बना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में रविवार को आयोजित कैनल क्लब ऑफ इंडिया के 14वें और 15वें इंटरनेशनल डॉग शो में देशभर से लगभग 40 नस्लों के 250 डॉग्स ने पार्टिसिपेट किया। इस आयोजन को कैनल क्लब ऑफ भोपाल द्वारा किया गया, जिसमें देश भर से अधिक शहरों के ब्रीडर्स शामिल हुए। नागपुर के डाबरमैन ने ऑल इंडिया ऑल ब्रीड डॉग शो और चैंपियनशिप का खिताब जीतकर पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में नागपुर के ही जर्मन शेफर्ड ने दूसरा, जबकि गाजियाबाद के पॉमेरेनियन डॉग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### दुर्लभ विदेशी नस्लें रहीं आकर्षण का केंद्र

डॉग शो में लैब्राडोर, जर्मन शेफर्ड, गोल्डन रिट्रीवर, डॉबरमैन और हस्की जैसी लोकप्रिय नस्लें बड़ी संख्या में देखने को मिलीं। दर्शकों के लिए सेंट बर्नार्ड, ग्रेट डेन, बुलमास्टिफ, फ्रेंच मास्टिफ, रॉट वाइलर, बॉक्सर, मिनिएचर पिंशर, श्नाउज़र, बीगल, पग, जैक रसेल टेरियर, रामपुर हाउंड, बोरज़ोई, केन कोर्सो, डैशहाउंड, मिनी पोम, साइबेरियन हस्की, अलास्कन मालाम्यूट और अमेरिकन बुली जैसी दुर्लभ अंतरराष्ट्रीय नस्लें खास आकर्षण का केंद्र रहीं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता सहित देश के कई प्रमुख शहरों से आए ब्रीडर्स ने अपने बेहतरीन कुत्तों के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। हर साल की भांति इस साल भी बड़ी संख्या में डॉग्स प्रेमी कार्यक्रम में मौजूद थे। एफसीआई फेडरेशन साइनोलॉजिक इंटरनेशनल से जुड़े अंतरराष्ट्रीय जजों की उपस्थिति रही।

गोवा से सीए मार्टिन और बेंगलुरु से टी प्रीतम ने डॉग्स के व्यवहार, शारीरिक बनावट, चाल और नस्ल का मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया।



आयोजन में नागपुर के डाबरमैन और उसके पालक को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत करते अतिथि।

### नस्ल संरक्षण पर दिया जोर

कैनल क्लब ऑफ भोपाल के सचिव विष्णु दत्त त्रिपाठी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं है, बल्कि समाज में विभिन्न डॉग्स की नस्लों के संरक्षण और उनके व्यवहार को लेकर जागरूकता फैलाना भी है।

### गाजियाबाद का पॉमेरेनियन डॉग आया थर्ड



आरके गुप्ता ने बताया कि मेरा लगाव डॉग के साथ और पेट एनिमल से है, लेकिन इसकी वफादारी बहुत खास है। मेरे पास मिनी पॉम और पॉमरेनियन है। आज मैं पॉमरेनियन लाया हूं। इनके खाने और रहने पर विशेष ध्यान देना पड़ता है।

### एक लाख रुपए का सेंट बर्नार्ड

जॉयस ने बताया कि मैं इंदौर का हूं। मेरे पास सेंट बर्नार्ड है, जिसका नाम उस्ताद रखा है। मेरे पास इसकी और ब्रीड हैं। इसके पपी की कीमत 80 हजार से एक लाख रुपए तक है।



### मिनिएचर पिसर, बोर्जोए डॉग भी खास

दिल्ली के राजेश पॉल ने बताया कि मुझे डॉग्स पालने का शौक बचपन से है। दादाजी की तरह मुझे भी डॉग पालने का शौक है। मेरे पास मिनिएचर पिसर, बोर्जोए प्रजाति के डॉग है।



# पंजाबी बैंड ब्लडीवुड की धुनों थिरक उठे राजधानी के युवा

जीआईएफएल आईएफ इंडिएस्तान ने 10वीं वर्षगांठ पर धूमधाम से मनाया संगीत महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

द ग्रेट इंडियन फिल्म एंड लिटरेचर फेस्टिवल (जीआईएफएलआईएफ) ने 10वीं वर्षगांठ एमपीटी डीडीएक्स ड्राइव-इन सिनेमा में जीआईएफएलआईएफ इंडिएस्तान म्यूजिकल एक्सपीरियंस के साथ मनाई। आयोजन में ब्लडीवुड, सुतेज सिंह और द लीडिंग ड्रॉप्स ने प्रदर्शन किया। इंडिएस्तानी बैंड हंट के उभरते कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

व्हाइट वॉल्स मीडिया द्वारा आयोजित और करण कुकरेजा द्वारा क्यूरेटेड इस महोत्सव में पंजाबी मेटल बैंड ब्लडीवुड ने मध्य भारत में पहली बार प्रदर्शन किया, जो क्षेत्र के संगीत परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण रहा। लोक तत्वों को समकालीन मेटल संगीत के साथ मिश्रित करने के लिए जाने जाने वाले बैंड भारत के स्वतंत्र संगीत उत्सव में मुख्य आकर्षण रहे।

### 2015 में हुई शुरुआत

2015 में फिल्म और साहित्य महोत्सव के रूप में शुरू हुआ जीआईएफएलआईएफ, 2020 के बाद संगीत-केंद्रित मंच के रूप में विकसित हुआ, जब इसने महामारी के दौरान भारत के पहले ड्राइव-इन म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया। तब से इस महोत्सव को हार्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड और 2022 तथा 2024 में वॉव एशिया अवार्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है। करण कुकरेजा ने कहा कि यह 10वीं वर्षगांठ मध्य भारत के दर्शकों के लिए विश्व स्तरीय स्वतंत्र संगीत लाने के एक दशक का प्रतीक है।

# डीजीपी कैलाश मकवाणा ने गाया गीत...एक मैं और एक तू

**भोपाल।** राजधानी में चल रही दो दिनी आईपीएस मीट में रीवा की प्रतिभाशाली जानी मानी गायिका प्रतिभा सिंह बघेल के गीतों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईपीएस अफसरों ने भी सुर छेड़े और कई गीतों की प्रस्तुतियां दी। एक आईपीएस अधिकारी ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि मैं भी गाती हूं, तो उन्होंने स्टेज से ही डुएट गाने के लिए ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि इसके लिए मैं तैयार नहीं थी, लेकिन बिना तैयारी के ही गा दिया। वहीं डीजीपी कैलाश मकवाणा ने 2 गाने गाए। इनमें एक था देवानंद की फिल्म गैंबलर का फूलों के रंग से और दूसरा फिल्म खेल खेल में का एक मैं और एक तू, दोनों मिले इस तरह सुनाकर उन्होंने महफिल लूट ली।



# एकता और सौहार्द का प्रतीक हैं त्योहार पोंगल

## भोपाल तमिल संगम ने भेल के कॅरियर कॉलेज में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल तमिल संगम बीटीएस द्वारा आयोजित पोंगल 2026 का कार्यक्रम रविवार को कॅरियर कॉलेज ऑडिटोरियम, में संपन्न हुआ। आयोजन मप्र तमिल सांस्कृतिक महोत्सव बनकर उभरा, जिसमें अतिथियों, विद्वानों, कलाकारों और दर्शकों की सहभागिता देखने को मिली।



### एक भारत श्रेष्ठ भारत' को मिला स्वरूप

पोंगल 2026 केवल एक पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता, सौहार्द और सभ्यतागत विरासत का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आया,'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की राष्ट्रीय भावना को अभिव्यक्त करते हुए सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के माध्यम से भारत की बहुलतावादी पहचान को और मजबूत किया।

### पोंगल है एकता और सौहार्द का प्रतीक

भोपाल तमिल संगम के अध्यक्ष पी. राजू ने कहा कि पोंगल 2026 केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय राष्ट्र को परिभाषित करने वाली एकता, सौहार्द और साझा सांस्कृतिक मूल्यों का जीवंत प्रमाण है। यह आयोजन विभिन्न भाषाओं, क्षेत्रों और परंपराओं को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम बना।

### कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां



भरतनाट्यम, करगट्टम और जीवंत लोक नृत्य प्रस्तुतियों ने तमिल शास्त्रीय और लोक परंपराओं की प्रामाणिक आत्मा को सजीव कर दिया, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहना दी।

### वरिष्ठ प्रचारक डॉ. वैद्य ने किया ट्रेलर का विमोचन

# शतक का ट्रेलर लॉन्च, संघ के 100 वर्षों की अनकही कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत के सबसे अधिक चर्चित और वैचारिक बहसों के केंद्र में रहने वाले संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म शतक संघ के 100 वर्ष का ट्रेलर रविवार को भोपाल में लॉन्च किया गया।

फिल्म का ट्रेलर संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य द्वारा कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में जारी किया गया। इस अवसर को संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।

**शताब्दी वर्ष में संघ के सफर पर आधारित फिल्म:** वर्ष 2025 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 वर्ष पूरे किए हैं। एक सदी का यह सफर भारतीय समाज के



सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक ढांचे को गहराई से प्रभावित करता रहा है। फिल्म शतक इसी ऐतिहासिक यात्रा को केंद्र में रखकर बनाई गई है।

### धारणाओं से आगे बढ़कर इतिहास को समझने का प्रयास

फिल्म का उद्देश्य केवल संघ को लेकर प्रचलित धारणाओं तक सीमित न रहकर, तथ्यों व दस्तावेज़ों के आधार पर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है। ट्रेलर में संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि, सामाजिक योगदान और राष्ट्र निर्माण में भूमिका की झलक दिखाई गई है।

### 32 गायकों ने 45 सुमधुर गीतों से बरसाया संगीत रस, हमारा मधुबन की जोरदार पेशकश



पॉलिटेक्निक कॉलेज के मंच पर सभी सिंगर।

# मेरा चांद मुझे आया है नज़र,ऐ रात ज़रा थम-थम के गुज़र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमारा मधुवन मानव सेवा एक संकल्प नामक सेवा संगठन द्वारा एवरग्रीन मेलोडियस सांग कार्यक्रम दिनांक कल रात पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। संयोजक सारिका सप्रे ने बताया कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना से किया गया। मुख्य अतिथि सुपरिचित सिंगर पंकज पाठक, सुरेश गर्ग और प्रमोद संत थे। कार्यक्रम का प्रथम गीत संजय सप्रे और श्वेता का एक मंजिल रही था। मधुसूदन दातार और ज्योत्सना दातार ने परदेसिया ये सच है पिया और हर्षा श्रीवास्तव और संजय मिश्रा ने दिल का जो हाल है, गाया। दीक्षा विभूति और राजेंद्र दीवाना हुआ बदल, अब मुझे रात दिन, सुधीर बापट और नैना जिसके सपने हमें, अभय बापट और मीणा तुमसे मिलकर ऐसा लगा, रेखा और अतुल शर्मा पर्वत के उस पार, नेहा जाधव और देवेंद्र पिल्लै कभी मैं कही गीत सुनाया।

# संघ प्रमुख डॉ. भागवत बोले: जब तक देश में धर्म प्रबल रहेगा, वह विश्व गुरु बना रहेगा

डॉ. भागवत ने जोर देकर कहा कि भारत के पास जो आध्यात्मिक ज्ञान है, वह दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं है, क्योंकि अन्य जगहों पर आध्यात्मिकता की कमी है। डॉ.भागवत ने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के पास जो आध्यात्मिक ज्ञान है, वह दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं है, क्योंकि अन्य जगहों पर आध्यात्मिकता की कमी है।

एक कार्यक्रम में डॉ.भागवत ने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है और सृष्टि का हर काम इसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों, संतों और ऋषियों से एक समृद्ध आध्यात्मिक विरासत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि चाहे वह नरेंद्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और, हम सभी को चलाने वाली एक ही शक्ति है। और वह चालक धर्म ही है।

## भारत का आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया के किसी कोने में उपलब्ध नहीं

**खास बातें**

- सृष्टि का हर काम इसी सिद्धांत पर चल रहा
- ऋषियों से देश को मिली एक समृद्ध विरासत



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. भागवत

### धर्म को बताया असली चालक

उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को नियंत्रित करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। धर्म सिर्फ धर्म तक सीमित नहीं है। प्रकृति में हर चीज का अपना अंतर्निहित कर्तव्य और अनुशासन होता है। पानी का धर्म बहना है, आग का धर्म जलना है। इसी तरह बेटे का कर्तव्य है, शासक का कर्तव्य है और आचरण के नियम हैं। पूर्वजों ने गहन आध्यात्मिक शोध और प्रयासों से इन कानूनों को समझा था।

### राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, व्यक्ति नहीं

उन्होंने यह भी राय व्यक्त की कि एक राज्य या व्यवस्था धर्मनिरपेक्ष हो सकती है, लेकिन कोई भी इंसान या रचना धर्म के बिना अस्तित्व में नहीं रह सकती। उन्होंने कहा कि भारत के सामान्य जनमानस में धर्म गहरा समाया हुआ है। झोपड़ी में रहने वाला व्यक्ति शायद भाषण न दे पाए, लेकिन धर्म उसकी रगों में बहता है।

## मन से जाति मिटाओ, 10-12 साल में खुद खत्म हो जाएगा जातिवाद

डॉ. भागवत ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर जातिगत भेदभाव को खत्म करना है तो सबसे पहले जाति को मन से मिटाना होगा। यह संबोधन आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक जन संगोष्ठी के दौरान दिया गया। डॉ.भागवत ने जनता के साथ सीधा संवाद किया। मंच पर उनके साथ प्रांत संघचालक अनिल भालेराव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पहले जाति का संबंध पेशे और काम से था, लेकिन बाद में इसने समाज में पैठ बना ली और भेदभाव का कारण बनी। लोगों से अपील की कि वे इसे अपने मन से निकाल दें।

### संघ का उद्देश्य- सभी को साथ लेकर चलना है

लोगों के सवालों का जवाब देते हुए डॉ.भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत को इसका सर्वोत्तम गौरव दिलाना है, साथ ही समाज को भी साथ में लेकर चलना है। उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति के चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है और यह कोई प्रतिक्रिया के रूप में स्थापित संस्था नहीं है, न ही यह किसी से प्रतिस्पर्धा करता है।

## खबर संक्षेप

### मुझे भारतीय होने पर गर्व: रहमान

**मुंबई (महाराष्ट्र)।** बॉलीवुड को लेकर अपनी टिप्पणी के बाद विवादों में घिरे प्रख्यात संगीतकार



एआर रहमान ने अपना पक्ष रखा है। एक वीडियो पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय होने पर गर्व है। वह किसी को दुख नहीं पहुंचाना चाहते, कभी-कभी इरादों को गलत समझा जा सकता है। रहमान ने लोगों से अपील की कि उनकी ईमानदारी को महसूस करें।

### लातेहार में बस पलटी 5 लोगों की मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसा घाटी में बड़ा हादसा



हो गया। यहां एक बस पलट गई है, जिसमें अब तक 5 लोगों की जान चली गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुटे। अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया। लोग छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से लोध फॉल जा रहे थे।

### सांसद तिवारी के घर से 5 लाख की रकम चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद और मशहूर लोकगायक



मनोज तिवारी के घर पर चोरी होने की खबर है और चोर घर की अलमारी से करीब 5 लाख से ज्यादा पैसा लेकर गायब हो गया। पुलिस ने चोर को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। ये मामला सांसद तिवारी के मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित आवास का है।

### शाहजहांपुर में 3 की मौत, टेंपो चालक घायल

**शाहजहांपुर।** यहां के रोजा थाना क्षेत्र में सीतापुर-बरेली नेशनल हाईवे पर चकभिटारा मोड़ के समीप



रविवार सुबह करीब नौ बजे ट्रक से बाइक को टक्कर लग गई। बाइक ट्रक के पिछले पहिए में फंसकर घिसटती चली गई। बाइक चालक महावीर निवासी चकभिटारा और उनके साले हेमनाथ निवासी गांव पालीचक लखीमपुर खीरी की मौत हो गई।

### 20 वाहन टकराए,चालक की मौत, 24 जख्मी

**बरेली।** यहां के फरीदपुर थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह घने कोहरे के कारण हाईवे पर कोहराम मच गया।



दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कोहरे के कारण रोडवेज बस और कार समेत 20 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में करीब 24 लोग घायल हुए हैं। रोडवेज बस चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। लोग इधर- उधर परेशान दिखाई दिए।

## कोलकाता के हुगली जिले के सिंगूर में कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

# बंगाल बदलाव के लिए तैयार, कम समय में जो काम हो गए 100 साल में नहीं हुए



सिंगूर के कार्यक्रम में पीएम मोदी ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि इतने कम समय में जितना विकास कार्य हुआ है, शायद पिछले 100 साल में भी नहीं हुआ होगा।

## विकसित भारत के लिए पूर्वोत्तर के विकास को बताया जरूरी

एजेंसी ▶▶ सिंगूर

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को असम दौरे के बाद पश्चिम बंगाल पहुंचे। कोलकाता आगमन के साथ ही उन्होंने हुगली जिले के सिंगूर में एक सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने सिंगूर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने सिंगूर रैली में कहा कि बीते 24 घंटे पश्चिम बंगाल और देश के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इतने कम समय में जितना विकास कार्य हुआ है, शायद पिछले 100 साल में भी नहीं हुआ होगा। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी भारत का विकास सबसे जरूरी है और केंद्र सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल अब जंगलराज को बदलने के लिए तैयार है। हमारी सरकार घुसपैठिओं पर कड़ी कार्रवाई करेगी। ये गरीबों का हक खा रहे हैं। यही घुसपैठिए टीएमसी के पक्के वोटर हैं। इसीलिए ये घुसपैठियों को बचा रहे हैं, उन्हें सुरक्षा दे रहे हैं।

**ममता सरकार पर किया बड़ा हमला**

भाजपा की सरकार देश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध



काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मॉडल को देख रहे हैं

### गंगा जलमार्ग से बढ़ेगा कार्गो मूवमेंट

प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा जी पर बने जलमार्ग के जरिए कार्गो मूवमेंट और तेज होगा। इससे उद्योगों को सस्ती और आसान परिवहन सुविधा मिलेगी। पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर का यह विस्तार बंगाल को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

### मालदा से हुगली तक विकास का संदेश दिया

पीएम मोदी ने कहा कि वे मालदा में थे और आज हुगली के सिंगूर में जनता के बीच आने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि केंद्र का संकल्प है कि पूर्वी भारत को विकास का इंजन बनाया जाए। 2 दिन इसी संकल्प को मजबूत करते हैं। पीएम ने कहा कि बंगाल के विकास के लिए केंद्र पूरी ताकत से काम कर रही है। पीएम मोदी ने बालागढ़ में बनने वाले एक्सटेंडेड पोर्ट गेट सिस्टम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हुगली और आसपास के इलाकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगी।

### पूर्वी भारत बनेगा विकसित भारत की नींव

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि पूर्वी भारत को विकास की मुख्यधारा में सबसे आगे लाया जाए। उन्होंने दावा किया कि बीते 24 घंटे में लिए गए फैसले आने वाले वर्षों में बंगाल और पूरे पूर्वी भारत की तस्वीर बदल देंगे।

### सभी टीएमसी के महा जंगलराज को बदलना चाह रहे

पीएण मोदी ने राज्य की टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार और घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने जनता से टीएमसी को सबक सिखाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी बंगाल के नौजवानों और किसानों के साथ खेल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर प्लास्टिक से जुड़े ठोस नियम बनाए जाएंगे, ताकि जूट उद्योग को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सिंगुर का ये जनसैलाब, उत्साह और जोश बता रहा ह हर कोई 15 वर्ष के महा-जंगलराज को बदलना चाहता है।

## पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला कहा

# असम की धरती घुसपैठियों को सियासी फायदे के लिए छोड़ी थी

## काजीरंगा कॉरिडोर का भूमि पूजन किया

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस ने अपने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की और राज्य को हिंसा की आग में





धकेला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ सरकारें बनाने और कुछ वोट पाने के लिए असम की धरती को घुसपैठियों को सौंप दिया था। पीएम मोदी ने रविवार को असम में काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट का भूमि पूजन किया। उन्होंने दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की और असम को हिंसा की आग में धकेला।

### कांग्रेस ने राज्य को नकारा, भाजपा ने बजट बढ़ाया

पीएम मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा हमेशा दूरी की रही है। दूरी दिलों की और दूरी स्थानों की रही। दशकों तक यहां के लोगों को ये महसूस होता रहा कि देश का विकास दूसरी जगह हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं। इसका असर सिर्फ अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा, बल्कि भरोसे पर भी पड़ा। इस भावना को बदलने का काम भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता बनाया है।

## कांग्रेस के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं

पीएम मोदी ने रविवार को असम के नगांव जिले में 6,957 करोड़ की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और 2 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। काजीरंगा परियोजना के 'भूमि पूजन' में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर के एक मॉडल का भी निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को भी डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई।

### राइनो के शिकार पर कहा

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। होम स्टे, गाइड सेवाएं, परिवहन, हस्त शिल्प और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आय के नए साधन मिले हैं। 2013-14 में एक सींग वाले दर्जनों राइनो मारे गए। हमने सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत किया।

**जिस मुंबई में पैदा हुई कांग्रेस, वहां 5वें नंबर पर रही :** पीएम मोदी ने बीएमसी चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर कहा कि पार्टी अपने जन्मस्थान मुंबई में 'चौथे या पांचवें' स्थान पर रही। कांग्रेस का जन्म 1885 में मुंबई में हुआ था, लेकिन फिर भी वह अपनी नकारात्मक राजनीति के कारण पहले स्थान पर नहीं आ पाई।

## बीएमसी महापौर पर राउत के बयान से बढ़ी 'गरमी'

होटल को बना दिया जेल

# शिंदे भी नहीं चाहते भाजपा का मेयर उसके कई पार्षद हमारे संपर्क में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां मेयर पद को लेकर सस्पेंस बढ़ा है। चुनाव नतीजों के बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर भाजपा से मेयर



पद की मांग की है और अपने पार्षदों को होटल में ठहरा दिया है। सीएम फडणवीस ने विवाद से इनकार किया है। शिवसेना यूबीटी को उद्धव ठाकरे ने ये कहकर हलचल बढ़ाई कि भगवान ने चाहा तो शिवसेना यूबीटी का ही मेयर बनेगा। संजय राउत ने कह दिया है कि शिवसेना के कई पार्षद भाजपा का मेयर नहीं चाहते और कई लोग उनके संपर्क में हैं।



### राउत ने कानून- व्यवस्था पर किए सवाल

राउत ने कहा कि शिंदे के पार्षदों को इस तरह से होटल में बंदी बनाकर रखना कानून व्यवस्था का सवाल है। उन पार्षदों को डर है कि उनका अपहरण किया जा सकता है, उन्हें तोड़ा जा सकता है। ऐसे में शिंदे ने उन्हें ताज होटल में बंद कर दिया है। पुलिस का कड़ा पहरा है।

### शिंदे के पार्षदों को रिहा करें

राउत ने कहा कि हमें और हमारे दोस्तों को ताज होटल जाना है, लेकिन हम वहां जाएंगे और वहां गड़बड़ हो जाएगी, लेकिन फिर भी हम वहां जाएंगे। राउत ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे के गुट के कई पार्षद हमारे संपर्क में हैं। कौन चाहता है कि मुंबई में भाजपा का मेयर बने? शिंदे भी ऐसा नहीं चाहते।

# शादी में था परिवार, चोर ले उड़े 1 किलो गोल्ड, 10 किलो चांदी

## परिवार घर लौटा तो खिड़की का ग्रिल कटा मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में वारदात**

पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में एक घर से लगभग एक करोड़ के कीमती सामान की चोरी हो गई। यह घटना तब हुई जब परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर था। पुलिस ने शनिवार 17 जनवरी को यह जानकारी दी। जब परिवार शुक्रवार, 16 जनवरी की रात को घर लौटा तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा सही सलामत था, लेकिन रसोई की खिड़की का ग्रिल कटी हुई थी और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर से गहने और अन्य कीमती वस्तुएं चुराईं, जिनकी कुल कीमत लगभग एक करोड़ बताई जा रही है। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि वे एक शादी में गए हुए थे और लौटने तो देखा कमरे में सामान अस्त-व्यस्त था और कीमती सामान गायब थे।

दिल्ली में बंद पड़े घर पर चोरों ने बोला धावा



सोना और चांदी फाइल फोटो

### पड़ोसियों और सुरक्षा गार्डों से पूछताछ

जांचकर्ता पड़ोसियों और सुरक्षा गार्डों से भी पूछताछ कर रहे हैं कि क्या घटना की रात इलाके में किसी संदिग्ध गतिविधि पर ध्यान दिया गया था। एपुलिस तकनीकी और स्थानीय खुफिया जानकारी की जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। चोरों को जल्द पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**स्कूलों के लिए नया आदेश**

### 9वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए हाईब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने से दिल्ली सरकार ने स्कूलों के लिए नया आदेश जारी हुआ है। स्कूलों में नौवीं क्लास तक और 11वीं क्लास के बच्चों की क्लासेज हाईब्रिड मोड में चलेंगी। अब कमिशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की तरफ से नर्सरी से नौवीं तक और 11वीं क्लास को हाईब्रिड मोड में तुरंत प्रभाव से क्लासेज लेने का फैसला लिया गया है।

## नई दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री शाह

# देश की रक्षा व अखंडता का संकल्प और मजबूत होगा

## वंदे मातरम और ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का दौरा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज भारत मंडपम में आयोजित नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का अवलोकन किया। गृह मंत्री ने वंदे मातरम पवेलियन और ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का भी दौरा किया। गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। एक्स पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट्स में केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं और उम्र चाहे जो भी हो, पढ़ते रहना चाहिए। पढ़ने की आदत तेजी से कम होती जा रही है और मुझे विश्वास है कि डिजिटल हो या प्रिंट, पुस्तकें अभी भी ज्ञान अर्जित करने का सबसे अच्छा तरीका हैं।

स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करें



पुस्तक मेला में गृहमंत्री शाह

### बच्चों को 'आनंद मठ' की प्रतियां भी वितरित की

गृहमंत्री शाह ने बच्चों को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की 'आनंद मठ' की प्रतियां भी वितरित कीं। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित साहित्यिक कृति 'आनंद मठ' ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम छेड़ने और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए प्रेरित कर इतिहास रचा।

### सरदार पटेल के कृतित्व को अजर-अमर बनाएं

शाह ने कहा कि नेशनल बुक ट्रस्ट के वंदे मातरम पवेलियन का दौरा किया। यह पवेलियन गौरवशाली गाथा को प्रदर्शित कर रहा है, जिसने स्वतंत्रता सेनानियों में औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने की देशभक्ति की भावना जगाई थी। शाह ने पुस्तक मेले में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। टुकड़ों में बंटे देश को एकीकृत कर एक भारत बनाने वाले सरदार साहब का 150वां जयंती वर्ष मनाकर मोदी सरकार उनके व्यक्तित्व- कृतित्व को बता रही।

## मणिकर्णिका की 'फर्जी' तस्वीरें शेयर की

# सांसद संजय, कांग्रेस नेता यादव समेत 8 नेताओं पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पुलिस ने मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के बारे में सोशल मीडिया पर एआई से बनाई



गई तस्वीरें, वीडियो और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने के आरोप में कार्रवाई की है। वाराणसी पुलिस ने आपके सांसद संजय सिंह, कांग्रेस नेता पप्पू यादव सहित 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसल ने बताया कि घाट पर चल रहे सौंदर्यीकरण और श्मशान सुविधाओं पर चल रहे सुधार के संबंध में मनगढ़ंत सामग्री फैलाने के आरोप में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई हैं। वाराणसी के चौक थाने में शनिवार को एफआईआर दर्ज होने के बाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के लोकसभा क्षेत्र में घाट को तहस-नहस किया गया, मंदिरों को तोड़ा गया, काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराने वाली माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भी तोड़ी गई जिसका विरोध काशी के साधुओं ने किया।

## एआई और क्रिटिकल मिनरल्स पर नया रोडमैप तैयार

# जापान के विदेश मंत्री ने दिल्ली मेट्रो में किया सफर कहा- आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में करेंगे पूरा सहयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक नई रणनीतिक ऊंचाई देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी की तीन दिवसीय भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) जैसे भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। शनिवार को संपन्न हुई इस यात्रा के दौरान मोतेगी ने न केवल उच्च स्तरीय कूटनीतिक बैठकें कीं, बल्कि भारत-जापान आर्थिक सहयोग के प्रतीक 'दिल्ली मेट्रो' की सवारी भी की।

### केंद्रीय सचिवालय से पटेल चौक तक किया सफर | भारत-जापान संबंध दुनिया के लिए बनेंगे नजीर


मेट्रों में बैठे दाएं से पहले मोतेगी

### एआई डायलॉग शुरू

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोतेगी के बीच 18वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता के दौरान भविष्य की तकनीक और संसाधन सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने एक नया 'एआई डायलॉग' शुरू किया है और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए 'क्रिटिकल मिनरल्स' पर एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का निर्णय लिया है।*

### दोनों देशों के बीच सहयोग पर बात

*एस. जयशंकर ने बैठक के दौरान कहा कि पिछले दो दशकों में भारत और जापान के संबंध मुख्य रूप से आर्थिक साझेदारी से बढ़कर एक व्यापक और रणनीतिक रिश्ते में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने क्वाड, संयुक्त राष्ट्र, जी4 और जी20 जैसे मंचों पर दोनों देशों के सहयोग को रेखांकित किया। यात्रा के अंतिम दिन, जापानी विदेश मंत्री ने भारत में जापान के राजदूत केईची ओनो के साथ दिल्ली मेट्रो की सवारी की। उन्होंने केंद्रीय सचिवालय से पटेल चौक तक और वापस केंद्रीय सचिवालय तक का सफर तय किया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने उन्हें मेट्रो परियोजना की बारीकियों और जापान इंटरनेशनल सहयोग एजेंसी (जिका) द्वारा चरण-1 से ही दिए जा रहे वित्तीय सहयोग के बारे में जानकारी दी। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री ने मेट्रो के निर्माण और परिचालन में गहरी रुचि दिखाई, जो भारत-जापान मित्रता का एक गौरवशाली प्रतीक है।*

### मेट्रो के बाद सामरिक अर्थ व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं भारत और जापान

तोशिमित्सु मोतेगी की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन की मजबूती और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप पर जोर दिया जा रहा है। एआई और क्रिटिकल मिनरल्स पर हुआ समझौता यह दर्शाता है कि दोनों देश अब पारंपरिक बुनियादी ढांचे (जैसे मेट्रो) से आगे बढ़कर डिजिटल और सामरिक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। यह साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके लिए दोनों देशों ने सहमति दी है।

---

## खबर संक्षेप

### रिपोर्ट: ईरान में 16 हजार से ज्यादा की मौत



**तेहरान।** ईरान में दिसंबर 2025 के अंत से शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों ने अब पूरे देश को हिला कर रख दिया है। शुरुआत आर्थिक मुद्दों जैसे महंगाई और रियाल की गिरावट से हुई थी, लेकिन जल्द ही यह सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया, जिसमें सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं। एक नई रिपोर्ट दावा करती है कि सरकार की कड़ी कार्रवाई में कम से कम 16,500 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और 3 लाख 30 हजार से अधिक घायल हुए हैं। अधिकांश पीड़ित 30 वर्ष से कम उम्र के युवा हैं।

### गाजा में शांति पहल के लिए भारत को न्योता



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को गाजा में शांति बहाली के लिए बनाए जा रहे 'बोर्ड ऑफ पीस' का हिस्सा बनने का निमंत्रण दिया है। यह बोर्ड गाजा में चल रहे संघर्ष को खत्म करने और शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए बनाया जा रहा है। यह पहल गाजा में चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए ट्रंप की 20 सूत्रीय शांति योजना से जुड़ी है। अमेरिका इस योजना के दूसरे चरण को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत को यह न्योता उसकी वैश्विक साख, संतुलित विदेश नीति और शांति प्रयासों में भूमिका को देखते हुए दिया गया है।

---

## जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की

# अमेरिकी सांसद ने की जयशंकर से मुलाकात भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बन सकती है बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी सांसद स्टीव डैनिस से नई दिल्ली में मुलाकात की, जहां भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीति पर चर्चा हुई। इससे पहले अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत को अमेरिका का सबसे जरूरी साझेदार बताया और दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता को सक्रिय बताया*

विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी सांसद स्टीव डैनिस ने नई दिल्ली में रविवार को मुलाकात की है। जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर जल्द ही कोई खुशखबरी मिलने की उम्मीद बढ़ रही है।

एस जयशंकर ने बताया कि अमेरिकी सीनेटर के साथ भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों और रणनीति को लेकर चर्चा हुई। अमेरिकी राजदूत का यह कहना कि भारत अमेरिका के लिए सबसे जरूरी साझेदार है और फिर अमेरिकी सांसद का भारतीय विदेश मंत्री से मिलना इस बात का संकेत दे रहा है कि दोनों देशों के बीच जारी व्यापार वार्ता तेजी से आगे बढ़ रहा है।

- अमेरिकी राजदूत ने पहले भी दिए थे संकेत

एक्स पर तस्वीरों के साथ कैप्शन में एस जयशंकर ने लिखा, आज सुबह दिल्ली में सीनेटर स्टीव डैनिस से मिलकर खुशी हुई। हमारे आपसी रिश्ते और इसके रणनीतिक महत्व पर खुलकर बातचीत हुई।

### ◆ बातचीत का मुद्दा व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज परमाणु ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग रहा


स्टीव डैनिस और जयशंकर

### रुबियो से फोन पर बातचीत की थी

इससे पहले विदेश मंत्री ने अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो से फोन पर बातचीत की थी। इस बातचीत का मुद्दा व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग था। इससे पहले अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के बीच ट्रेड वार्ता को लेकर कहा था कि दोनों पक्ष लगातार सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

### सर्जियो गोर ने भारत को बताया बड़ा साझेदार

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत को यूएस का सबसे जरूरी साझेदार बताया और कहा था, भारत से ज्यादा जरूरी कोई पार्टनर नहीं है। आने वाले महीनों और सालों में, राजदूत के तौर पर मेरा लक्ष्य एक बहुत बड़ा एजेंडा पूरा करना है। हम यह काम सच्चे रणनीतिक साझेदार के तौर पर करेंगे, जिसमें हर कोई ताकत, सम्मान और नेतृत्व लाएगा।

### राजदूत गोर का दौरा संपन्न

### कई दिग्गजों से की मुलाकात, दोनों देशों के बीच रिश्तों में होगा सुधार

*अमेरिका में भारत के राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले मुंबई दौरे का अनुभव साझा किया है। गोर ने मुंबई दौरे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी और टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से मुलाकात की। मुंबई दौरा पूरा करने के बाद अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुंबई का बहुत सफल दौरा खत्म! सीएम देवेंद्र फडणवीस, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, टाटा कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, भारत के फार्मा सेक्टर के एग्जीक्यूटिव और धार्मिक नेताओं के साथ शानदार मीटिंग हुई।*

### सीएम द्वारा स्मृति चिन्ह भी सौंपा गया

महाराष्ट्र सीएम के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कर अमेरिकी राजदूत ने लिखा कि आज मेरी महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ एक शानदार मीटिंग हुई। हमने व्यापार और निवेश, एंटरटेनमेंट, तकनीक, मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे खास क्षेत्रों में अमेरिका और महाराष्ट्र के बीच द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा हुई।


चिन्ह भेंट करते फडणवीस

---

## दिल्ली धमाके का मामला

# जांच में हुए कई नए खुलासे उमर नबी ने रची थी साजिश


फाइल चित्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को एक आतंकी हमला हुआ था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) इस मामले की जांच कर रही है। जांच में सामने आया है कि इस साजिश का मास्टरमाइंड डॉ. उमर उन नबी एक दूसरे आत्मघाती हमलावर की भर्ती करने की कोशिश कर रहा था।

हालांकि वह इसमें सफल नहीं हो सका, क्योंकि संबंधित व्यक्ति ने सेब की पैदावार के मौसम में अपने परिवार की मदद करने की जरूरत का हवाला देते हुए इस आतंकी साजिश से पीछे हटने का फैसला कर लिया। श्रीनगर पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उमर नबी द्वारा संचालित एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। नबी वही व्यक्ति था जो 10 नवंबर को लाल किले के पास विस्फोटकों से लदी गाड़ी चला रहा था।

**आत्मघाती हमलावरों की भर्ती करने की कर रहा था कोशिश**

### युवकों का जीता था भरोसा

*अधिकारियों ने बताया कि नबी ने यासिर डार को एक संभावित आत्मघाती हमलावर के रूप में सफलतापूर्वक कट्टरपंथी बना दिया था, लेकिन पिछले साल अगस्त में हुई एक मुलाकात के दौरान उसने आखिरी समय में इस साजिश से पीछे हटने का फैसला किया। उसने इसके लिए 'सेब की पैदावार का मौसम' और घर में मरम्मत का काम होने को कारण बताया। अधिकारियों के अनुसार यासिर डार 2023 से नबी के संपर्क में था। नबी का डॉक्टर होना उसके प्रभाव में आने का एक बड़ा कारण बना। उसकी कट्टरपंथी बातें भर्ती किए गए लोगों को अधिक प्रभावशाली और विश्वसनीय लगती थीं।*

### सोशल मीडिया का इस्तेमाल

स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुका यासिर डार का नाम पहले भी जांच में सामने आया था, जब उसका एक दोस्त आतंकी संगठनों से जुड़ा था। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह सोशल मीडिया टेलीग्राम के जरिए नबी के संपर्क में था और उसे हमेशा बेहतरीन शारीरिक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए कहा जाता था। अधिकारियों के अनुसार डार दूसरा संभावित आत्मघाती हमलावर था, जिसे नबी आतंकी मॉड्यूल में शामिल करने की कोशिश कर रहा था। उसका मानना था कि आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आत्मघाती हमलावर का होना बेहद जरूरी है।

---

## इलाके में चल रहा है सर्च ऑपरेशन

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में 3 आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा

### ड्रोन और हेलिकॉप्टर से रखी जा रही नजर

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले भारतीय सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया है। जिले के सुदूर वन क्षेत्र सिंहपुर में भारतीय सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू की थी।जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। सेना के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर को चतरू क्षेत्र के मन्द्रल-सिंघूरा के पास सोननार गांव में घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान



गोलीबारी शुरू हुई। इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है। सुरक्षा सूत्रों का कहना है कि इलाके में 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े हो सकते हैं। अभियान के दौरान वेइलाके में फंस गए हैं। ड्रोन से नजर रख रहे हैं।

### फिलहाल आतंकियों की पहचान नहीं हुई

आतंकियों की मौजूदगी पता चलने के बाद पूरे क्षेत्र को सुरक्षा बलों ने चारों ओर से घेर लिया है ताकि आतंकी भागने में सफल न हो सकें। जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों का एक समूह इलाके में फंसा हुआ है। हालांकि आतंकवादियों की पहचान के बारे में आधिकारिक पुष्टि का अभी भी इंतजार है। सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

---

## बलूच नेता ने खोली पोल कहा-

# कश्मीर पर ज्ञान देना शरीफ को पड़ा भारी, पाक ने मस्जिद को टैंक से रौंदा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

कश्मीर में मस्जिदों की प्रोफाइलिंग के लिए भारत की आलोचना करने वाली पाकिस्तान सरकार घर में ही घिर गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कश्मीर में मस्जिद कमेटियों पर प्रशासन के फैसले की कड़ी आलोचना की है। पकिस्तान ने इसे अल्पसख्यकों के साथ भेदभाव की नीति बताया। इस पर बलूचिस्तान के अलगाववादी नेता मीर यार ने शहबाज शरीफ और असीम मुनीर को आईना दिखा दिया है। मीर ने कहा कि बलूचिस्तान में बड़ा संख्या में मस्जिदें गिराने वाली पाकिस्तानी आर्मी और अल्पसंख्यकों पर जुल्म ढाने वाली पाक सरकार को भारत की आलोचना का हक नहीं है। मीर यार बलूच ने रविवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय का वह बयान शेयर किया है, जिसमें भारत की आलोचना की गई है। इसे शेयर करते हुए मीर ने लिखा है कि बलूचिस्तान गणराज्य पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुद्दे पर भारत के सैद्धांतिक रुख के साथ पूरी तरह खड़ा है।



---

## ट्रंप बोले मदद आ रही है पर गई कहां पता नहीं?

# ट्रंप से मिला धोखा! ईरान में प्रदर्शनकारियों ने जताई निराशा, बोले- हमें उम्मीद थी, मदद आएगी

एजेंसी ▶▶ तेहरान



ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कई लोगों को उम्मीद थी कि इस बार दुनिया का सबसे ताकतवर देश उनका साथ देगा। जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर ईरानी सुरक्षाबल प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाते हैं तो वह उनकी मदद करेंगे, तो कई लोगों ने इस बयान को सच मान लिया। 38 वर्षीय सियावश शिरजाद भी उन्हीं में से एक थे। वह एक पिता थे और पहले भी कई आंदोलनों को हिंसा में बदलते देख चुके थे। परिवार ने उन्हें घर में रहने की सलाह दी, लेकिन ट्रंप के बयान ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस बार हालात बदलेंगे। जनवरी की शुरुआत में सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी। कुछ ही दिनों में इंटरनेट बंद कर दिया गया और ईरान दुनिया से कट गया। 8 जनवरी को तेहरान में एक प्रदर्शन के दौरान सियावश को गोली लगी और कुछ घंटों बाद उनकी मौत हो गई।

### मदद की उम्मीद में लोग मरते गए

उनके पीछे 12 साल का बेटा रह गया। उनके एक रिश्तेदार ने नाम न बताने की शर्त पर कहा वह आखिरी पल तक यही मानते रहे कि ट्रंप की मदद आएगी। हमने मना किया था, लेकिन वह बोले ट्रंप ने समर्थन दिया है, मैं जाऊंगा। इसके बाद ट्रंप ने एक बार फिर ईरानियों से प्रदर्शन जारी रखने और संस्थानों पर कब्जा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मदद रास्ते में है।

---

## ट्रंप के सलाहकार का आरोप कहा

# एआई और चैट जीपीटी का फायदा उठा रहे भारतीय

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार मामलों के सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत की तरफ उंगली उठाई है।

पीटर नवारो ने कहा है कि एआई और चैट जीपीटी में पैसा अमेरिका का खर्च हो रहा है लेकिन इसका फायदा भारत को मिल रहा है।

एक न्यूज चैनल से बात करते हुए नवारो ने कहा कि यह समझ से परे है कि अमेरिकी क्यों भारत में एआई के लिए भुगतान कर रहे हैं। अमेरिकी करदाताओं का पैसा उन एआई सेवाओं के लिए क्यों जा रहा है, जो दूसरे देशों को फायदा पहुंचा रही हैं। पीटर नवारो ने एक सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अमेरिकी भारत में एआई के लिए पैसा क्यों दे रहे हैं? चैट जीपीटी अमेरिका की धरती पर अमेरिकी बिजली का इस्तेमाल करके भारत और चीन में चैट जीपीटी के बड़े यूजर्स को सर्विस दे रहा है, फिर इसका खर्च अमेरिकियों के टैक्स से क्यों आए। आखिर हम इसका समर्थन कैसे कर सकते हैं।

---

## हिंद महासागर के साउथ-ईस्ट वाला प्लान पर हो रहा काम

### इंडियन नेवल बैंड की होगी परफॉर्मेंस, हिंद महासागर में समुद्री सहयोग होंगे मजबूत

# इंडियन नेवी के 4 शिप पहुंचे सिंगापुर, भारत के लिए समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का पहला ट्रेनिंग स्क्वाड्रन (आईटीएस) 15 जनवरी को सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पहुंच गया। इस स्क्वाड्रन में आईएनएस तिर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता और इंडियन कोस्ट गार्ड शिप सारथी शामिल हैं।

यह दक्षिण पूर्व एशिया में लंबी दूरी की ट्रेनिंग डिप्लॉयमेंट का हिस्सा है, जो दक्षिण पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में चल रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इंडियन नेवल बैंड सिंगापुर की प्रमुख जगहों पर परफॉर्मेंस देगा। जहाजों पर स्कूली बच्चों


समंदर में भारतीय शिप

के लिए दौरा भी रखा गया है, ताकि वे नौसेना की जिंदगी देख सकें। स्क्वाड्रन के पहुंचने पर भारत के हाई कमिश्नर डॉ. शिल्पक अंबुले ने ट्रेनी से मुलाकात की और मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड कमांड के कमांडर से बातचीत की। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर की टीम ने भी प्रोफेशनल अनुभव साझा किए। दूसरे दिन कम्युनिटी कार्यक्रम, सिंगापुर नेवी के साथ बातचीत, इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर और आरएसएन म्यूजियम का दौरा, खेल मुकाबले और श्री नारायण ओल्ड एज एंड नर्सिंग होम में आउटरीच गतिविधियां हुईं।


यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को मजबूत करता है और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ समुद्री साझेदारी बढ़ाता है। साथ ही यह इंडियन ओशन नेवल सिम्पोजियम (आईओएनएस) में भारत की लीडरशिप और महासागर विजन के मुताबिक समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है।

### जहाजों को स्कूल बच्चों के लिए खोला जाएगा

सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत भारतीय नौसेना बैंड सिंगापुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुति देगा। इस दौरान जहाजों को स्कूली बच्चों के भ्रमण के लिए भी खोला जाएगा। सिंगापुर पहुंचने पर भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के प्रशिक्षुओं से बातचीत की। वरिष्ठ अधिकारी 1टीएस और कमांडिंग अधिकारियों ने समुद्री प्रशिक्षण और सिद्धांत कमान (एमटीडीसी) के कमांडर से भी मुलाकात की। सूचना संलयन केंद्र (इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर) के अंतरराष्ट्रीय संपर्क अधिकारियों की टीम के दौरे के दौरान पेशेवर अनुभव साझा किए गए।

### क्यों खास है ये दौरा?

*यह दौरा खास इसलिए है, क्योंकि वर्ष 2026 को भारत और आसियान ने 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दौरान भारत और सिंगापुर की नौसेनाएं क्षमता बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा और सहयोग को मजबूत करने के लिए कई गतिविधियां कर रही हैं। दोनों पक्षों के ट्रेनी अधिकारियों के बीच स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग एक्सचेंज, जॉइंट योगा सेशन और खेल मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं।*



# सबालेंका और अल्काराज ने बनाई दूसरे दौर में जगह, रिकॉर्ड बनाकर हारी वीनस

## ऑस्ट्रेलियाई ओपनः लेवर और फेडरर दर्शकों के बीच रहे उपस्थित

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी एरीना सबालेंका और पुरुष वर्ग में पहली वरीयता प्राप्त अल्काराज ने धीमी शुरुआत से उबरकर रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का नया रिकार्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल करके तियांतसोआ राकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे।



### महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर

महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में ही बाहर का रास्ता देखना पड़ा। एल्सा जैक्वेमोट ने नंबर 20 मार्टा कोस्त्युक को 6-7 (4), 7-6 (4), 7-6 (7) से बाहर किया जबकि तुर्की की क्वालीफायर जेनेप सोनमेज ने नंबर 11 एकातेरिना एलेक्सांद्रोवा को 7-5, 4-6, 6-4 से उलटफेर का शिकार बनाया।

### वीनस बनीं सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 45 साल की उम्र में महिला एकल का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है लेकिन उन्हें तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा डैनलोविच से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रिकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा। पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी गैब्रियल डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं।

### जैस्मीन को नहीं हुए मैच जीतने में परेशानी

महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्हें ब्रिटिश क्वालीफायर आर्थर फेरी ने 7-6 (7), 6-4, 6-1 से हराया।

### टियाफो ने कुबलर को दी मात

पुरुषों के वर्ग में ही नंबर 29 फ्रांसेस टियाफो ने जेसन कुबलर को 7-6 (4), 6-3, 6-2 से और माइकल झेंग ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 6-4, 3-6, 6-7 (0), 6-3 से हराया। महिला वर्ग में नंबर 12 एलिना स्वितोलिना ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मारिया सकारी ने लियोलिया जीनजीन पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने पहले दौर के मैच से पूर्व कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। इससे क्वालीफाइंग राउंड में खेल चुकी टेलर टाउनसेंड को मुख्य ड्रॉ में जगह मिल गई, जहां उनका सामना हैली बैपटिस्ट से हुआ। अमेरिका की दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए इस मुकाबले में बैपटिस्ट 6-3, 6-7 (3), 6-3 से विजयी रही।

---

## खबर संक्षेप

### बीडब्ल्यूएफ जारी रखेगा 'टाइम क्लॉक' ट्रायल

नई दिल्ली। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) अगले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स में 25 सेकेंड की 'टाइम क्लॉक' का परीक्षण करेगा। उसकी यह पहल चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंट में जारी रहेगी, जिसका उद्देश्य रणनीतिक देरी पर अंकुश लगाना और मैच की लय को मानकीकृत करना है। हालांकि इस कदम पर खिलाड़ियों और कोच की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इस प्रणाली के तहत जैसे ही अंपायर स्कोर अपडेट करता है, 'टाइम क्लॉक' शुरू हो जाती है। सर्व करने वाला खिलाड़ी और रिसीवर, दोनों को 25 सेकेंड के भीतर सर्व और रिसीव के लिए तैयार होना अनिवार्य होता है।

### आईएसपीएल ने की श्रीनगर फ्रेंचाइजी के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित



मुंबई। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी श्रीनगर के वीर के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। श्रीनगर की फ्रेंचाइजी का टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। वह पहले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि दूसरे सत्र में उपविजेता रही थी। इस लीग का संचालन एक कोर कमेटी करती है, जिसमें सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज सामत आदि शामिल हैं। इस लीग में अमिताभ बच्चन (माझी मुंबई), सलमान खान (दिल्ली सुपरहीरोज), अजय देवगन (अहमदाबाद लायंस), सौरव गांगुली, सैफ अली खान और करीना कपूर खान (टाइगर्स ऑफ कोलकाता), ऋतिक रोशन (बेंगलुरु स्ट्राइकर्स), सूर्या (चेन्नई सिंगम्स) और राम चरण (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद) सहित कई मशहूर हस्तियां भी फ्रेंचाइजी के सह-मालिक हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी के सह स्वामित्व के लिए बोलियां 31 जनवरी को बंद हो जाएंगी।

### अंडर आर्म सर्विस करके माउटेट ने खींचा ध्यान



मेलबर्न। कोरेंटिन माउटेट ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को मैच प्वाइंट पर अंडरआर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। किआ एरिना में मौजूद दर्शकों ने उनकी हूटिंग भी की, लेकिन 32वीं वरीयता प्राप्त माउटेट विचलित नहीं हुए। फ्रांस के इस खिलाड़ी ने बाद में कहा कि उन्होंने ट्रिस्टन स्कूलकेट पर 6-4, 7-6 (1), 6-3 की जीत हासिल करने के लिए जो करना था, वह किया। उन्होंने कहा कि सर्विस करने का उनका यह तरीका योजनाबद्ध होने के बजाय सहज प्रवृत्ति पर आधारित था। माउटेट ने कहा, 'मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अंक हासिल कर सकता हूं और आखिर में मैं अंक हासिल करने में भी सफल रहा।

---

## कीवी टीम ने 41 रन से जीता मैच, श्रृंखला 2-1 से की अपने नाम

# न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक कामयाबी, 37 साल बाद भारत में जीती वनडे सीरीज

इंदौर। बल्लेबाज विराट कोहली (124 रन) का 54वां वनडे शतक भी भारतीय टीम के काम नहीं आ सका, जिससे न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (137 रन) और ग्लेन फिलिप्स (106 रन) के शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम क्रिकेट मैच में 41 रन की जीत से श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

न्यूजीलैंड के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि उसने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मुकाबलों के लिए भारत का दौरा शुरू किया था लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती थी। इस जीत से उसने 37 साल बाद भारत में श्रृंखला जीतने का इंतजार खत्म किया।




### न्यूजीलैंड की टीम ने खड़ा किया 337 रन का मजबूत स्कोर

भारत के तेज गेंदबाजों के शुरुआती झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड ने मिचेल के लगातार दूसरे शतक और फिलिप्स के तूफानी सैकड़े से आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कोहली (108 गेंद) का दबाव में खेला गया शानदार और जुझारू शतक भारतीय टीम के काम नहीं आ सका, जिससे टीम जवाब में 46 ओवर में 296 रन पर ढेर हो गई। इससे भारत को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से पहली द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में हार का मुंह देखना पड़ा। दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे लेकिन कोहली डटे रहे और पारी के अंत में आउट हुए। न्यूजीलैंड के लिए जैकरी फोक्स ने 77 रन देकर तीन और क्रिस्टियन क्लार्क ने 54 रन देकर तीन तीन विकेट झटके। वहीं जेडन लेनोक्स ने 42 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

### कोहली ने लगाया 54 वनडे शतक पोंटिंग-सहवाग का तोड़ा रिकॉर्ड

दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने वनडे करियर का 54वां शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में 91 गेंद पर शतक लगाया। एक छोर से टीम इंडिया के विकेट गिरते गए लेकिन दूसरे छोर से विराट डटे रहे और पारी को संभालते रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ वह सबसे ज्यादा 7



वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने वडोदरा में पहले वनडे में भी 93 रन की पारी खेली थी। वहां वह शतक से चूके थे लेकिन इंदौर में उन्होंने पारी को संभाले रखा और बेहतरीन शतक जड़ा। वह अब न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने के मामले में नंबर 1 बने। उन्होंने रिकी पोंटिंग और वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ा। विराट कोहली का यह इंटरनेशनल करियर का 85वां शतक है।

### मिचेल-फिलिप्स ने की 219 रन की साझेदारी

मिचेल और फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए 188 गेंद में 219 रन की साझेदारी करके पारी की पूरी तस्वीर बदल दी। मिचेल (131 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) ने संयम और नियंत्रण के साथ पारी को संभाला जबकि फिलिप्स (88 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) ने आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई, जिससे सतर्क शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड की पारी का रूख ही बदल गया।

### भारत ने 71 रन पर खोए चार विकेट

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 71 रन पर चार विकेट खो दिए थे। फिर कोहली और नीतिश कुमार रेड्डी (53 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 88 गेंद में इतने ही रन की साझेदारी निभाई। कोहली ने लेनोक्स पर एक रन लेकर अर्धशतक पूरा किया तो वहीं नीतिश ने ग्लेन फिलिप्स पर काउ कॉर्नर पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर चार गेंद बाद ही क्रिस्टियन क्लार्क की गेंद को पुल करने की कोशिश में यंग को कैच थमा बैठे। रोहित शर्मा (11 रन) ने पारी की पहली ही गेंद पर चौका जड़कर फिर शानदार अंदाज में शुरूआत की। दूसरे छोर पर कप्तान शुभमन गिल भी शॉट लगाकर अच्छी लय में दिख रहे थे।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक

- 7 – विराट कोहली (36 पारी)*
- 6 – रिकी पोंटिंग (50 पारी)
- 6 – वीरेंद्र सहवाग (23 पारी)
- 5 – सचिन तेंदुलकर (41 पारी)
- 5 – सनथ जयसूर्या (45 पारी)

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कॉनवे का रोहित बो राणा | 05 | 4 | 1 | 0 |
| निकोल्स बो अर्शदीप | 00 | 1 | 0 | 0 |
| विल यंग का जडेजा बो राणा | 30 | 41 | 5 | 1 |
| डेरिल मिचेल का कुलदीप बो सिराज | 137 | 131 | 15 | 3 |
| ग्लेन फिलिप्स का राहुल बो अर्शदीप | 106 | 88 | 9 | 3 |
| माइकल ब्रेसवेल नाबाद | 28 | 18 | 1 | 3 |
| मिचेल हे पगबाधा बो कुलदीप | 02 | 6 | 0 | 0 |
| फॉक्स का कुलदीप बो अर्शदीप | 10 | 8 | 1 | 0 |
| क्लार्क बो हर्षित राणा | 11 | 5 | 1 | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 50 ओवर में आठ विकेट पर 337 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 10-1-63-3, हर्षित राणा 10-0-84-3, मोहम्मद सिराज 10-0-43-1, नीतिश कुमार रेड्डी 8-0-53-0, कुलदीप यादव 6-0-48-1, रविंद्र जडेजा 6-0-41-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का क्लार्क बो फोक्स | 11 | 13 | 2 | 0 |
| गिल बो जैमीसन | 23 | 18 | 4 | 0 |
| कोहली का मिचेल बो क्लार्क | 124 | 108 | 10 | 3 |
| अय्यर का फोक्स बो क्लार्क | 03 | 10 | 0 | 0 |
| राहुल का फिलिप्स बो लेनोक्स | 01 | 6 | 0 | 0 |
| रेड्डी का यंग बो क्लार्क | 53 | 57 | 2 | 2 |
| जडेजा का यंग बो लेनोक्स | 12 | 16 | 0 | 0 |
| राणा का निकोल्स बो फोक्स | 52 | 43 | 4 | 4 |
| सिराज का हे बो फोक्स | 00 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 05 | 3 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 04 | 2 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 46 ओवर में 296 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी : काइल जैमीसन 9-0-58-1, जैकरी फोक्स 9-0-77-3, क्रिस्टियन क्लार्क 9-0-54-3, जेडन लेनोक्स 10-0-42-2, डेरिल मिचेल 1-0-10-0, ग्लेन फिलिप्स 8-0-54-0

---

## 31 वां इंटरप्रेस टूर्नामेंट

### डीजीपी इलेवन लगातार चौथी जीत के साथ फाइनल में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रज्ञा बलरे 72 रनों की बेहतरीन पारी की मदद से डीजीपी इलेवन ने डॉक्टर इलेवन को 80 रनों से हराकर 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के डिपार्टमेंट ग्रुप में लगातार चौथी जीत दर्ज की। इसी के साथ टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दिन के अन्य मैचों में नगर निगम कमिश्नर इलेवन और गिल्फ्री ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते। कमिश्नर इलेवन ने फौजियो इलेवन को 87 रन से हराया। इधर, कार्पोरेट ग्रुप में गिल्ट फ्री ने आरएनटीयू को 10 विकेट से हराया। बाबे आली मैदान पर रविवार को खेले गए पहले मैच में डीजीपी इलेवन ने 194 रन बनाए। जवाब में डॉक्टर इलेवन 16.2 ओवर में 114 रनों पर आउट हो गई। प्रज्ञा मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और अरुण सिंह आरएनटीयू मोस्ट वेल्यूएबल प्लेयर चुने गए।

दूसरे मैच में कमिश्नर इलेवन ने छह विकेट पर 216 रन बनाए। अक्षय पारोचे मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। जबकि मनाजिर आरएनटीयू मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर चुने गए। इधर ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में खेले गए कार्पोरेट ग्रुप के मैच में आरएनटीयू टीम 92 रन बना सकी। जवाब में गिल्फ्री ने जरूरी रन मात्र 6.2 ओवर में बगैर किसी नुकसान के बना लिए। जी सतीश कुमार ने अविजित 54 और कार्तिकेय दुबे ने 36 रन बनाए।

### आज के मैच

ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर
दैनिक भास्कर बनाम दैनिक जागरण सुबह 9.30 बजे से
एलीट वारियर्स बनाम यूज लोकेटर दोपहर 12.30 बजे से
बाबे आली ग्राउंड पर
जनसंपर्क बनाम कमिश्नर इलेवन सुबह 9.30 बजे से
आरएनटीयू बनाम भोपाल क्रिकेट क्लब 12.30 बजे से

---

## टाटा स्टील मास्टर्स

### एरिगैसी ने 32 चालों में जीता गेम, प्रज्ञाननंदा को हराया




एजेंसी ▶▶ विज्क आन जी

शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला।

- गुकेश ने सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में खेला ड्रॉ

पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव को हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया।

#### चिदंबरम ने ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ की शुरुआत

इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने भी जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ शुरुआत की। अन्य मुकाबलों में तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमस ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव के साथ जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन के साथ ड्रॉ खेला।

#### बढ़त पर एरिगैसी, कीमर और नीमन

पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं। अपने मित्र प्रज्ञाननंदा के खिलाफ एरिगैसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञाननंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी, जिससे उनका राजा बीच में फंस गया, जिसका एरिगैसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया। गुकेश भी जीत के करीब पहुंच गए थे लेकिन सफेद मोहरों से खेल रहे सिंदारोव के खिलाफ अपनी मजबूत स्थिति को जीत में तब्दील नहीं कर सके। यह दिन का सबसे लंबा मुकाबला था, जो 78 चाल में ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

---

### इंग्लैंड के पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों को मिला वीजा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले पाकिस्तान मूल के सभी 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा संबंधी औपचारिकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाया है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों में स्पिनर आदिल राशिद, रेहान अहमद और तेज गेंदबाज साकिब महमूद शामिल हैं। अमेरिका की टीम में अली खान और शायन जहांगीर तथा नीदरलैंड की टीम में जुल्फिकार साकिब जैसे पाकिस्तानी मूल के कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ियों राशिद, रेहान और साकिब के वीजा आवेदन पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। नीदरलैंड की टीम के सदस्यों और कनाडा के सहयोगी स्टाफ के सदस्य शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल चुका है। संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, इटली, बांग्लादेश और कनाडा की टीम में शामिल पाकिस्तान राष्ट्रीयता या पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है।

---

## श्रीकांत बने मप्र ट्रायथलान संघ के अध्यक्ष तो जयप्रकाश उपाध्यक्ष

भोपाल। म.प्र. ट्रायथलान संघ के चुनाव इन्दौर रेसीडेन्सी क्लब इन्दौर में रविवार को हो गए हैं। संघ की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन 2026 से 2030 की अवधि के लिए हुआ है। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए सेवा निवृत्त विधि अधिकारी म.प्र. राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो भोपाल माजिद खान को निर्वाचन अधिकारी के रूप में एवं परिवेक्षक म.प्र. ओलम्पिक संघ राजेश चौबे तथा भारतीय ट्रायथलान संघ की ओर से ओ.पी.अवस्थी उपस्थित रहे, जिनकी देख रेख में विधि अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न करायी गई। जिसके अनुसार नई कार्यकारिणी संरक्षक पूजा पाटीदार व चेयरमेन विजयपाल सिंह विधायक, सोहागपुर होंगे। वहीं अध्यक्ष की जिम्मेदारी श्रीकान्त तिवारी तो उपाध्यक्ष जयप्रकाश सक्सेना को मिली है। इसी के साथ हरीश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, शेखर तिवारी सचिव तो उमा शंकर व्यास कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं एस. एन. पंडित सहसचिव, ओ. पी. अवस्थी, गोवर्धन यादव, प्रभु मूलचंदानी, रघुवीर तिवारी, प्रशांत रजक, सुधीर नेमा, कमलेश पांडे, तनवीर हलीम, आयुष दुबे कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुने गए हैं। उक्त निर्वाचन पर म.प्र. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष रमेश मैंदोला विधायक, महासचिव दिग्वजय सिंह, इन्दौर जिला तैराकी संघ अध्यक्ष राजकुमार राठौर एवं सचिव सत्यम द्विवेदी, कय्युम पठान, संजू जाधव, अमितेश तिवारी सहित अनेक खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों ने शुभ कामनाएं व बधाई प्रेषित की है।

»» इंदौर प्रेस क्लब में नई कार्यकारिणी का हुआ निर्वाचन



---

## डब्ल्यूपीएल : आज शाम 7.30 बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स में भिड़ंत

# जीत का सिलसिला जारी रखने मैदान में उतरेगी आरसीबी

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ सोमवार को होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

कप्तान स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसकी टीम को हराना आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ गुजरात जायंट्स ने पहले दो मैच जीत कर इस सत्र की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगले दो मैच में हार गई और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई।



स्मृति ने की फॉर्म में वापसी


आरसीबी के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान मंधाना ने फॉर्म में वापसी की है। उन्होंने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट से मिली शानदार जीत में 96 रन की मैच विजेता पारी खेली। सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने भी अच्छी शुरुआत की है लेकिन वह उन्हें बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहीं हैं। पिछले मैच में जॉर्जिया वोल ने भी नाबाद 54 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। आरसीबी के पास ऋचा घोष, नादिन डी क्लर्क, गौतमी नायक और राधा यादव जैसी आक्रामक बल्लेबाज भी हैं, जिससे बल्लेबाजी उसका सबसे मजबूत पक्ष बन गया है।

### आरसीबी की गेंदबाजी इकाई मजबूत

आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी काफी मजबूत है, जिसमें लॉरेन बेल और सायली सतघरे जैसी गेंदबाज शुरुआती ओवरों में जिम्मेदारी संभालती हैं जबकि श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत और राधा यादव जैसे स्पिनरों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ पिछला मैच जीता था और इससे भी उसकी टीम को आत्मविश्वास मिलेगा।

### गुजरात जायंट्स को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एशले गार्डनर की अगुवाई वाली गुजरात जायंट्स की टीम में बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, कनिका आहूजा, गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहम और भारती फुलमाली जैसी अच्छी बल्लेबाज शामिल हैं, लेकिन इन सभी को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। गुजरात जायंट्स की गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह संभाल रही हैं, जो टूर्नामेंट में अब तक प्रभावित करने में विफल रही हैं। डिवाइन ने अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें अन्य खिलाड़ियों से सहयोग की जरूरत है।



# पांच साल पुरानी पोस्ट पर खड़ा हुआ हंगामा

**मुंबई।** एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक स्क्रीनशॉट वायरल है, जिसमें एक लड़की भूषण कुमार और नोरा फतेही के लिंकअप पर बात कर रही है। वह कहती है, 'नोरा लग्जरी बैग, कपड़े, कार का खर्च कैसे उठा सकती हैं। वह पोस्ट में इसकी वजह भूषण कुमार के साथ उनके कथित रिश्ते को बताती है। यह पोस्ट लगभग पांच साल पुरानी है। लेकिन, हाल में भी जब इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया तो नोरा ने इस पर रिएक्शन दिया और लिखा, 'वाउ'। इस तरह कहीं ना कहीं नोरा ने इन अफवाहों पर मजाक उड़ाया है।

लाइफ Style

# त्रिधा


## मेरे सामने उसे गलत तरीके से टच किया

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अक्सर स्टार्स के साथ छेड़छाड़ और कास्टिंग काउच की खबरें सुनने को मिलती हैं। कई बार एक्ट्रेसेस को फिल्मों और सीरियल्स में रोल के बदले कंप्रोमाइज के ऑफर तक दिए जाते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऐसे में अब जानी मानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने भी अपनी एक फीमेल को-एक्ट्रेस संग सेट पर हुई एक ऐसी ही घटना का जिक्र अपने हालिया इंटरव्यू में किया। त्रिधा ने बताया कि कैसे उसे उनके ही सामने गलत तरीके से टच किया गया था। त्रिधा चौधरी जल्द ही कपिल शर्मा के साथ फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी में उनके साथ बिग बॉस फेम और 'धुरंधर' के आइटम सॉन्ग से चर्चा में आईं आयशा खान भी नजर आने वाली हैं। ऐसे में त्रिधा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस दौरान त्रिधा ने प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर किए गए सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए। इंटरव्यू में त्रिधा से पूछा कि क्या कभी किसी ने गलत तरीके से अप्रोच किया है। आयशा ने बिग बॉस में बताया था कि उनके साथ ऐसा कुछ हो चुका है। इस पर त्रिधा ने खुलासा किया, 'फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के सेट पर एक बार किसी ने आयशा खान को गलत तरीके से छुआ था, और यह घटना उनकी आंखों के सामने हुई थी। त्रिधा अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'हालांकि, उन्होंने मौके पर कोई विरोध नहीं किया लेकिन बाद में इस बारे में बात की और कहा कि ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए।





## रणवीर नहीं, विजय की दीवानी हैं सारा


**मुंबई।** 'धुरंधर' में 20 साल की सारा अर्जुन ने इतनी कम उम्र में वो मुकाम हासिल किया, जिसे पाने में स्टार्स को सालों लग जाते हैं। 'धुरंधर' की सक्सेस के बाद सारा हर जगह सुर्खियों में बनी हुई हैं। लेकिन, आप जानकर हैरान होंगे कि जिस एक्टर के साथ पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री को इतना पसंद किया जा रहा है, वो ही उनका फेवरेट स्टार नहीं, बल्कि कोई और है। दरअसल, हाल ही में सारा अर्जुन 'यूफोरिया' फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचीं। जहां सारा ने अपनी मौजूदगी से हर किसी का ध्यान खींचा।




# राजकुमार ने किया बिटिया का नामकरण...

**मुंबई।** राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेबी गर्ल की पहली झलक फैंस को दिखाई है। साथ ही बेटी के नाम से भी पर्दा हटाया है। कपल ने 15 नवंबर, 2025 को बेटी का स्वागत किया था। रविवार को उन्होंने बेटी का नामकरण किया है। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक संयुक्त पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'हाथ जोड़कर और पूरे दिल से, हम अपने सबसे बड़े आशीर्वाद से आपको मिलवा रहे हैं'। आगे उन्होंने बेटी का नाम लिखा है, 'पार्वती पॉल राव'। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेटी की पहली झलक भी हालिया पोस्ट के जरिए दिखाई है। हालांकि, कपल ने बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर की है, जिसमें पत्रलेखा और राजकुमार राव ने अपने हाथों में नन्ही परी का हाथ थाम रखा है। उनके इस पोस्ट पर सोनाक्षी सिन्हा से लेकर भूमि पेडनेकर तमाम सेलेब्स ने रिएक्शन देते हुए बधाई दी है।





## अवतारः फायर एंड ऐश ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून ने साल 2009 में पहली बार 'अवतार' फिल्म बनाई थी। अब इसका तीसरा पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ।

इसने वर्ल्डवाइड 11,200 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म को अब आप घर बैठकर देख सकते हैं। हालांकि, ऑफिशियल ऐलान होना बाकी है। जेम्स कैमरून की साइंस-फिक्शन मूवी 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने ग्लोबली बॉक्स ऑफिस पर 11,200 करोड़ रुपए कमाई की। ये 19 दिसंबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी।




एक्स-शोरूम प्राइस ₹72,700~

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-showroom Price is inclusive of Exshowroom, Insurance & Registration charges. *T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), सॉंई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईजेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीपः सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदाः ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईजेज 9425436890, 7428492559, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइजेज़ 7000242371, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुरः गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिरालीः भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनीः गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाहः उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावरः नज्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाइल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवालीः श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111411177, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौराः विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुरः सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबटः धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवाः राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्राः श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौरः आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़ः रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़ः महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमलीः न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर, भोपालः रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, भिण्डः शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342

RS/Hero/01/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930